**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.6 | 14.9 |
| जमशेदपुर | 26.4 | 11.4 |
| डालटनगंज | 26.6 | 10.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * *




www.lagatar.in | मंगलवार, 12 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अमावस्या, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 234 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

**सुर्खियां**

**इंटरनेशनल**
- 370 पर कोर्ट के फैसले से तिलमिलाया पाकिस्तान
- रूस ने बैलेस्टिक मिसाइलों से कीव को निशाना बनाया
- एशिया खाद्य सुरक्षा के महामारी-पूर्व के स्तर से पीछे
- हनोई में भारत-वियतनाम का सैन्य अभ्यास शुरू

**नेशनल**
- राजस्थान में भाजपा विधायक दल की बैठक आज
- असम के मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात
- पुष्पा भारती को व्यास सम्मान दिए जाने की घोषणा
- 'एनिमल' ने वर्ल्ड वाइड 700 करोड़ से अधिक कमाए

**स्टेट**
- राज्यभर में 756 माइंस डीलर सस्पेंड, 3553 डिएक्टिवेट
- गोड्डा की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी निलंबित
- इंटर के बाद खुद का स्किल डेवलप कर सकेंगे छात्र
- 4.90 लाख स्कूली बच्चे-बच्चियों को मिली साइकिल

**स्पोर्ट्स**
- पिंक बॉल टेस्ट के लिए फैंस में बढ़ानी होगी दिलचस्पी
- आईपीएल ऑक्शन का काउंटडाउन हुआ शुरू
- हेहल में ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित
- भारत के सामने नीदरलैंड की टीम है कठिन चुनौती

## किसने क्या कहा

- जो कहते हैं कि धारा 370 स्थाई है, वे संविधान का अपमान कर रहे हैं : **अमित शाह**
- हेमंत ईडी दफ्तर जाएं, नहीं जाते हैं तो राज्यपाल बर्खास्त करें : **बाबूलाल मरांडी**
- राज्य सरकार सड़कों का कर रही है कायाकल्प : **-आलमगीर आलम**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,900 |
| चांदी (किलो) | 73,000 |

## ब्रीफ खबरें

### मतपत्रों के जरिए मतदान कराए भाजपा: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ईवीएम से मतदान कराये जाने पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि झूठे प्रचार के जरिए खुद को अव्वल बताने वाली सत्तारूढ़ भाजपा दुनिया के अव्वल देश की तरह बैलेट पेपर के जरिए वोट डलवाए. सिर्फ प्रचार, झूठ और भ्रष्टाचार पर भाजपा की नींव टिकी है. किसी कंपनी को आप पैसा दे दीजिए और कंपनी बताएगी कि आप दुनिया में नंबर वन हैं.

### ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करने का समय बढ़ा

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ने सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को यहां ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पूरी करने और उसे जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है. अदालत ने कहा कि इसके बाद एएसआई को और समय नहीं दिया जाएगा.

### छात्र शास्त्री के मूल्यों को अपनाएं: राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विद्यार्थियों से कहा कि वे इस विद्यापीठ के पहले बैच के छात्र रहे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन मूल्यों को अपनाएं और अपने आचरण में इस पर अमल करें.

### राज्य का दर्जा समाप्त करने का किया विरोध

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा खत्म करने के सरकार के कदम का विरोध करते हुए सोमवार को कहा कि वहां विधानसभा चुनाव जल्द करवाये जाने चाहिए और विस्थापित कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधियों को जम्मू कश्मीर विधानसभा में मनोनयन के लिए प्रावधान किया जाना चाहिए.

### प्याज की कीमत 40रु के नीचे आ जाएंगी

**नयी दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार को उम्मीद है कि जनवरी तक प्याज की कीमतें मौजूदा औसत कीमत 57.02 रुपये प्रति किलोग्राम से घट कर 40 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आ जाएंगी.

### आर्थिक वृद्धि दर 7.5 से 8 प्रतिशत रहेगी

**नयी दिल्ली।** उद्योग मंडल फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के नवनियुक्त अध्यक्ष अनीश शाह ने सोमवार को कहा कि मजबूत आर्थिक गतिविधियां, सकारात्मक धारणा और निजी निवेश बढ़ने के साथ उद्योग चालू वित्त वर्ष में 7.5 से आठ प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2024-25 में आठ प्रतिशत वृद्धि दर की उम्मीद कर रहा है.

**सुप्रीम फैसला**

### जम्मू कश्मीर को नहीं मिलेगा स्पेशल स्टेटस, धारा 370 हटाना वैध

# राज्य का दर्जा लौटाएं

एजेंसी। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा और राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किए जाने एवं 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है.

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने दशकों पुरानी बहस पर विराम लगाते हुए तीन अलग-अलग लेकिन सर्वसम्मति वाले फैसले दिए, जिनमें 1947 में भारत संघ में शामिल होने पर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली संवैधानिक व्यवस्था को रद्द करने के फैसले को बरकरार रखा गया. चीफ जस्टिस ने अपने और न्यायमूर्ति बीआर गवई व सूर्यकांत की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थाई प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है.

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सॉलिसिटर जनरल के इस बयान का जिक्र किया कि केंद्र शासित लद्दाख के गठन को छोड़ कर, जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा. कहा, इसके मद्देनजर हमें यह तय करना जरूरी नहीं लगता कि जम्मू-कश्मीर का दो केंद्र शासित प्रदेशों-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में पुनर्गठन अनुच्छेद तीन के तहत स्वीकार्य है या नहीं. उन्होंने कहा, हम स्पष्टीकरण एक के साथ अनुच्छेद तीन (ए) को पढ़े जाने के मद्देनजर लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के निर्णय की वैधता को बरकरार रखते हैं, जो किसी भी राज्य से एक क्षेत्र को अलग करके केंद्र शासित प्रदेश बनाने की अनुमति देता है.



### ऐतिहासिक फैसला : पीएम मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी सरकार के फैसले को बरकरार रखने के न्यायालय के निर्णय को ''ऐतिहासिक'' करार दिया और कहा कि यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की शानदार घोषणा है.

### दो जजों ने अलग-अलग फैसले लिखे

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने इस मामले पर अलग-अलग, किंतु सर्वसम्मत फैसले लिखे. शीर्ष अदालत ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अलग करने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखा. न्यायमूर्ति कौल ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर को धीरे-धीरे अन्य भारतीय राज्यों के बराबर लाना था. न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने अलग फैसले में चीफ जस्टिस एवं न्यायमूर्ति कौल से सहमति जताई और निष्कर्ष के लिए स्वयं के कारण बताए.

### 30 सितंबर 2024 तक कराएं चुनाव

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा जितने जल्दी हो सके दिया जाए और वहां पर चुनाव कराए जाए. जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर 2024 तक चुनाव हों. जल्द से जल्द स्टेटहुड वापस किया जाए. लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है. कोर्ट ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि भारत का निर्वाचन आयोग 30 सितंबर, 2024 तक पुनर्गठन अधिनियम की धारा 14 के तहत गठित जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने के लिए कदम उठाए. राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाए.

### अन्य राज्यों से अलग आंतरिक संप्रभुता नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जम्मू-कश्मीर के पास देश के अन्य राज्यों से अलग आंतरिक संप्रभुता नहीं है. 370 को हटाने का अधिकार जम्मू-कश्मीर के एकीकरण के लिए है. जब राष्ट्रपति शासन लागू होता है, तब राज्यों में संघ की शक्तियों पर सीमाएं होती हैं. इसकी उद्घोषणा के तहत राज्य की ओर से केंद्र द्वारा लिया गया हर निर्णय कानूनी चुनौती के अधीन नहीं हो सकता. इससे अराजकता फैल सकती है.

### अनुच्छेद 370 एक अस्थाई शक्ति

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति के पास संविधान सभा की सिफारिश के बिना भी अनुच्छेद 370(3) को रद्द करने की घोषणा करने वाली अधिसूचना जारी करने का अधिकार है. राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 370(1) के तहत अपनी शक्ति का निरंतर इस्तेमाल इंगित करता है कि संवैधानिक एकीकरण की क्रमिक प्रक्रिया जारी थी. उन्होंने कहा कि विलय पत्र के क्रियान्वयन और 25 नवंबर, 1949 की वह उद्घोषणा जारी होने के बाद, जिसके जरिए भारत के संविधान को अपनाया गया था, पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य की संप्रभुता का कोई तत्व बरकरार नहीं रहा. न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, अनुच्छेद 370 विषम संघवाद की विशेषता थी, न कि संप्रभुता की. उन्होंने कहा, राष्ट्रपति अनुच्छेद 370(3) के तहत शक्ति का इस्तेमाल करते हुए एकतरफा अधिसूचना जारी कर सकते हैं कि अनुच्छेद 370 का अस्तित्व समाप्त हो गया है.

## धीरज साहू के खिलाफ दिल्ली में भाजपा का प्रदर्शन



कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से आईटी रेड में जब्त करोड़ों रुपये नकद को लेकर सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान भाजपा ने नई दिल्ली में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया. इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और वरिष्ठ सांसदगण शामिल थे. सभी तख्तियां लेकर धीरज साहू मामले में राहुल गांधी जवाब दो...कांग्रेस पार्टी जवाब दो... जैसे नारे लगा रहे थे.

## आदिवासियों के धर्मांतरण का मुद्दा राज्य का विषय

**नयी दिल्ली।** झारखंड में आदिवासियों के धर्मांतरण के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि यह राज्यों का विषय है और राज्य को इसका ध्यान रखना चाहिए कि जनजातीय समुदायों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें. जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने लोकसभा में भाजपा के सांसद संजय सेठ के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही. संजय सेठ ने पूछा था कि क्या सरकार का ध्यान आदिवासियों के धर्मांतरण पर है. जवाब में मुंडा ने कहा, वैसे तो यह विषय राज्य का है और राज्य को इनका ध्यान रखना चाहिए कि जनजातीयों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें. सदस्य ने जो विषय उठाया है, वैसी शिकायतें कुछ राज्यों से आती हैं कि वहां इन बातों का ध्यान नहीं रखा जाता. मुंडा ने कहा कि केंद्र की ओर से जनजातीय संस्थानों और राज्यों का ध्यान इस ओर दिलाया जाता है कि वे आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा को बनाये रखने के लिए संवेदनशील रहकर काम करें.

- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने लोस में बताया

## सुप्रीम कोर्ट पहुंची महुआ निष्कासन को दी चुनौती

**नयी दिल्ली।** टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और लोकसभा से निष्कासन को चुनौती दी. लोकसभा की आचार समिति ने उस रिपोर्ट को मान लिया, जिसमें मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में अनैतिक आचरण का जिम्मेदार माना गया था. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 8 दिसंबर को लोकसभा में मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने मंजूरी दे दी. अपने निष्कासन पर प्रतिक्रिया देते हुए मोइत्रा ने इस फैसले की तुलना कंगारू अदालत द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को, विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है. इससे पहले, आचार समिति के अध्यक्ष ने मोइत्रा के खिलाफ निशिकांत दुबे द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत पर समिति की पहली रिपोर्ट सदन में पेश की थी. सीबीआई मामले में पहले ही प्रारंभिक प्राथमिकी दर्ज कर चुका है.

- निशिकांत की शिकायत पर चली गई सांसदी


### विपक्ष ने सरप्लस बजट का पैसा 20 साल में डकार लिया : सीएम

# सरकार को कोसना ही इनका काम

विशेष संवाददाता। बोकारो

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बोकारो पहुंचे. इस दौरान सीएम ने योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया और परिसंपत्ति का वितरण किया. सीएम ने 4923.29 लाख की 15 योजनाओं का उद्घाटन, 11, 898.59 लाख की 193 योजनाओं का शिलान्यास किया. 18, 502 लाभुकों के बीच 32156.79 लाख की परिसंपत्तियां का वितरण हुआ. सीएम ने 17 अनुकंपा पर एवं डीएमएफटी के तहत 72 पारा मेडिकल स्टॉफ को नियुक्ति पत्र सौंपा.

उन्होंने भाजपा का नाम लिए बगैर जम कर निशाना साधा. कहा, इनकी पंचायत में शिविर लगा है. लेकिन ये आएंगे नहीं, बल्कि दूर से गुमराह करने की कोशिश करेंगे. इन्हें सिर्फ कहना है- सरकार ने कुछ नहीं किया. अगर मैं गिनवाने पर आ जाऊं, तो ये लोग नोट भी नहीं कर पाएंगे. जब राज्य अलग हुआ, तो सरप्लस बजट पेश होता था. -शेष पेज 13 पर



**खास बातें**

- 4923.29 लाख की 15 योजनाओं का उद्घाटन
- 11, 898.59 लाख की 193 योजनाओं का शिलान्यास
- 18, 502 के बीच 32156 .79 लाख की परिसंपतियों का वितरण

### सरकार एसी में बैठ कर दिल्ली-रांची से नहीं चलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना लेकर आपका अधिकार लेकर पिछले 3 साल से गांव, टोला में सरकार घूम रही है. हमने सरकार बनने से पहले भी आपसे वादा किया था कि यह सरकार दिल्ली रांची और एयरकंडीशन कमरे में बैठ कर नहीं चलेगी. बल्कि गांव-गांव को लोगों के बीच पहुंच कर काम करेगी. हमलोग आपके गांव दरवाजे पर पहुंच कर योजना की गठरी लेकर पहुंचे हैं. पहले शिविर में 35 लाख, दूसरे में 55 लाख आवेदन मिले. इस चरण में देखना है कि कितने आवेदन आते हैं. पिछली सरकार ने कोई काम नहीं किया. अधिकारी आपकी नहीं उनकी सेवा में लगे थे. लेकिन जैसे ही हमारी सरकार आई, हमने ब्लॉक में बैठने वाले अधिकारियों को आपकी योजना की गठरी थमा कर आपके द्वार पर भेज दिया. हमने सूचीबद्ध करने काम करना शुरू किया. हम सबसे पहले पेंशन योजना लेकर आए और सबको पेंशन दिया. हमने 20 लाख किसानों को केसीसी कार्ड से जोड़ा.

# धीरज के ठिकानों पर छठे दिन भी छापेमारी

सौरभ सिंह। रांची

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर छठे दिन सोमवार को भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी रही. सोमवार को आईटी की टीम ने ओडिशा के बालांगीर स्थित सूदपाड़ा में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लि. कंपनी के परिसर में छापेमारी कागजात खंगाले.

वहीं दूसरी ओर आईटी की छापेमारी के दौरान बरामद रुपये एसबीआई की बालांगीर शाखा में जमा कराये गए हैं. आयकर विभाग ने 6 दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर 30 अलमीरा में रखे गए रुपये बरामद किये थे. उस दिन से अब तक अन्नोय ठिकानों से भी मिले नोटों की गिनती जारी रही. अब तक की गिनती में आंकड़ा 500 करोड़ से पार कर गया है. हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गयी है.

**मिले दस्तावेजों की भी हो रही जांच :** आयकर विभाग की टीम सांसद धीरज साहू सहित उनकी विभिन्न कंपनियों से बरामद नकद रुपयों की गिनती तो कर ही रही है, उनके ठिकानों से बरामद चल-अचल संपत्ति के कागजात की भी पड़ताल कर रही है. -शेष पेज 13 पर

**खास बातें**

- बरामद नोटों के बारे में पता लगा रही है आईटी की टीम
- बैंक खातों में जाम पैसों की भी जानकारी जुटा रही है टीम

## जमशेदपुर में 10 करोड़ की जीएसटी हेराफेरी में विक्की भलोटिया गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर

जुगसलाई के लोहा कारोबारी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भलोटिया को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआइ) की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया.

एमजीएम अस्पताल में मेडिकल कराया गया. फिर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. यह गिरफ्तारी डीजीजीआइ, पटना यूनिट के अतिरिक्त महानिदेशक अजाजुद्दीन के निर्देश पर जमशेदपुर यूनिट की टीम ने की. भलोटिया पर जीएसटी फ्रॉड का आरोप है. उसने ने



कई नकली फर्म बना कर 9.52 करोड़ का गलत जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट का इस्तेमाल कर सरकारी खजाने को चपत लगाई. दिसंबर 2020 में 60 लाख के स्पंज आयरन गबन के मामले में बंगाल की सीआइडी ने विक्की को उसके आवास से गिरफ्तार किया था. -शेष पेज 13 पर


**चिंताजनक** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की सर्वे रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# झारखंड में राष्ट्रीय औसत से अधिक मानसिक रोगी

रवि भारती। रांची

झारखंड के लोगों में मानसिक बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं. झारखंड में राष्ट्रीय औसत से अधिक लोग मानसिक बीमारी से ग्रसित हैं. मानसिक बीमारी के मामले में राष्ट्रीय औसत 10.6 फीसदी है, जबकि झारखंड में 11.1 फीसदी है. प्रति एक लाख की आबादी पर लगभग 4000 लोग टेंशन से ग्रसित हैं. मानसिक अवसाद से प्रति लाख आबादी में 3000 लोग ग्रसित हैं. इसका खुलासा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सर्वेक्षण में हुआ है.

**4000** लोग टेंशन में जीते हैं प्रति लाख आबादी में | **1.60** लाख लोग शराब पर हैं निर्भर



प्रति 01 लाख की आबादी पर लगभग 4000 लोग टेंशन से ग्रसित हैं

### बौद्धिक विकलांगता प्रति लाख में है 5000

झारखंड में बौद्धिक विकलांगता प्रति लाख की आबादी में 5000 है. वहीं शराब पर 1.60 लाख निर्भर हैं. 1.09 फीसदी लोगों की निर्भरता ओपिओइड पर है.

### एक लाख की आबादी पर एक मनोचिकित्सक भी नहीं

झारखंड में एक लाख की आबादी पर एक मनोचिकित्सक भी नहीं है. राज्य में सिर्फ 90 मनोचिकित्सक हैं. जिससे राज्य के लोगों को मनोचिकित्सकीय सलाह समय पर नहीं मिल पाती है. हालांकि राज्य सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए 2.15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है. वहीं प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सकों को मनोचिकित्सा का प्रशिक्षण देने के लिए सीआइपी के साथ समझौता हुआ है.

### राज्य में हैं तीन मानसिक अस्पताल

झारखंड में सिर्फ तीन मानसिक अस्पताल हैं. जो अलग-अलग अधिकार क्षेत्र में चलते हैं. सामुदायिक देखभाल मॉडल अब तक प्रारंभिक अवस्था में है. जबकि राज्य-सहायता प्राप्त और केंद्र सरकार-सहायता प्राप्त अस्पताल दोनों अपने सामुदायिक विस्तार क्लीनिक चलाते हैं, उन्हें मानसिक अस्पताल के बुनियादी ढांचे के भीतर पर्याप्त रूप से एकीकृत नहीं किया जा सका है. उपचार के लिए पर्याप्त प्राथमिक और जिला-स्तरीय समर्थन की कमी अनावश्यक मानसिक अस्पताल में प्रवेश से बचने में एक बाधा बनी हुई है.

# मोहन यादव एमपी के नये सीएम, दो डिप्टी सीएम बने

एजेंसी। भोपाल

एमपी के नए सीएम मोहन यादव होंगे. उनके नाम का ऐलान सोमवार को विधायक दल की बैठक के बाद किया गया. मोहन यादव एमपी की उज्जैन दक्षिण विस से विधायक हैं और शिवराज सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री भी थे. 59 साल के मोहन यादव के नाम का प्रस्ताव भाजपा विधायक दल की बैठक में शिवराज सिंह ने रखा. फिर यादव के नाम का ऐलान नये सीएम के तौर पर किया गया. केंद्रीय पर्यवेक्षक हरियाणा के सीएम मनोहर खट्टर और भाजपा की वरिष्ठ नेत्री आशा लकड़ा ने सीएम के नाम की घोषणा की. शिवराज सिंह ने नये सीएम का ऐलान होने के बाद सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है. यादव तीसरी बार के विधायक हैं, वो सबसे



पहले 2013 फिर साल 2018 और 2023 में विधायक बने. मोहन यादव को संघ व पीएम मोदी व अमित शाह का खास माना जाता है. इसके साथ ही एमपी में दो डिप्टी सीएम भी होंगे. शिवराज सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा को नया डिप्टी सीएम बनाया गया है. वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर विधानसभा के नये स्पीकर होंगे.

▼ ब्रीफ खबरें

## जिला समाज कल्याण पदाधिकारी निलंबित

**रांची।** सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में अनियमितता बरतने के आरोप में गोड्डा की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीशा कुजूर पर गाज गिर गयी है. राज्य सरकार ने अनीशा कुजूर को निलंबित कर दिया है. इस संबंध में महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है. निलंबन की अवधि में आनीशा कुजूर का मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय दुमका रहेगा. बताते चलें कि बालिकाओं द्वारा सीएम से शिकायत की गई थी कि उन्हें योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है.

## जमशेदपुर उपायुक्त से कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को जमशेदपुर स्थित साकची ठाकुर बाड़ी के आस-पास और मंदिर परिसर में अवैध अतिक्रमण को हटाने को मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई. न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की बेंच ने जमशेदपुर डीसी को चार सप्ताह में रिपोर्ट जमा करने को कहा है. प्रार्थी वीजेंद्र शर्मा ने अपनी याचिका में कहा है कि मंदिर कमेटी मंदिर परिसर में अतिक्रमण करवा रही है, जो अनुचित है. उनकी ओर से कोलकाता हाईकोर्ट के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव और विकास कुमार ने बहस की.

## कश्मीर का भी होगा निरंतर विकास : प्रतुल

**रांची।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला दिया है. जज जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच जजों की बेंच ने सरकार के अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को सही करार दिया और इसे बरकरार रखने का फैसला लिया. सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने स्वागत किया है. प्रतुल ने कहा कि हमारा मानना है इस निर्णय के बाद से जम्मू कश्मीर, लद्दाख सभी क्षेत्रों का समान रूप से विकास होता रहेगा. 370 के कारण समाज का एक बड़ा वर्ग मुख्य धारा से कटा था.

## योजना क्लोज करने को कह रहा विभाग

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लंबित आवासों को पूरा करने का विभाग पर केन्द्र सरकार का दबाव है. विगत दो सालों से केंद्र से नई आवास योजना स्वीकृत नहीं हो पा रही है. केंद्र का कहना है कि पहले लंबित योजना को पूरा करें. लंबित आवासों को पूरा करने के लिए विभाग ने ढूंढ़ा तरीका लंबित आवासों को पूरा करने के लिए विभाग ने नया तरीका ढूंढ़ा है. वैसे आवास जिनका काम लिंटर है, उनमें एसबेस्टस शीट डालकर पूरा कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया जा रहा है. सभी जिलों को आवास सॉफ्टवेयर में योजना क्लोज करने को भी कहा गया है.

## इंस्पेक्टर से डीएसपी प्रोन्नति पर हुई बैठक

**रांची।** इंस्पेक्टर से डीएसपी प्रोन्नति मामले में सोमवार को जेपीएससी बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें डीएसपी के 93 पदों के लिए भेजी गई पुलिस इंस्पेक्टर के 186 नामों की सूची पर विचार किया गया. जानकारी के मुताबिक 89 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति देने निर्णय लिया गया है. गौरतलब है कि जेपीएससी में इंस्पेक्टर से डीएसपी रैंक में प्रोन्नति देने के लिए भेजी गई सूची पर पहले सात नवंबर को ही बैठक प्रस्तावित थी. इसी बीच 31 अक्टूबर को कोर्ट ने प्रोन्नति पर रोक लगा दी थी.

### झारखंड में कार्यरत हैं 5224 माइंस डीलर

# राज्यभर में 756 माइंस डीलर सस्पेंड, 3553 डिएक्टिवेट

**रवि भारती।रांची**

राज्य सरकार के खान विभाग ने 756 माइंस डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है. वहीं 3553 माइंस डीलर डिएक्टिव हैं. राज्य भर में कुल 5224 डीलर काम कर रहें हैं. खान विभाग के आंकड़ों के अनुसार हजारीबाग रीजन में (चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और रामगढ़) में सबसे अधिक 365 माइंस डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है.

**दो साल में 9 करोड़ मीट्रिक टन निकाला गया पत्थर :** पिछले दो साल में राज्य की खदानों में से 9 करोड़ मीट्रिक टन पत्थर निकाला गया. इसमें 60 फीसदी बोल्डर, 35 फीसदी चिप्स, पांच फीसदी डस्ट और 20 फीसदी अन्य चीजें होती हैं. बताते चलें कि सरकार को बोल्डर पर 95 रुपए प्रति एमटी, चिप्स पर 175 रुपए प्रति एमटी और स्टोन डस्ट पर 18 रुपए प्रति मीट्रिक टन रॉयल्टी मिलती है.

**खनिज ढुलाई के लिए दो लाख वाहन निबंधित :** राज्य में खनिजों की ढुलाई के लिए दो लाख वाहन निबंधित हैं. इसके लिए राज्य भर में 745 वे ब्रिज बनाये गये हैं. 818 से अधिक ट्रांसपोर्टरों को खान विभाग से जोड़ा गया है. पाकुड़ में 24.68 लाख,साहिबगंज में 27.80 लाख, देवघर में 7.67 लाख और गोड्डा में 3.58 लाख चालान जारी किया गया है.



खनिज ढुलाई के लिए दो लाख वाहन हैं निबंधित

### किस क्षेत्र में किस खदान में कितना निकलता है खनिज

| खनिज | लगभग टन भार (प्रति वर्ष) |
|---|---|
| झरिया कोयला क्षेत्र | 40 मिलियन टन |
| बोकारो कोयला खदान | 15 मिलियन टन |
| नोआमुंडी लौह अयस्क खदान | 100 लाख टन |
| कोडरमा अभ्रक खदान | 8000 टन |
| घाटशिला तांबे की खान | 3500 टन |
| चाईबासा बॉक्साइट खदान | 2500 टन |
| गिरिडीह एपेटाइट खदान | 1,500 टन |

### किस रिजन में कितने माइंस डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड

**पलामू रीजन**

| जिला | कितने डीलर | कितने हुए सस्पेंड |
|---|---|---|
| गढ़वा | 43 | 15 |
| लातेहार | 1030 | 25 |
| पलामू | 150 | 53 |

**रांची रीजन**

| जिला | कितने डीलर | कितने हुए सस्पेंड |
|---|---|---|
| गुमला | 51 | 05 |
| खूंटी | 18 | 05 |
| लोहरदगा | 62 | 05 |
| रांची | 557 | 05 |
| सिमडेगा | 11 | 00 |

**धनबाद रीजन**

| जिला | कितने डीलर | कितने हुए सस्पेंड |
|---|---|---|
| बोकारो | 550 | 13 |
| धनबाद | 1177 | 28 |
| गिरिडीह | 231 | 07 |

**दुमका रीजन**

| जिला | कितने डीलर | कितने हुए सस्पेंड |
|---|---|---|
| देवघर | 253 | 04 |
| दुमका | 174 | 00 |
| गोड्डा | 92 | 00 |
| जामताड़ा | 52 | 03 |
| पाकुड़ | 219 | 64 |
| साहेबगंज | 515 | 65 |

**हजारीबाग रीजन**

| जिला | कितने डीलर | कितने हुए सस्पेंड |
|---|---|---|
| चतरा | 581 | 253 |
| हजारीबाग | 329 | 42 |
| कोडरमा | 258 | 21 |
| रामगढ़ | 2076 | 50 |

**कोल्हान रीजन**

| जिला | कितने डीलर | कितने हुए सस्पेंड |
|---|---|---|
| चाईबासा | 161 | 11 |
| जमशेदपुर | 94 | 03 |
| सरायकेला | 94 | 30 |

**खनिज आपूर्ति के लिए दूसरे राज्यों की 1700 प्रोसेसिंग यूनिट को लाइसेंस**

झारखंड से बाहर के राज्यों को खनिज आपूर्ति करने के लिए 17 सौ से अधिक प्रोसेसिंग यूनिट को लाइसेंस मिला है. राज्य की जरूरतें पूरा करने के लिए सिर्फ 341 क्रशर और प्रोसेसिंग यूनिट कार्यरत हैं.

## रिमांड अवधि खत्म होने के बाद अमित अग्रवाल की कोर्ट में हुई पेशी




**रांची।** पीआईएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश के लेन-देन के अभियुक्त कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को रिमांड अवधि खत्म होने के बाद रांची सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया. अदालत के समक्ष सशरीर पेशी के बाद अमित अग्रवाल को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया. दरअसल पीआईएल मैनेज करने से जुड़े केस की जांच ईडी कर रही है. ईडी ने जो केस दर्ज किया है, उसमें हाईकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार भी आरोपी हैं. उन्हें कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था.

## ईडी के गवाह से सिंघल के वकीलों ने किए सवाल

**रांची।** मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के महत्वपूर्ण गवाह का बचाव पक्ष की ओर से क्रॉस एग्जामिनेशन किया गया. सोमवार को इस केस की प्रमुख अभियुक्त पूजा सिंघल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने ईडी के गवाह अभयनंद अंबष्ठ से सवाल किए. बचाव पक्ष के वकीलों का ईडी के गवाह ने एक-एक कर जवाब दिया. जिसके बाद अब इस केस के अन्य अभियुक्तों सुमन कुमार और निलंबित जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिंह की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा. सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल और राम विनोद सिन्हा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के मध्यम से उपस्थित रहे. वहीं पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार भी कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहे.

## आपकी बात

झारखंड की क्षेत्रीय एवं जनजातीय कला संस्कृति भाषा एवं साहित्य की समृद्धि के लिए कार्य कर रहे हैं



**नाम : डॉ. कृष्णा गोप**
**पद :** संस्थापक अध्यक्ष, खोरठा डहर
**जन्मस्थल :** हेसालौंग, हजारीबाग
**कार्यक्षेत्र :** संपूर्ण झारखंड

डॉ कृष्णा गोप, शिक्षण कार्य के साथ-साथ शोधकार्य, साहित्य लेखन,झारखंड की कला संस्कृति एवं भाषा के संरक्षण हेतु लगातार कार्य कर युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं. इनका जन्म हजारीबाग जिले के हेसालौंग, डाड़ी में एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार में हुआ है. प्रारंभिक शिक्षा गांव के बाल विकास विद्यालय से हुई. मनोविज्ञान से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने बाद 'अच्छे स्वास्थ्य के मनोवैज्ञानिक सहसंबंध पर' शोधकार्य कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की. वर्ष 2020 में बतौर सह प्रिंसिपल इंवेस्टिगेटर डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान, रांची अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट में जनजातीय समुदाय के बच्चों से संबंधित शोध कार्य से जुड़े रहे हैं. डॉ. गोप राज्य व देश के विभिन्न शोध संस्थानों में दर्जनों राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में शोध पत्र प्रस्तुत कर उसका प्रकाशन कर चुके हैं. वर्ष 2022 में लॉकडाउन के दौरान उनके प्रकाशित आलेख 'सांवेगिक क्षमताओं पर तनाव की भूमिका' काफी चर्चित रही. डॉ. गोप वर्ष 2021 में अमेरिकन मनोवैज्ञानिक संघ, वाशिंगटन के सदस्य बने. कई सामाजिक संगठनों जैसे झारखंड राज्य साहित्य अकादमी संघर्ष समिति के राज्य कार्यकारणी सदस्य के साथ-साथ डिजिटल पत्रिकाओं में 'खोरठा टाइम्स' व 'खोरठा दर्पण' में संरक्षक मंडल के सदस्य हैं. अपने गांव में वर्ष 2004 में युवा कवि डॉ. लालदीप द्वारा स्थापित जनकथाकार पुस्तकालय के वर्ष 2008 से सचिव हैं. डॉ. कृष्णा गोप पुस्तकालय के माध्यम से गांव व आसपास के छात्र-छात्राओं को मैट्रिक परीक्षा के पूर्व निःशुल्क जांच परीक्षा आयोजित करते हैं. साथ ही मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद बच्चों की कैरियर कॉउंसलिंग का काम भी कर रहे हैं. झारखंड की क्षेत्रीय एवं जनजातीय कला संस्कृति भाषा एवं साहित्य की समृद्धि के लिए 'खोरठा डहर' की स्थापना की और इसके संस्थापक अध्यक्ष होने के नाते लगातार इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं. पत्र-पत्रिकाओं में पहली बार खोरठा कविता 'बोनेक दरद' प्रकाशित हुई. उनकी पुस्तक 'झारखंड में भाषा का सवाल' वर्ष 2022 में प्रकाशित हुई. झारखंडी अस्मिता में लोकपर्व पर आधारित आलेखों में 'खोरठा लोकगीतों में गुंजित है झारखंड में साहित्य, संगीत नाट्य एवं ललित कला अकादमी निर्माण की जरूरी पहल' आलेख से उन्होंने समाज का ध्यान आकृष्ट कराया. डॉ. गोप को कई अवॉर्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है.

# हेमंत ईडी कार्यालय जाएं, नहीं जाते हैं तो राज्यपाल उन्हें बर्खास्त करें : बाबूलाल

**विशेष संवाददाता।रांची**

पूर्व सीएम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मुख्यमंत्री को छठे समन के बाद उन्हें बिना देर किए ईडी कार्यालय जाना चाहिए. अगर वे नहीं जाते हैं और कानून का पालन नहीं करते हैं तो राज्यपाल उन्हें बर्खास्त करने का काम करें. यह बातें मरांडी ने अब पानी सिर के ऊपर बहने लगा है. इसलिए मुख्यमंत्री को सलाह है कि वे बिना देर किए ईडी द्वारा जारी छठे समन का सम्मान करें और बिना देर किए ईडी के सवालों का जवाब देने जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि राज्य का मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं करेगा तो फिर आम आदमी से इस संबंध में उम्मीद नही की जा सकती. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार बार मीडिया के सामने अपने को बेदाग बताते हैं,तो फिर इस भ्रम को दूर करने का उनको ईडी बार-बार अवसर दे रही.उन्हें ईडी कार्यालय में जाकर अपना पक्ष विस्तार से रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि जो कानून को हाथ में लेता है ,उसे ठेंगा दिखाता है उसके साथ वैसा ही व्यवहार होना चाहिए. उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं करते तो सख्त कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए.



## मोदी सरकार के दृढ़ निश्चय पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 एवम 35 ए के संबध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय का स्वागत किया. देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति पर उच्चतम न्यायालय ने मुहर लगाई है. उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने धारा 370 को हटाने के निर्णय,उसकी प्रक्रिया और उद्देश्य को पूर्ण रूप से सही ठहराया है.

## नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी पीएम से मिले



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले. यह शिष्टाचार मुलाकात थी. इस मौके पर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया. कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी गयी, उसमें वे खरा उतरने का काम करेंगे. बतातें चलें कि नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद यह उनकी प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात है.

## सात मंत्री देंगे सीएम के विभागों से जुड़े सवालों के जवाब

**रांची।** विस के शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के विभागों से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, आदि सभी प्रकार के विधायी सूचनाओं के उत्तर देने के लिए सात कैबिनेट मंत्रियों को प्राधिकृत किया है जो उनके विभागों से संबंधित प्रश्नों का जवाब सदन में देंगे. आलमगीर आलमः गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रिमंडल निर्वाचन, कार्मिक विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, विधि विभाग, चंपई सोरेनः वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जोबा मांझीः राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, बादलः खान एवं भूतत्व विभाग, पथ, भवन निर्माण के जुड़े सवालों का जवाब देंगे.

# अमीषा पटेल पर कोर्ट ने फिर लगाया एक हजार का जुर्माना

**रांची ।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार की सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल की ओर से इस केस के शिकायतकर्ता के गवाह अजय कुमार का क्रॉस एग्जामिन किया जाना था, लेकिन अमीषा पटेल की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन नहीं किया गया. जिसके बाद कोर्ट ने एक बार फिर अमीषा पटेल पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है. रांची सिविल कोर्ट के जेएमएफसी (ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास) दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत अब इस मामले में इसी सप्ताह के अंत में सुनवाई कर सकती है. बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है. यह मामला वर्ष 2017 का है. आरोपों के मुताबिक, फिल्म देशी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये.

CLASSIFIED





























### राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ सीईओ ने की बैठक

# त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने की पहल

**संवाददाता।रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभागीय स्तर से किये जा रहे प्रयासों के बारे में फीडबैक लिया, साथ ही इस अभियान में आगे भी उनके सहयोग की अपेक्षा की.

उन्होंने सभी से अपील की कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की दिशा में चुनाव आयोग पूरी गंभीरता से काम कर रहा है, आस कार्आय में सभी आम और खास के सहयोग का आपील किया. उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से छूटने न पाए, इसको लेकर सभी राजनीतिक दलों को भी अपने-अपने स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आयोग की मदद करनी चाहिए.



के. रवि कुमार ने बैठक में दिए दिशा-निर्देश.

इस पर सभी दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही गतिविधियों से पूरी तरह से संतुष्ट हैं, फिलहाल उन्हें कोई शिकायत नहीं है. बैठक में कुछ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव भी दिए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिया गया. इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील आदि मौजूद थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | मंगलवार, 12 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अमावस्या, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 234 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### अमन सिंह हत्याकांड में सिपाही का बयान दर्ज



**धनबाद** । जेल में बंद यूपी के कुख्यात शूटर अमन सिंह की हत्या मामले में न्यायिक जांच तेज हो गई है. इस वारदात में सोमवार को धनबाद के प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत में घटना के दिन जेल में तैनात सिपाही का बयान दर्ज किया गया.

### चिन्मय की शिवांगी क्लैट में हुई सफल

**बोकारो** । चिन्मय विद्यालय बोकारो की मेधावी छात्रा शिवांगी राज वर्मा ने देश भर में लॉ यूनिवर्सिटीज में दाखिले के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) में 374वां रैंक प्राप्त कर विद्यालय, बोकारो शहर और राज्य का नाम रौशन किया है. शिवांगी राज वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता श्वेता कुमारी एवं प्रदीप कुमार के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन, चिन्मय विद्यालय के अच्छे वातावरण के साथ साथ अपनी कड़ी मेहनत, लगन और एकाग्रता को दिया है.

### बच्ची से रेप के आरोपी को 12 साल की कैद

**धनबाद**। नाबालिग से रेप के दोषी वीरेंद्र मरांडी को पॉक्सो के विशेष जज प्रभाकर सिंह की कोर्ट ने 12 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है. 8 दिसंबर को कोर्ट ने वीरेंद्र को दोषी करार दिया और सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए आज की तारीख तय की थी. वीरेंद्र ने 2022 दिसंबर बच्ची के साथ रेप किया व धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो जान मार देंगे. पीड़िता ने अपने घर वालो को जानकारी दी, जिसके बाद टुंडी थाने में केस दर्ज हुआ. जांच के बाद पुलिस ने मार्च 2023 में आरोप पत्र दायर किया. अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया.

### लीडरशिप प्रोग्राम में कई देशों के लोग

**रांची**। रांची के पुरुलिया रोड स्थित मनरेसा हाउस में चार दिवसीय लीडरशिप प्रोग्राम का दूसरा सत्र 11 से 15 दिसंबर तक चलाया जाएगा. इस लीडरशिप प्रोग्राम में लेबनान, स्पेन, साउथ एशिया, रोम आदि देशों के विशेषज्ञ आए हैं. इस प्रोग्राम में कुल 41 सहभागी शामिल हुए हैं. कार्यक्रम की अगवाई फादर अजीत कुमार खेस द्वारा की जा रही है.

### आंगनबाड़ी में बच्चों को मिले गर्म कपड़े

**कसमार** । कसमार प्रखंड अंतर्गत पोंडा पंचायत के धधकिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया. मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया हारु रजवार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि ठंड को देखते हुए बच्चों को स्वेटर समेत अन्य गर्म कपड़े पहनाकर ही आंगनबाड़ी केंद्र भेजे, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े. इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ली.




अमन सिंह की हत्या करने के लिए जेल वार्ड से बाहर निकलता गांधी और विकास बजरंगी. हत्या करने के बाद जेल की बाउंड्री से बाहर पिस्टल फेंकता गांधी और उसकी निगरानी करता विकास बजरंगी.

### अमन सिंह के शूटर ने कबूला, स्वीकारोक्ति बयान कोर्ट में दाखिल, रितेश ने इकबालिया बयान में लिया है गांधी व विकास बजरंगी का नाम

# आशीष ने भेजा, विकास ने दी पिस्टल और अमन का काम तमाम

संवाददाता। धनबाद

### आशीष के साथ नेपाल में कुछ दिन रहने के बाद एक लाख लेकर यूपी लौटा था रितेश

नीरज सिंह हत्याकांड के शूटर अमन सिंह की हत्या का खुलासा पकड़े गए शूटर रितेश यादव ने कर दिया है. पुलिस को दी गई स्वीकारोक्ति बयान में उसने खुलासा किया है कि आशीष रंजन उर्फ छोटू ने उसे वारदात को अंजाम देने के लिए एक लाख रुपये नेपाल में दिए थे. इसके बाद वो यूपी लौटा और धनबाद जेल पहुंच कर उसने अमन को गोलियों से छलनी कर दिया. वारदात में विकास बजरंगी और सतीश उर्फ गांधी ने उसका सहयोग किया. विकास ने उसे दो पिस्टल दी थी, जबकि गांधी ने वारदात के बाद दोनों पिस्टल को जेल से बाहर फेंका था. अब इस वारदात में पुलिस आशीष उर्फ छोटू, विकास बजरंगी और सतीश गांधी को इस मुकदमे में नामजद कर रही है.

### गोली चला कर बाथरूम में छिप गया था रितेश, फेंक दी पिस्तौल

अमन को गोली मारने के बाद भागने के दौरान गोली की आवाज सुन कर बहुत लोग आ रहे थे, तो वह हाथ में पिस्टल लहराते हुए वार्ड - 3 के बाथरूम में जाकर छुप गया. दोनों पिस्टल वहीं रख दिया. वह डर से बाथरूम में छिपा रह गया कि बाहर सायरन और लोगों के हल्ला की आवाज आ रहा थी. बाथरूम में बहुत लोग घुस रहे थे। थोड़ी देर के बाद में बाथरूम से बाहर निकल कर वार्ड के एक बेड पर लेट गया. थोड़ी देर में पुलिस वर्दी में आये लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसे जेल गेट वाले रूम में ले जाकर रखा गया .जहां लोगों की बातचीत से पता चला कि अमन सिंह मर गया है.

### सूरत में बाइक मैकेनिक का काम कर चुका है शूटर रितेश

रितेश ने बताया कि उसके पिता सूरत में ड्राइवर का काम करते हैं. जबकि मां घर का काम करती है, भाई अभी बेरोजगार है. खेती-बाड़ी भी बहुत कम है, इस कारण घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है. मेरे पिता सूरत में भाडे पर मैजिक गाड़ी चलाते हैं, उससे जो पैसा मिलता है उसी से परिवार का भरण-पोषण चलता है. पढाई करते समय ही वो पापा के पास सूरत जाकर मोटर साइकिल गैरेज में मिस्त्री का काम करने लगा. इसी कारण से दसवीं तक पढ़ाई के बाद छोड़ दिया. गांव की टीम से क्रिकेट भी खेलता था और क्रिकेट खेलने के लिए अगल-बगल के गांव जाता था. खेलने के क्रम में ग्राम रामापुर के कुणाल सिंह थाना फतनपुर जिला-प्रतापगढ़ से दोस्ती हो गयी. वह बराबर फुआ के घर रामापुर जाता था. उसी क्रम में उसकी दोस्ती हो गयी. आशीष यादव, जो रामापुर का ही था, से हो गयी थी. गांव में रहने के क्रम में दोस्ती लवकुश नामक एक लड़का, जिसका ननिहाल हमारे घर के बगल में रहने वाले रामबली यादव के यहां था, उससे हो गयी. ये सभी लोग क्रिकेट खेला करते थे. कुणाल सिंह, जो अमन सिंह का दूर का रिश्तेदार है तथा वह पूर्व में एक मर्डर केस में जेल जा चुका है. जब हमलोग कहीं बैठते थे तो वह हमेशा जेल का कहानी सुनाता था और वह बराबर अमन सिंह से बात करता था, कभी कभी उससे भी बात कराता था. अमन सिंह, कुणाल सिंह को कभी-कभी पैसा भेजता था, तो वह हमें भी हजार-पांच सौ देता था एवं खाना खिला देता था.

### अमन हत्याकांड में गांधी और बजरंगी को पेश करने का आदेश

यूपी के कुख्यात अमन सिंह की हत्या मामले में सोमवार को पुलिस ने धनबाद जेल में पूर्व से बंद विकास बजरंगी एवं सतीश साव उर्फ गांधी को न्यायिक हिरासत में लेने की प्रार्थना की है. धनबाद के प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक समित प्रकाश की दलील सुनने के बाद जेल प्रशासन को आदेश दिया है कि वह विकास बजरंगी व सतीश साव उर्फ गांधी को मंगलवार को कोर्ट में पेश करें. मामले के आईओ विनय कुमार ने कोर्ट में आवेदन दायर करके कहा कि अमन को गोली मारने के आरोपी रितेश यादव ने पुलिस के समक्ष दिए अपने बयान में अपने सहयोगी के रूप में गांधी एवं विकास बजरंगी का नाम बताया है. सीसीटीवी फुटेज में भी विकास संलिप्तता दिख रही है.

# जमीन घोटाला मामले में ईडी सीएम हेमंत सोरेन से आज करेगी पूछताछ

संवाददाता। रांची

जमीन घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सीएम हेमंत सोरेन से मंगलवार को पूछताछ करेगी. बड़गाई अंचल में डीएवी बरियातू के पीछे स्थित 8.46 एकड़ जमीन के संबंध में ईडी सीएम से पूछताछ करेगी. उक्त जमीन 12 प्लॉट में बंटी हुई है. इस जमीन की घेराबंदी भी हो चुकी है. जमीन के संबंध में ईडी को कागजात बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानुप्रताप प्रसाद के आवास से छापेमारी के दौरान मिले थे.

**5 समन को किया नजरअंदाज :** ईडी ने सीएम पहला समन कर 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन वे ईडी कार्यालय नहीं गए थे. ईडी को पत्र लिख कर बताया था कि ईडी के अधिकारों को उन्होंने कोर्ट में चुनौती दी है. कोर्ट का जो निर्णय होगा, उसके आधार पर वे आगे बढ़ेंगे. इसके बाद उन्हें दूसरा समन कर 24 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया गया. लेकिन वे ईडी कार्यालय नहीं गए. इसके बाद उन्हें तीसरा समन कर नौ सितंबर, चौथा समन कर 23 सितंबर और पांचवा समन कर चार अक्टूबर को बुलाया गया,लेकिन पांचों समन पर वे ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए.

### क्या है मामला



जमीन घोटाले की मामले के जांच दौरान ईडी ने सीआई भानु प्रताप प्रसाद के आवास में छापेमारी की थी. इस दौरान ईडी को इस जमीन से संबंधित कागजात बरामद हुए थे. ईडी को जानकारी मिली कि इस जमीन का बाजार मूल्य वर्तमान में 50 करोड़ रुपए है, लेकिन उस जमीन को कब्जा में ले लेकर बाउंड्री वाल करवा दी गयी है. उक्त जमीन के खाता संख्या 221 गैरमजरुआ भूईहरी जमीन है. खाता संख्या 210, खाता संख्या 234, खाता संख्या 223 और खाता संख्या 227 बकास्त भुइंहरी जमीन है. खाता संख्या 109 आरएस खतियान में लोधा पाहन वल्द बिरसा पाहन के नाम दर्ज है. खाता संख्या 221 प्लाट संख्या 983 रकबा 0.21 एकड़, प्लाट संख्या 985 रकबा 0.41 एकड़ की जमाबंदी पंजी टू में संधारित है. खाता संख्या 221 प्लाट संख्या 987 का रकबा 0.8 एकड़ कुश कुमार भगत के नाम से और 0.16 एकड़ बुध्धन राम के नाम दर्ज है. खाता संख्या 109 प्लाट संख्या 986 रकबा 1.09 एकड़ लोधा पाहन के नाम दर्ज है। खाता संख्या 210 प्लाट संख्या 988 रकबा 2.06 एकड़ में 0.84 एकड़ शशि भूषण सिंह, 0.84 एकड़ भवानी शंकर लाल और 0.38 एकड़ बुधन राम के नाम से दर्ज है

**अब तक 14 लोग गिरफ्तार :** ईडी ने इस मामले में आरोप लगाया कि माफिया द्वारा जमीन के मालिकाना हक को अवैध रूप से हड़पने का एक बड़ा और ताकतवर गिरोह झारखंड में सक्रिय था. इस मामले में एजेंसी अब तक14 लोगों को गिरफ्तार चुकी है, जिनमें 2011 बैच के आईएएस अधिकारी छवि रंजन भी शामिल हैं. बता दे कि छवि रंजन पहले राज्य समाज कल्याण विभाग के निदेशक और रांची के उपायुक्त के रूप में काम कर चुके हैं.

### 27 लाख वसूलने के बजाए दूसरा ऑफिस कर दिया आवंटित

संवाददाता । रांची

एचईसी घाटे में है. कंपनी की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है. कर्मचारियों का 18 माह का वेतन बकाया हो गया है. ऐसे में एचईसी प्रबंधन के आला अफसर, कंपनी की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के बजाए, कंपनी को लाखों का नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं. जबकि केंद्र सरकार ने साफ शब्दों में कहा है कि एचईसी का अपने संसाधनों से राजस्व का जुगाड़ करना होगा. कंपनी को आर्थिक सहयोग नहीं मिलेगा.

इसके बाद भी एचईसी अफसर राजस्व वसूली के बजाए, कंपनी को लाखों के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं. 27 लाख रुपए वसूलने के बजाए, अफसरों ने उसे अघोषित रूप से माफ कर दिया.

भारतीय जनता पार्टी समर्थित श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के नाम आवंटित आवास ताजा उदाहरण है. एचईसी प्रबंधन ने बीएमएस कार्यालय के लिए सेक्टर तीन स्थित आवास संख्या-सीडी/241 आवंटित किया है. जबकि बीएमएस को इससे पहले कार्यालय के लिए आवास संख्या-सीडी/206 आवंटित किया गया था. एचईसी में बीएमएस 26 सितंबर 2019 से ज्यादा सक्रिय है.

# सीएम के खिलाफ कार्रवाई पर हो रहा विचार:राज्यपाल

### जिन्होंने गलत किया, नतीजा तो भुगतेंगे ही

संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि राजभवन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ लाभ के पद पर रहते खनन पट्टे की अवधि बढ़ाने के मामले में निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर विचार कर रहा है. कहा-जिन लोगों ने भी गलत काम किया है और दोषी पाए गए हैं, उन्हें परिणाम भुगतना ही होगा.

निर्वाचन आयोग ने पिछले साल अगस्त में उस याचिका पर राजभवन को अपनी राय भेजी थी, जिसमें मांग की गई थी कि सोरेन को खुद के लिए खनन पट्टा की अवधि बढ़ाने और चुनावी मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए विधानसभा सदस्य के तौर पर अयोग्य घोषित किया जाए. राजभवन में एक कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन आयोग की सिफारिश को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में राधाकृष्णन ने कहा- कुछ कठिनाइयां हैं. हमें उन्हें जांचना-परखना है और हम करेंगे.

राज्यपाल ने यह भी कहा- मैंने बार-बार कहा है कि जिन्होंने कुछ भी गलत किया और दोषी पाए गए हैं, उन्हें नतीजा भुगतना ही होगा. सार्वजनिक जीवन को हम स्वच्छ बनाए जाने की उम्मीद कर रहे हैं.



● एजेंसियां कार्रवाई उन लोगों के खिलाफ ही करती हैं, जो भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी हैं

**जांच एजेंसियां किसी पार्टी की नहीं:** कांग्रेस सांसद धीरज साहू से के यहां आईटी की रेड में नकदी जब्त होने के सवाल पर राज्यपाल ने कहा- जब ईडी और आईटी कोई कार्रवाई करता है, तो वह किसी विशेष पार्टी या पार्टी पदाधिकारी के खिलाफ नहीं होता है. उन्होंने बताया, एजेंसियां कार्रवाई उन पर ही करती हैं, जो भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं. कांग्रेस सांसद से जुड़ी शराब बनाने वाली ओडिशा की कंपनी के विभिन्न परिसरों पर आईटी की रेड लगातार छठे दिन सोमवार को भी जारी रही और करोड़ों की बेहिसाब नकदी बरामद की गई है.

### 16-17 को होनी वाली जेएसएससी सीजीएल परीक्षा स्थगित

संवाददाता । रांची

16 -17 दिसंबर को होनेवाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 स्थगित कर दी गयी है. चयनित एजेंसी ने निर्धारित तिथि को परीक्षा के आयोजन में असमर्थता जतायी थी, जिसके बाद इसे अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है. इस संबंध में जेएसएससी ने अधिसूचना जारी कर दी है. परीक्षा आयोजन की नयी तिथि कोघोषणा जल्द ही आयोग की वेबसाईट पर करने की बात कही गई है. बता दें कि इस परीक्षा में लगभग 6,50,000 अभ्यर्थी शामिल होने वाले थे. परीक्षा के आयोजन में आ रही परेशानी को लेकर जेएसएससी ने कार्मिक विभाग को पत्र लिखकर पूर्व में कहा था कि 9 जिलों से सीट मैट्रिक्स नहीं होने के कारण परीक्षा लेने में दिक्कत आ रही है. एजेंसी अपना काम नहीं कर पाई है. जेएसएससी के अनुसार, सीट मैट्रिक्स मिलने के बाद परीक्षा कराने वाली एजेंसी को परीक्षा संबंधित काम करने और परीक्षा आयोजन कराने में लगभग दो महीने का समय लग जाता है. सेंटर पक्का होने के बाद प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका और अटेंडेंस पेपर सारे सेंटरों तक ले जाने और अन्य प्रकार के काम करने होते हैं.

**उद्धार** गिरिडीह में उसरी नदी बचाओ अभियान समिति की बैठक, लिए गए कई अहम फैसले

# सीसीएल के साथ तीन छिलका डैम बनाने पर बन गई सहमति

संवाददाता। गिरिडीह



उसरी नदी बचाओ अभियान की पहल अब दिखने लगी है. संबंधित विभाग के सरकारी बाबुओं की कागजी खानापूर्ति धरातल पर जल्द उतरी, तो वर्षों का सपना साकार होगा. सोमवार को सिहोडीह सामुदायिक भवन में अशोक राम की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सीसीएल के महाप्रबंधक बासव चौधरी ने किए गए वादों को अमली जामा पहनाने का आश्वासन दिया.

कहा कि इससे जुड़े सरकारी विभाग के अधिकारी कागजी प्रक्रिया पूरा करें तो इस पर जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. उन्होंने तीन स्थानों पर छिलका डैम निर्माण का आश्वासन दिया. पर्यावरण बचाव के लिए की जा रही पहल की उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि गंदी नाली का पानी कितने स्थान से नदी में प्रवेश कर रहा है, इसकी सूची तैयार की जाए और इसके रोग की पहल की जाए. डैम निर्माण से नदी में हमेशा पानी रहेगा. गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि उसरी नदी के बचाव में हम साथ हैं. टीम को बधाई दी, कहा कि पूर्व में 20 फीट ऊंची नदी में बालू रहती थी, आज स्थिति भयावह है. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की भी जिम्मेदारी है कि वह केवल दंडात्मक कार्रवाई न कर पर्यावरण कैसे बेहतर हो इसकी भी पहल करें. सामाजिक कार्यकर्ता सह माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि 10 वर्षों का संघर्ष अब फाइनल स्टेज पर है. अब तक छठ महापर्व में ही इसकी सफाई की जाती रही है, पर अब भविष्य में सालों भर पहल की जाएगी. उन्होंने सीसीएल महाप्रबंधक और स्थानीय विधायक के सहयोग की भी सराहना की. समिति ने इसमें स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं से भी जुड़ने की अपील की. कृष्ण मुरारी शर्मा ने लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया. बैठक में आलोक मिश्रा, नरेश राम, गोविंद पुरी, मोनू कुमार, सोनू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे.

### बोले लोग

- उसरी नदी बचाने के लिए हम सब लोग साथ-साथ हैं
- 10 वर्षों से चल रहा विवाद अब जाकर फाइनल स्टेज पर

### बालू उठाव के कारण खतरे में है अस्तित्व

उसरी नदी यहां की जीवन रेखा समझी जाती है, पर वर्षों से लगातार बालू उठाव के कारण नदी का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गई है. बालू उठाव के कारण इस पर बने पूल के खंभे पर भी खतरा मंडरा रहा है. नदी का अस्तित्व को मिटता देख कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसके बचाव की पहल की. इनमें कई राजनीतिक दलों के भी कार्यकर्ता शामिल हैं. राजनीतिक दलों के बैनर की बजाय माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिंहा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता राम जी यादव ने उसरी नदी बचाओ अभियान समिति का गठन कर इसमें आम आदमी से शामिल होने का आह्वान किया.

### 95% लोग मामले में साधे हैं चुप्पी : बासव चौधरी

बनियाडीह सीसीएल क्षेत्र के महाप्रबंधक चौधरी ने कहा कि शहर की इतनी महत्वपूर्ण नदी है, पर इसके बचाव को लेकर 95% लोग चुप्पी साधे बैठे हैं. धरोहर आपकी है, बचाव के लिए भी शहर के लोगों को आवाज उठानी होगी. उन्होंने कहा कि सीसीएल के ओर से इसके विकास व हरियाली के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा.

# पूर्व पार्षद कृष्ण मोहन सिंह का निधन, अंतिम संस्कार आज

संवाददाता । रांची



राजधानी रांची वार्ड 39 के पूर्व पार्षद कृष्ण मोहन सिंह का 55 वर्ष की उम्र में सोमवार की सुबह निधन हो गया. उन्होंने अंतिम सांस पटना के निजी अस्पताल में ली. वो अपने पीछे तीन पुत्री और पुत्र छोड़ गए है. परिवार में चार भाई और बहन में कृष्ण मोहन दूसरे नंबर पर थे.

परिजनों के अनुसार कृष्ण मोहन की तबीयत 27 नवंबर को खराब हुई थी. उनके पेट में दर्द हुआ. तुरंत उन्हें इलाज के लिए पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने 28 नवंबर को उनका ऑपरेशन किया. अपेंडिक्स पेट में ही फट गया था. इधर, उनकी तबीयत में सुधार दिख रहा था. फिर रविवार को उनकी तबीयत खराब हो गई. डॉक्टरों ने पुनः ऑपरेशन किया. उसके बाद आईसीयू में भर्ती कर दिया. 11 को सुबह डॉक्टरों ने गंभीर बताया. कुछ देर बाद उनके देहांत की सूचना आई. कृष्ण मोहन अभी एचईसी श्रमिक संगठन के अध्यक्ष थे. वे बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भी थे. पटना से उनका शव लाया जा रहा है. मंगलवार को सुबह सिठियो मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार होगा. शव यात्रा धुर्वा स्थित निवास स्थान से निकलेगी.

उनके निधन पर भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव, संजीव विजयवर्गीय ने शोक व्यक्त किया है. कहा कि वो अंतिम समय तक समाज सेवा से जुड़े रहे. वे न सिर्फ सफल व्यवसायी थे, बल्कि श्रमिकों के हित में हमेशा अपनी आवाज बुलंद किया करते थे. प्रतुल ने ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की.

### बोकारो जिले के चास प्रखंड के सोनाबाद में पहुंचे सीएम, मंत्री सत्यानंद व बेबी देवी, बोले सीएम-

# अब बेटियां बोझ नहीं, उन्हें पढ़ाने-लिखाने का खर्च उठाएगी सरकार

**शेखर शरदेंदु । बोकारो**



आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को बोकारो जिले के चास प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनाबाद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए. इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इससे पूर्व बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम सोनाबाद में बने अस्थायी हेलीपैड पर डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक के द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया. पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया. मौके पर लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अब बेटियां बोझ नहीं, उन्हें पढ़ाने का पूरा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी. साथ हीं युवाओं को अब रोजगार के लिए भटकने की जरूरत नहीं है. राज्य सरकार मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से अब उन युवाओं को सरकार की ओर गाड़ी मुहैया कराएगी, जो दूसरे लोगों व महाजनों की गाड़ियों में ड्राइवर बनकर जिंदगी चला रहे हैं. अब युवा खुद की गाड़ी का मालिक बनेगा, न कि किसी की गाड़ी का ड्राइवर. सर्वजन पेंशन में 4 साल में 37 लाख बुजुर्गों को पेंशन का लाभ दिया. उन्होंने विपक्षी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि इसके बावजूद विपक्षी पार्टी हमारी सरकार व हमारे कार्यक्रमों पर कटाक्ष कर रही है. मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि इस सरकार ने पहले दो शिविरों में लाखों लोगों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ दे चुकी है. जो छूटे हुए हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर आयोजित की गई है. मंत्री बेबी देवी ने कहा कि बिजली में सरकार 100 यूनिट फ्री राहत दिलाने की पहल कर रही है.

### करोड़ों की योजनाओं का हुआ शिलान्यास

कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के कुल 168 करोड़ 21 लाख 88 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया. साथ हीं विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों के बीच 321 करोड़ 56 लाख 79 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. इस दौरान महिला समूह से लेकर किशोरियां व युवक-युवती अलग-अलग योजनाओं के लाभ के लिए शिविर में पहुंचे थे.

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- खारे पानी मे पैदा होने बाले पौधे को कहा जाता है – **लोफाइट्स**
- मौलिक कर्तव्य संविधान के किस अनुच्छेद में निहित है – **51ए**
- रेड रॉट किस फसल का रोग है – **गन्ना**
- ताबो मठ किस राज्य में स्थित है – **हिमाचल प्रदेश**
- पेटीएम के क्रेडिट कार्ड का नाम – **पेटीएम फर्स्ट कार्ड**
- भारत आने वाले सागरीय मार्ग की खोज किसने की थी – **वास्को डी गामा**
- किस प्रदेश में पूरे साल वर्षा होती है – **विषुवतीय**
- देखनी किस राज्य का लोक नृत्य है – **गोवा**
- किस मंदिर में फोटो और वीडियो बनाने पर रोक है – **स्वर्ण मंदिर**
- किसे भविष्य की धातु कहा जाता है – **टाइटेनियम**


## ब्रीफ खबरें

### स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया

**बेरमो ।** पिट्स पिट्स मॉडर्न स्कूल परिसर में भारतीय भाषाओं को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा मनाया गया. विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न भाषाओं में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, बांग्ला लोकगीत, नागपुरी गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई. विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि भाषा का इतिहास इतना ही पुराना है जितना पुराना मानव का इतिहास है, इसलिए हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए. सभी भाषाओं का अपना खास महत्व है. भारत विभिन्न भाषा और संस्कृति वाला देश है. यहां दस कोस में बोली और भाषा बदल जाती है. इस देश की यही खासियत है कि यहां अलग अलग बोली भाषा के बावजूद सहमना के साथ जीवन व्यतीत करते हैं.

### लाइट खराब, हो रही श्रद्धालुओं को परेशानी

**गावां (गिरिडीह) ।** गावां बाजार स्थित कालीमण्डा के प्रांगण में लगे स्ट्रीट लाइट के खराब होने से श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उक्त स्ट्रीट लाइट लगभग एक माह पूर्व क्षेत्र के विधायक बाबूलाल मरांडी के अनुशंसा पर लगाया गया था. मात्र एक महीने में ही स्ट्रीट लाइट के खराब हो जाने से लोगों को काफी निराशा हुई. गावां के ललित पांडेय के कहा कि इस समय लग्न होने के कारण मंदिर के प्रांगण में वैवाहिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है. वहीं, क्षेत्र के लोग शाम के समय अक्सर मंदिर के प्रांगण में वैवाहिक देवपूजन दर्शन आदि को आते रहते हैं.



### सहा. लोक अभियोजक की विदाई समारोह संपन्न

**तेनुघाट ।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के सहायक लोक अभियोजक विकास कुमार सिंह का विदाई समारोह अपर लोक अभियोजन कार्यालय में की गई. विदाई समारोह को संबोधित करते हुए अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साव ने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थानांतरण तो होता ही रहता है. मगर सबसे बड़ी उपलब्धि यह होती है अपने कार्यकाल में सभी को खुश रखना और सभी को लेकर चलना है. विकास कुमार सिंह इस कार्य को पूरी कुशलता पूर्वक किए हैं. उम्मीद है आगे भी इसी तरह अपने काम को करते रहेंगे. वहीं सहायक लोग अभियोजक आशीष कुमार तिवारी ने कहा कि विकास कुमार सिंह जिनका स्थानांतरण रांची व्यवहार न्यायालय में हो गया है. वह अपने कार्य में काफी निपुण है.

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच बांटे स्वेटर



**कसमार (बोकारो) ।** कसमार प्रखंड अंतर्गत पोंडा पंचायत के धधकिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया. मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया हारु रजवार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि ठंड को देखते हुए बच्चों को स्वेटर समेत अन्य गर्म कपड़े पहनाकर ही आंगनबाड़ी केंद्र भेजे, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े. इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ली. मौके पर स्थानीय पंसस रवि रजवार, सेविका मंजू देवी, सहायिका सुलोचना देवी आदि मौजूद थे.

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, बीडीओ बोले-

# योजनाओं का लाभ सबको मिलेगा

**संवाददाता । गावां (गिरिडीह)**



जिले के अति-सुदूरवर्ती गावां प्रखंड के बादीडीह पंचायत भवन में सोमवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ गावां बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी व मुखिया मुन्नी कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें यही सरकार की सोच है. ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें.

ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें. जिप सदस्य ने कहा कि पूर्व की सरकार के समय ग्रामीण प्रखंड का चक्कर लगा-लगा कर थक जाते थे, लेकिन हेमन्त सरकार ने निश्चय किया कि अब सरकार गांव, कस्बों तक जाकर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान करेगी. इसके अलावे सरकार ने किशोरियों को सावित्रीबाई फुले योजना में जोड़कर उनके खाते में पैसा ट्रांसफर किया.

### सरकार तीसरी बार स्टॉल लगवा रही है : बीस सूत्री अध्यक्ष

20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ने कहा की आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के चल रहे तीसरे चरण भी सफलतापूर्वक अपना काम कर रही है. उन्होंने युवाओं से कहा कि झारखंड एक युवा राज्य है. ऐसे में आपके सहयोग से राज्य की तकदीर और तस्वीर बदल सकते हैं. बीस सूत्री ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब यह सरकार पंचायत- पंचायत पहुंच रही है बल्कि वर्ष 2021और 2022 के बाद लगातार तीसरी बार इस वर्ष आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है. इस कार्यक्रम के तहत में भी कई शिविरों में शामिल हो रहा हूं और यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि लोगों को सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ किस तरीके से मिल रहा है. मुझे खुशी है कि सभी शिविरों में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं और अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ रहे हैं.

### योजना के तहत लोगों के बीच धोती-साड़ी का हुआ वितरण

**तिसरी (गिरिडीह) ।** सोमवार को तिसरी प्रखंड अंतर्गत सिंघो पंचायत भवन प्रांगण में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव, प्रभारी बीडीओ बिनोद कुमार सिंह, जिप सदस्य रामकुमार राउत, मुखिया मो. हासिमुद्दीन मुख्य रूप से उपस्थित थे. शिविर में अबुआ आवास योजना, फुलो झानो आशीर्वाद योजना अंचल, मनरेगा, आंगनवाड़ी, आपूर्ति, वन विभाग, कल्याण विभाग, विद्युत विभाग सहित कई स्टॉल लगाए गए थे. इस दौरान पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया. वहीं, सोना सोबरन योजना के तहत लोगों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया. मौके पर मनरेगा बीपीओ राजकुमार हेमब्रम, जेई संजय साहू, वनपान अमित विश्वकर्मा, अशोक कुमार, रोजगार सेवक वीरेंद्र निराला, कल्याण विभाग से एसके. पोद्दार, विकास सिन्हा, मुन्ना राणा सहित कई लोग थे.

### समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार वचनबद्ध : अहमद

**बेंगाबाद (गिरिडीह) ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को बेंगाबाद प्रखंड के जेरूआडीह में आयोजित शिविर में गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि राज्य की हेमन्त सरकार सूबे के गरीब गुरबों की समस्याओं का समाधान करने के लिए वचनबद्ध है. सरकार द्वारा इसके लिए पेंशन, आवास, सिंचाई कूप सहित कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है. उन्होंने कहा कि आवास योजना से वंचित लोगों के लिए राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना लाई है. इस योजना का लाभ लेकर गरीबों के अपने मकान का सपना साकार होगा. वहीं मुख्यमंत्री सिंचाई कूप योजना किसानों के लिए वरदान साबित होगा. मौके पर विधायक ने गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना का लाभ लेकर अब गरीब तबके के विद्यार्थी उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे और अपने जीवन को सफल बना पाएंगे.

### हेमंत सरकार ने सरकार के सभी विभागों को आप तक भेजा : पूर्व विधायक

**धनवार (गिरिडीह) ।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार के तहत धनवार के गिरिडीह पंचायत में सोमवार शिविर का आयोजन किया गया. उद्घाटन पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी, सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, सीओ नरेश वर्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष शंकर पासवान व स्थानीय मुखिया बालमुकुंद यादव ने दीप जलाकर किया. शिविर में लगे विभिन्न स्टॉलों में अबुआ आवास सहित सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस, बाल विकास, सावित्री बाई फुले किशोरी संवृद्धि, आपूर्ति, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, केसीसी तथा जमीन से संबंधित सैकड़ों आवेदन जमा किये गए. वहीं परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया. पूर्व विधायक अंसारी ने कहा कि आपको सरकारी कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगना पड़े, इसलिए हेमंत सरकार ने सरकार के सभी विभागों को आप तक भेजा है. कहा कि पूरे देश में सिर्फ झारखंड में ही यह कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से चल रहा है. कार्यक्रम को सीओ, 20 सूत्री अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, मुखिया संघ अध्यक्ष व मुखिया ने भी संबोधित किया. अधिकारियों ने शिविर में लगे स्टॉलों का निरीक्षण भी किया.

# आईईएल प्रबंधन ने वार्ता का दिया आश्वासन: विश्वजीत देव



**संवाददाता । बेरमो**

सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देव ने अपने यूनियन के नेताओं के साथ गोमिया स्थित आईईएल कंपनी के प्रबंधन के साथ परिचयात्मक बैठक की. बैठक के बाद देव ने प्रेस को बताया कि आईईएल के अंदर कार्यरत ठेका मजदूरों के लंबित वेतन समझौता से संबंधित मांग पत्र पर सीटू की ओर से दिया गया है. यह कार्यक्रम पूर्व से निर्धारित था. विश्वजीत देव ने कहा आईईएल में ठेका मजदूरों का वेतन समझौता की अवधि सितंबर 2023 में ही समाप्त हो चुका है, इसके बाद यूनियन की ओर से मांग पत्र दिया जा चुका है. प्रबंधन वेतन समझौता से संबंधित वार्ता कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए शुरू करें. उन्होंने कहा प्रबंधन ने हमारी यूनियन को आश्वस्त किया है कि बहुत जल्द ही ठेका मजदूरों के वेतन समझौते से लंबित मांग पत्र पर वार्ता शुरू करेंगे. अविलंब अगर ठेका मजदूरों के वेतन संबंधित वार्ता प्रबंधन यूनियन के साथ शुरू नहीं करती है तो हम लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करते हुए आंदोलन पर जाएंगे. इसकी जवाबदेही प्रबंधन की होगी. प्रेस वार्ता में उपस्थित सीटू के राज्य उपाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर ने कहा ठीक मजदूरों के बेहतर वेतन समझौता के लिए हमारी यूनियन प्रतिबद्ध है.

# बेरोजगारी की जन्मदाता बन गई है केंद्र सरकार : महतो

**संवाददाता । पीरटांड़ (गिरिडीह)**



आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारी में जुटे पूर्व ऊर्जा मंत्री सह बहुजन सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालचंद महतो. सोमवार को पीरटांड़ प्रखंड में अपने कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया. जिसकी अध्यक्षता विजय महतो तथा संचालन जितेन्द्र महतो ने की. बैठक में अपने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए पूर्व ऊर्जा मंत्री ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार बेरोजगारी की जन्मदाता भाजपा की सरकार है, आज महंगाई चरम सीमा पार कर चुकी है, उन्होंने वर्तमान सांसद पर तंज कसते हुए उन्हें ईद का चांद बताया जो अपने लोकसभा क्षेत्र का ठीक से भ्रमण ना किया हो वो विकास क्या करेगा, उन्होंने कार्यकर्ताओं को मजबूती से तैयार रहने और एनडीए गठबंधन से बने सांसद को हटाना जैसे नारों से कार्यकर्ताओं को उत्साहवर्धन किया.

# सर जेसी बोस उवि में भारतीय भाषा उत्सव का हुआ आयोजन



**संवाददाता । गिरिडीह**

सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया. उल्लेखनीय है कि इस आयोजन का निर्देश स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा दिया गया था. इस भाषा उत्सव का शुभारंभ विद्यालय के आचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा और बाल संसद के प्रधानमंत्री ने दीपक प्रज्वलन के साथ किया. मौके पर विद्यालय की छात्राओं के द्वारा उर्दू गजल, हिंदी कविता, बांग्ला कविता, खोरठा कविता, संस्कृत के श्लोक का वचन बहुत अच्छे तरीके से किया गया. आचार्य कुशवाहा ने विद्यार्थियों को भाषा क्या है, भाषा की माता क्या है और खास करके भारत में विविधताओं के बीच भाषाई एकता और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एकीकृत भाषा हिंदी के योगदान को विस्तार पूर्वक बताया.

सीसीए प्रभारी संध्या संथलीय राकेश कुमार ने बखूबी अग्रणी भूमिका निभाई.

### चपुआडीह में अबुआ आवास के लाभुकों का हुआ चयन

**बेंगाबाद (गिरिडीह) ।** राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना के तहत बेंगाबाद प्रखंड के चपुआडीह पंचायत में पहले तीन लाभुकों का चयन किया गया. सोमवार को लाभुकों के चयन के लिए जांच कमेटी उनके घर पहुंची और पूरी स्थिति का जायजा लिया. कमेटी में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मुजफ्फर अली, पंचायत के मुखिया मो शमीम, पंचायत समिति सदस्य एवं रोजगार सेवक एसरार आलम शामिल थे. मुखिया मो शमीम ने बताया कि जांच के बाद पंचायत के मुंढेरी गांव तीन लाभुक उमेश दास, नारायण दास और गणेश दास का चयन किया गया है. उन्होंने बताया कि तीनों लाभुकों का कच्चा खपरैल मकान है और आवास योजना से वंचित हैं. उन्होंने बताया कि जांच के बाद कमेटी द्वारा तीनों लाभुकों का चयन कर पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री कर दिया गया है.

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन

# भारती जी की जयंती मनाई गई

**संवाददाता । बेरमो**



केंद्र सरकार के निर्देशानुसार विद्यालय कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन, ढोरी में भारतीय भाषा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा के द्वारा पुष्पार्जन एवं भैया बहनों के द्वारा सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना से की गई. इसके बाद भारत की विभिन्न भाषाओं में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. कक्षा नवम की बहन स्वाति गुप्ता एवं स्वाति सिंह द्वारा क्रमशः हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती का जीवन परिचय भैया बहनों के समक्ष रखा गया. उसके पश्चात संस्कृत भाषा में श्लोक गान, कक्षा नौवीं की बहन माही, जीनत,आराध्या एवं सृष्टि तिवारी द्वारा किया गया. सामूहिक गीत कक्षा सप्तम की बहनों द्वारा स्थानीय भाषा खोरठा गीत, कक्षा सप्तम अष्टम एवं नवम की बहनों की द्वारा विद्या भारती की निर्धारित गीत झारखंड के लोकगीत को सामूहिक रूप से नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया. इस दौरान बहनों के बीच पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता भी हुआ. अपने उद्बोधन में विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय ने कहा कि आज का कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं सीबीएसई के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य है कि हम अपनी मातृभाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें.

प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा ने कहा कि जितना हम अपनी मातृभाषा में बोल और समझ सकते हैं, उतना हम दूसरी भाषाओं में नहीं कर सकते हैं. दूसरी भाषा हमें प्रयत्न करके सीखनी पड़ती है. भारतीय भाषाओं के बीच में आपस में सामंजस्य बैठाना ही आज की युग की सबसे बड़ी मांग है. कार्यक्रम का संचालन कन्या भारती की प्रमुख बहनों के द्वारा संपन्न हुआ. इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे.

### एसएसवीएम स्कूल में मनाई 141वीं जयंती




**गिरिडीह ।** भारतीय भाषा दिवस पर बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में सोमवार को तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की 141वीं जयंती मनाई गई. प्रभारी प्रधानाचार्य राजीव सिन्हा ने भारती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित किया. बच्चों ने भी उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. वहीं मौके पर राजीव सिन्हा ने कहा कि उनका जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था. बचपन से ही ये कुशाग्र बुद्धि के थे. इन्होंने तमिल के अलावा कई भारतीय भाषाओं में रचना की है. सोमवार को तमिलनाडु में उनका घर भारतीय ईलम के नाम से जाना जाता है. मौके पर राजेंद्र लाल बरनवाल ने कहा कि सुब्रमण्यम महान कवि भारतियार के नाम से भी जाने जाते हैं.

**कार्यक्रम** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हाल, 8 दिसंबर तक 115 शिविर का हुआ आयोजन

# साउंड सिस्टम व टेंट का खर्च कौन भरेगा, पता नहीं

**अनंत कुमार । बेरमो**



राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. सरकार इस बात की ढिंढोरा भी पीट रही है कि सरकार राज्य की जनता के घर पर जाकर उनका काम कर रही है. बता दें कि राज्य के विभिन्न जिलों की तरह बोकारो जिले में भी 24 नवंबर से यह कार्यक्रम शुरू किया गया है. बोकारो जिले में करीब 235 शिविर आयोजित किया जाना है. 8 दिसबंर तक 115 शिविर का आयोजन किया जा चुका है. इन शिविरों में अब तक एक लाख 38 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिसका निष्पादन भी त्वरित गति से किया जा रहा है. ऐसा सरकार का मानना है. शिविर का सफल आयोजन के लिए जिले से लेकर प्रखंड के अधिकारी और कर्मचारी लगे हुए हैं. इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में अलग से पर्यवेक्षक पदाधिकारी नियुक्त की गई है. सवाल उठता है कि इस आयोजन को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रत्येक पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है. शिविर में ग्रामीण लाभुकों को आसानी से अपनी आवश्यकता के अनुसार योजना का लाभ मिले या आवेदन जमा कर सके उसके लिए अलग-अलग स्टॉल लगाया गया है. इसके लिए टेंट और साउंड की भी व्यवस्था की गई है. कहीं, नाश्ता तो कहीं खाना का भी व्यवस्था किया जाता है. साउंड के माध्यम से लाभुकों को जानकारी दी जाती है. डीसी, डीडीसी, मंत्री और विधायक इस आयोजन में पहुंच रहे हैं और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं. लेकिन जिस मंच का उपयोग और जिस स्टॉल का अधिकारी और जनप्रतिनिधि मुआयना कर रहे हैं, उसका खर्च सरकार नहीं दे रही है. बोकारो जिला के गोमिया प्रखण्ड अन्तर्गत जिस पंचायत में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है वहां के मुखिया ने बताया कि इस बार के कार्यक्रम में जो भी टेंट, साउंड और खाना का खर्च हो रहा है उसकी भरपाई वे अपने जेब से कर रहे हैं. एक शिविर में करीब तीस से चालीस हजार रूपये खर्च हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि इस बार सरकार की ओर से उन्हें कोई खर्च नहीं दिया जा रहा है. इसलिए अधिकारियों के निर्देश पर वे अपने जेब से खर्च कर रहे हैं. सवाल उठता है कि सरकार जब इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर आम गरीब जनता को लाभ देना चाहती है तो आयोजन में जो खर्च होगा उसका आकलन कैसे नहीं किया गया. यदि नहीं किया है तो यह हैरान करने वाली बात है. यह कैसे संभव है कि इस आयोजन का खर्च का भार पंचायत के मुखिया अपने जेब से करेंगे. यदि कुछ मुखिया खर्च करने में सक्षम भी होंगे उसे छोड़ दें. लेकिन ज्यादातर मुखिया इस खर्च को पंचायत के योजना से या लाभुकों से वसूल करेंगे, इसकी संभावना ज्यादा है. बोकारो जिला अंतर्गत प्रखंड के एक बीडीओ ने बताया कि सरकार की ओर से इस आयोजन के लिए बजट से संबंधित आदेश नहीं है. इसलिए इस संबंध में कुछ कहना उचित नहीं है.

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का फाइनल मैच संपन्न



- बरवाडीह की टीम ने कैलाटंड को 3-0 से हराया

**संवाददाता । सरिया (गिरिडीह)**

सरिया हाई स्कूल स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता सोमवार को फाइनल मैच खेला गया. इस दौरान सेमीफाइनल मैच नगर केसवारी बनाम बरवाडीह के बीच खेला गया, जिसमें 4-2 से बढ़त बनाते हुए फाइनल मैच के लिए क्वालीफाई किया. वही फाइनल मैच बरवाडीह बनाम कैलाटंड के बीच खेला गया, जिसमें बरवाडीह की टीम ने 3-0 से जीत हासिल की. बरवाडीह टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिससे खेल प्रेमियों का मन मोह लिया. इस दौरान सभी टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अनुशासन का परिचय दिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक, अनूप पांडेय, मुरली मनोहर मंडल, जिम्मी चौरसिया, खौफलाल राम आदि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### क्रेन के ऊपर से गिरा युवक, हो गई मौत

**पीरटांड़ (गिरिडीह)** । मधुबन थाना क्षेत्र स्थित गुणायतन परिसर में मंदिर निर्माण के कार्य में लगे क्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक क्रेन के ऊपर काम कर रहा था की इसी दरम्यान उसके पैर फिसलने से वह नीचे जा गिरा जिसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर मधुबन थाना प्रभारी राजू मुंडा दलबल के साथ पहुंचे ओर शव को कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गए. मृतक की पहचान गिरिडीह सदर प्रखंड के चेताडीह निवासी फिरोज अंसारी उर्फ चरका के रूप में किया गया है. वहीं, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बीडीओ मनोज कुमार मरांडी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मुआवजे की मांग की.

### कांके और ओरमांझी से शव बरामद

**रांची** । जिले के दो अलग-अलग क्षेत्रों से शव बरामद हुए हैं. एक शव कांके थाना क्षेत्र से जबकि दूसरा ओरमांझी थाना क्षेत्र से मिले हैं. पहला मामला कांके थाना क्षेत्र के जुमार पुल के पास का है. जहां एक वृद्ध का शव बरामद हुआ है. मृतक कांके का रहने वाला था. इस मामले थाना प्रभारी ने बताया कि ठंड लगने से उसकी मौत हो गयी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. दूसरी तरफ ओरमांझी में रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव बरामद हुआ है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. आशंका जतायी जा रही है कि युवक की हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया गया.

### किराना दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रांची** । पुलिस ने किराना दुकान में चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई. इस दौरान पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद रिजवान नामक युवक को गिरफ्तार किया. वह हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र का रहनेवाला है. पुलिस को जानकारी मिली थी कि हिंदपीढ़ी इलाके में एक किराना स्टोर से रविवार रात में ताला तोड़ कर 40 हजार रूपये, चार गैस सिलेंडर और खाने-पीने के सामान की चोरी कर ली गई थी. जिसके बाद पुलिस ने इस कांड में शामिल युवक को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उसके पास से बीस हजार रुपये और दो गैस सिलेंडर और एक मोबाइल फोन बरामद किया.

### डुमरी: अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, केस

**डुमरी (गिरिडीह)** । अवैध कोयला के परिवहन का रोकथाम हेतु निर्देशानुसार चलाये जा रहे चेकिंग के दौरान रविवार की रात जीटी रोड कुलगो टॉल प्लाजा के समीप में अवैध कोयला लदा एक ट्रक को डुमरी पुलिस के द्वारा पकड़ा गया है. ट्रक के केबिन में रखा कोयला से संबंधित कागजात का जिला खनन कार्यालय, खान निरीक्षक से विधिवत जांच कराया तो कागजात फर्जी पाया गया. इस संबंध में खान निरीक्षक गिरिडीह के द्वारा डुमरी थाना में आवेदन देकर पकड़ाये ट्रक चालक, उसके मालिक तथा अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है. हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है. ट्रक में करीब 45 टन स्टीम कच्चा कोयला लोड है.

### बीसीसीएल कर्मी के खाते से उड़ाए 65 हजार

**धनबाद** । साइबर अपराधियों के हथकंडे से रहे सावधान, नहीं तो आपका अकाउंट खाली हो जाएगा. ऐसा ही एक मामला भागाबांध निवासी पंचु कुमार के साथ घटित हुआ. बीसीसीएल कर्मी पंचु कुमार ने बताया की पुटकी के एक एटीएम से सोमवार को पैसा निकासी कर रहा था. उसी दौरान मेरा एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया. एटीएम के बाहर मोबाइल नंबर लिखा हुआ था, उसपर जैसे ही फोन किया और बोला की मेरा एटीएम कार्ड एटीएम मशीन में फंस गया है, उसके बाद उसने मुझसे कुछ डिटेल मांगे और हमने दिया. देने के बाद मेरे अकाउंट से टोटल 65 हजार रुपया मेरे खाते से कट गया. जिसकी शिकायत पुटकी थाना में की गई है.

महिला व बच्चों के खिलाफ यौन अपराध अनुसंधान होगा तेज

# जल्द होगी महिला फॉरेंसिक एक्सपर्ट की नियुक्ति

सौरभ सिंह । रांची

झारखंड में महिला और बच्चों के खिलाफ यौन अपराध के अनुसंधान में तेजी आयी है. इसे लेकर महिला फॉरेंसिक एक्सपर्ट नियुक्त किए जायेंगे. अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के द्वारा झारखंड में यौन अपराध से संबंधित मामलों के अनुसंधान में आ रही कठिनाई को देखते हुए राज्य की महिला सिपाही से लेकर दारोगा स्तर के पुलिसकर्मियों को फॉरेंसिक सहायता के लिए नियुक्त किया जाएगा. इसे लेकर नियुक्ति की प्रकिया शुरू कर दी गई है.



**63 महिला पुलिसकर्मी किए गए हैं चयनित :** फॉरेंसिक सहायता पहुंचाने के लिए राज्यभर से अलग-अलग जिले और अलग-अलग वाहिनी के कुल 63 महिला पुलिसकर्मियों को चयनित किया गया है. इसके बाद इंटरव्यू के बाद इन महिला पुलिसकर्मियों को फाइनल रूप से फॉरेंसिक सहायता के लिए नियुक्त किया जाएगा.

### यौन उत्पीड़न के बाद सबूत के लिए होती है जांच

फॉरेंसिक जांच एक प्रकार की चिकित्सा जांच है, जो यौन उत्पीड़न उपचार इकाई (एसएटीयू) में पेश की जाती है. यह दुष्कर्म या यौन उत्पीड़न के बाद सबूत पाने के लिए किया जाता है. फॉरेंसिक नमूने एकत्र करने का सबसे अच्छा समय घटना के बाद पहले 72 घंटे (3 दिन) है. लेकिन घटना के सात दिनों के भीतर नमूने अभी भी एकत्र किए जा सकते हैं. यह साक्ष्य यौन अपराध की जांच करने में मदद करता है.

### पुलिस ने की आरोपियों की पहचान, छापेमारी जारी

**रांची** । दोस्त से मिलने खूंटी से रांची आयी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया. इस घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान पुलिस ने कर ली है. पुलिस सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. यह मामला जिले के तुपुदाना ओपी क्षेत्र का है. जहां आरोपियों ने एक नाबालिग का पहले अपहरण किया, फिर उसे अपने साथ ले गए और रातभर उसके साथ दुष्कर्म किया. घटना के संबंध में तुपुदाना ओपी पुलिस को रविवार को जानकारी मिली.

#### क्या है मामला

घटना के संबंध में नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से खूंटी की रहने वाली है. अपने प्रेमी से मिलने के लिए खूंटी से रांची आयी थी. लेकिन शनिवार की रात प्रेमी के साथ अनबन हो गई और वह उसके घर से बाहर निकल सड़क पर आ गई. नाबालिग को अकेली देख पहले बाइक सवार तीन युवकों ने हुलहुन्दू के पास चउसे रात करीब 9 बजे अगवा किया.

### आओ जानें

#### देश के इन राज्यों में कितने प्रशासनिक अधिकारियों का पोस्ट खाली है

| | | | |
|---|---|---|---|
| झारखंड | : 67.6 | राजस्थान | : 37.3 |
| कर्नाटक | : 14.5 | आंध्रप्रदेश | : 23.2 |
| केरला | : 6.9 | बिहार | : 25.8 |
| मध्यप्रदेश | : 41.4 | छत्तीसगढ़ | : 64.7 |
| तमिलनाडु | : 11.0 | गुजरात | : 30.0 |
| तेलंगाना | : 8.0 | हरियाणा | : 34.6 |
| उत्तरप्रदेश | : 36.1 | | |
| उत्तराखंड | : 77.1 | | |
| पश्चिम बंगाल | : 24.3 | | |
| महाराष्ट्र | : 22.0 | | |
| ओडिशा | : 23.3 | | |
| पंजाब | : 29.3 | | |



पुलिस की साइबर सेल को मिली कामयाबी

# मोबाइल लोकेशन के आधार पर तीन साइबर ठग गिरफ्तार

आशीष टैगोर । लातेहार



पुलिस की साइबर सेल को मिली मोबाइल लोकेशन के आधार पर लातेहार थाना पुलिस ने तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. तीनों की गिरफ्तारी लातेहार शहर के रिहायशी एवं घनी आबादी वाले चंदनडीह मुहल्ले की गई है. ठग यहां एक किराये के मकान में रह कर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे. तीनों ठग बिहार के हैं. पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता इस आशय की जानकारी दी. एसपी ने बताया कि नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल (एनसीसीआरपी) पर साइबर ठगी का एक मामला प्रकाशित हुआ था. उस मामले में तेलंगाना के एक व्यक्ति सोसैय्या वेंकट सिंह से तीन हजार रूपये की ठगी की गयी थी.

**पुलिसिया अनुसंधान में लोकेशन का पता चला :** पुलिसिया अनुसंधान में पाया गया कि इस घटना में शामिल साइबर ठगों का लोकेशन लातेहार थाना के चंदनडीह मुहल्ला है. सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया. इस दल में साइबर सेल के भी लोग शामिल थे. लोकेशन के आधार पर चंदनडीह मुहल्ले के एक मकान में छापेमारी की गई. वहां तीन साइबर ठग पुलिस के हत्थे चढ़े. साइबर ठगों में आनंद कुमार (20), सूलीचंद कुमार (23) और छोटू कुमार का नाम शामिल है. तीनों बिहार के थाना बरबिघा, शेखपुरा के रहने वाले हैं. शुभम संदेश संवाददाता के द्वारा पूछे जाने पर एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है. इसके लिए बिहार के पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया गया है.

#### खास बातें

- तेलंगाना के एक व्यक्ति से की थी ठगी
- शहर के चंदनडीह मुहल्ले से पकड़ाए तीनों अपराधी

#### साइबर ठगी में 29 मोबाइल बरामद हुए

पुलिस ने साइबर ठगी में प्रयुक्त किए गए सामान बरामद किये गये हैं. इनमें 29 मोबाइल फो, 25 सिम कार्ड, पांच मोबाइल चार्जर, एक एक्सटेंशन बोर्ड व एक नया इनवेलप का बंडल बरामद किया है. इसके अलावा दो अन्य कॉपी भी बरामद किये गये हैं. इन कॉपियों में साइबर ठगी से संबंधित लेखा-जोखा अंकित है. इस छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस अधिकारी संतोष कुमार मिश्र, पुअनि गौरव सिंह, राज रोशन सिंह, मोहम्मद शाहरुख व देवानंद कुमार, साइबर सेल के सुरेश सिंह और विक्रम वीरेंद्र कुमार के अलावा लातेहार थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे.

### साइबर अपराध में संलिप्त युवक पकड़ाया, क्रेडिट कार्ड बरामद

संवाददाता । गोड्डा

साइबर ठगी करने में महारत हासिल युवक को मुफ्फसिल पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. गिरफ्तार अपराधी पिछले एक साल से अधिक समय से लोगों को ठगी का शिकार बना रहा था. दरअसल, पुलिस अधीक्षक को यह सूचना मिली कि मुफस्सिल थाना अंतर्गत ग्राम तिलोलिया से एक युवक लगातार साइबर क्राइम की घटना को अंजाम दे रहा है. इस सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक ने एक टीम गठित कर पकड़ने के लिए लगाया. इस पर मुफस्सिल थाना प्रभारी गजेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर तलाश की जाने लगी. लोकेशन के आधार पर जब पुलिस ग्राम तिलोलिया स्थित सोनू कुमार मंडल पिता छेदी मंडल के आवास पर पहुंची तो उसे रंगे हाथों क्राइम करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया. इसके पास से तीन मोबाइल पांच क्रेडिट कार्ड एवं अन्य उपकरण जब्त किया गया. पूछताछ के क्रम में सोनू मंडल ने बताया कि वह पिछले एक साल से साइबर ठगी के धंधा में शामिल रहा है. फर्जी सिम कार्ड फर्जी बैंक खाता के जरिए धंधा करता है. अनजान मोबाइल नंबर पर वह एक एप्लीकेशन मैसेज भेजता है और जैसे ही उस एप्लीकेशन को मोबाइल धारक ऑन करते हैं तो एक ओटीपी आता है उस ओटीपी को यह अपने मोबाइल पर देख लेता है और फिर पेटीएम के जरिए पैसे की निकासी कर लेता है. ऐसे कई लोगों को ही अपना शिकार बन चुका है. इस धंधा का संचालन ग्रहण के द्वारा किया जा रहा है इसमें अन्य कई लोग शामिल है एस सीडीपीओ जेपीएन चौधरी ने इस संबंध में आम लोगों से अपील किया है कि वह अपने मोबाइल पर किसी भी अनजान कॉल और अंजन एप्लीकेशन का लिंक ना खोले अनीता भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. छापेमारी दल में थाना प्रभारी गजेश कुमार के अलावा प्रशिक्षु डीएसपी गौरव कुमार अमित अभिषेक अजय राम, अमित कुमार टेक्निकल टीम की शाखा एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे.

### तिसरी साप्ताहिक बाजार से दो बाइक की चोरी

**तिसरी (गिरिडीह)** । रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार से दो बाइक को उचक्कों द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया है. चोरी हुई बाइक खिजुरी और भुराय के व्यक्ति की बताई जा रही है. ये लोग सब्जी खरीदने तिसरी बाजार आए हुए थे. इसी दौरान मौका देख उच्चकों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया. जानकारी के अनुसार खिजुरी निवासी दिलीप तुरी और भुराय निवासी एक व्यक्ति बाइक से तिसरी मार्केट से सब्जी खरीदने के लिए आए थे. तभी अज्ञात चोरों द्वारा उनका वाहन चोरी कर लिया.

### शिविर से बाइक की चोरी

**बेंगाबाद (गिरिडीह)**। बेंगाबाद प्रखंड के जेरूआडीह पंचायत में सोमवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर से एक बाइक की चोरी हो गई. बाइक मालिक अपनी बाइक को पंचायत भवन के समीप खड़ी कर शिविर में गए हुए थे. इसी दरम्यान उसकी बाइक की चोरी हो गई. इस संबंध में भुक्तभोगी जेरूआडीह पंचायत स्थित प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि वह अपने भतीजे अजय कुमार गुप्ता की ग्लैमर बाइक को लेकर बेटी के साथ शिविर में गए थे.

### गोड्डा में छापेमारी कर 38 टन कोयला जब्त किया, केस



संवाददाता । गोड्डा

ईसीएल के राजमल क्षेत्र की सुरक्षा टीम के नेतृत्व में सोमवार को स्थानीय प्रशासन के सहयोग से विशेष छापामारी अभियान चलाया गया. टीम ने अवैध रूप से जमा किए गए 38 टन कोयले को जब्त कर लिया. सीआईएसएफ के जवानों ने इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की. छापेमारी अभियान खनन क्षेत्र के हरर्रखा एवं बसडीहा साइड में चलाई गई जिसका नेतृत्व सीआईएसफ इंस्पेक्टर कौशिक साह एवं ईसीएल सिक्योरिटी के अधिकारियों में प्रणव कुमार एवं विनोद टोपनो ने किया. जब्त किए गए कोयला को राजमहल परियोजना को सुपुर्द कर दिया गया है.

उल्लेखनीय है कि कोयले की चोरी राजमहल क्षेत्र में बरसों से लगातार की जा रही है. पर स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन इसे रोकने में विफल रही है. इस संबंध में पूछे जाने पर राजमहल परियोजना के सिक्योरिटी इंचार्ज विनोद टोपनो ने बताया कि लगातार कोयले की चोरी को रोकने के लिए छापेमारी अभियान की जा रही है . बसडीहा एवं हर्रखा ग्रामीणों द्वारा खनन क्षेत्र से कोयले की अवैध चोरी कर खनन क्षेत्र के बाहर एवं अंदर लावारिस अवस्था में रखा गया था, जिसे छापेमारी अभियान के दौरान 36 टन कोयला जब्त कर लिया. उन्होंने बताया कि खनन क्षेत्र के आसपास ग्रामीणों द्वारा खनन क्षेत्र से कोयले की अवैध निकासी की जाती है, जो बिल्कुल अपराध है.

बाघमारा और बरोरा में सड़क दुर्घटना

### एक युवक की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता । बाघमारा/बरोरा

बाघमारा व बरोरा थाना क्षेत्र में सोमवार के दिन हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक बाघमारा थाना क्षेत्र के भीमकनाली पंचायत भवन के समीप बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे स्थानीय युवकों ने उठाकर डुमरा क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है. मृतक दुगदा की ओर से आ रहा था. संभवत सड़क पर बने ठोकर से टकराने के कारण वह गंभीर



रूप से घायल हो गया.


दूसरी घटना, बरोरा थाना के मुराईडीह हटिया के समीप दो बाइकों के आपस में टकराने से बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जिनमें एक की हालात नाजुक बताई जा रही है. मौके पर पहुंची बरोरा पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए डुमरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया. बताया जाता है कतरास छाता बाद निवासी शहबाज अंसारी एवं उसका दोस्त आफताब कुरेशी आसपास छाताबाद से गोमो जा रहा था. इसी बीच मुराईडीह हटिया के समीप अपने घर मुराईडीह जा रहे फनी लाल महतो के बाइक से उनकी टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में अपने घर जा रहे थे दोनों घायल युवक शाहबाज एवं आफ़ताब को उनके परिजन इलाज हेतु कतरास ले गए.

**एंबुलेंस नहीं मिलने से हुई परेशानी :** बताया जाता है कि डुमरा अस्पताल में 24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा देने वाला एम्बुलेंस समय पर नहीं मिलने से घायल युवकों एवं उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. घायल युवकों के परिजन द्वारा आनन-फानन में दूसरी गाड़ी की व्यवस्था करने के बाद अस्पताल में एम्बुलेंस आया.

### जमीन विवाद में घर में घुसकर मारपीट की, घायल अस्पताल में

संवाददाता । बोकारो

बोकारो जिले के के हरला थानाक्षेत्र के रानीपोखर गांव में सोमवार को कुछ लोगों ने भूमि विवाद को लेकर घर में घुसकर एक युवक की पिटाई कर दी. इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायल युवक का नाम गोविंद महतो बताया जा रहा है. गोविंद ने बताया कि जब वह घर में था, तभी मुकेश कुमार एवं तारकेश्वर राय आ धमके तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे.



गोविंद ने बताया कि उसने एक जमीन रजिस्ट्री करवायी है, जिसके बाद आरोपियों ने पुनः उस जमीन की रजिस्ट्री करवाई. अब उस जमीन को खाली कराने के लिए उस पर दबाव बनाया जा रहा है. इसी को लेकर सोमवार को वे घर में आ धमके और उसपर जमीन खाली करने का दबाव बनाने लगे. जब उसने इंकार किया तो उसपर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया.

### थाने से आधा किमी की दूरी पर मजदूर की चाकू घोंप कर हत्या

**गुमला** । सदर थाना क्षेत्र से महज पांच सौ मीटर दूरी स्थित कुम्हारटोली में रविवार की रात किराए के मकान में रह कर मजदूरी का काम करनेवाले युवक अयूब शेख 25वर्ष की अज्ञात अपराधियों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी. मृतक अयूब शेख बेड़ो थाना क्षेत्र के कादोजोरा गांव निवासी हैदर शेख का पुत्र था. सूत्रों के अनुसार पिछले एक-डेढ़ साल से गुमला में किराए का मकान लेकर रहता था और दैनिक मजदूरी का काम करता था. स्थानीय लोगों के सूचना पर पुलिस ने अयूब का शव उसके किराए के मकान के बाहर से बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया.

एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की क्राइम मीटिंग, बोले-

### लंबित मामलों को जल्द निपटाएं

संवाददाता । गिरिडीह

गिरिडीह के पपरवाटांड़ स्थित पुलिस ऑफिस हॉल में सोमवार को पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग की. इस दौरान लॉ एंड ऑर्डर को बरकरार रखने के लिए पुलिस कप्तान ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया. उन्होंने लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन और नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सभी एसडीपीओ और थानेदारों को अपने-



अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रहे और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको लेकर हर समय तत्पर रहने को कहा. इस बाबत पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि नए साल के आगमन को लेकर आज सभी एसडीपीओ और थानेदारों के साथ बैठक की गई. उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्यटक स्थलों पर लोगों की भीड़ बढ़ेगी. पिकनिक स्पॉटों पर सैलानियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको लेकर इस क्राइम मीटिंग में चर्चा की गई. साथ ही थानेदारों को तेज गति से लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर दिशा-निर्देश दिया. मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी व नीलम कुजूर, एसडीपीओ समेत सभी थाना के थानेदार मौजूद थे.

### खरकाई नदी से युवक का शव बरामद

**जमशेदपुर** । जमशेदपुर के जुगसलाई थाना अंतर्गत इस्लाम नगर स्थित खरकाई नदी घाट से सोमवार सुबह एक युवक का शव पाया गया. पानी में शव



तैरता देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है. पहचान नहीं होने की बात कह कर पुलिस ने इस मामले में कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया है.

### तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, तीन घायल

**जमशेदपुर** । मानगो थाना अंतर्गत चेपा पुल से कुछ दूरी पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई. इस दुर्घटना में कार सवार तीन लोग फंस गए. घटना के समय वहां से गुजर रही आजादनगर थाना की गश्ती टीम ने तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से कार को सीधा किया और उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाल कर एमजीएम अस्पताल भिजवाया. तीनों घायलों को हल्की चोट आई हैं. इधर, दुर्घटना की सूचना पाकर मानगो पीसीआर टू की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और कार को जब्त कर थाना ले गई. पीसीआर के एएसआई जगन्नाथ उरांव ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार पारडीह से गोलमुरी की ओर जा रही थी तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई. सभी घायल गोलमुरी के रहने वाले हैं और टेंट हाउस का काम करते हैं.

**बयान** पुलिस को दिए बयान में आरोपी ने दी जानकारी, बताया-अमन के लिए काम करने को भेजा था

# नेपाल में रहता है आशीष रंजन, कुणाल ने कराई थी बात

संवाददाता । धनबाद

पुलिस को दिए बयान में आरोपी ने और भी जानकारी दी थी. कहा कि कुणाल ने बताया था कि अमन सिंह का एक दोस्त आशीष रंजन है, जो नेपाल में रहता है और यह बहुत बड़ा बदमाश है. अमन हमारी बात आशीष से भी करा देता था. कभी-कभी वे लोग उसे सीधे फोन करके भी बातचीत करते थे एवं बोलते थे कि कोई दिक्कत होगी तो बताना. लेकिन वह कभी उन दोनों से आमने- सामने नहीं मिला था. उसकी फुआ के गांव का रहने वाला दोस्त योगी आशीष यादव एक मारपीट के केस में जेल चला गया था. जेल से निकलने के बाद जब यह अपने गांव आया, तो वह उस दिन अपनी फुआ के घर में ही था, तो उसने कहा कि जब वह जेल में था, तो वह उसे देखने तक नहीं आया. तो उसने कहा कि भाई मैं गया था, लेकिन जेल में किसी ने मिलने नहीं दिया.

**आशीष यादव ने फोन छीना, गाड़ी भी लेकर भाग गया :** इसी साल सितंबर के अंतिम सप्ताह में आशीष यादव ने उसे लवकुश यादव, जो ग्राम सतेबर जिला-प्रतापगढ़ का रहने वाला है, को प्रतापगढ़ से साथ लेकर फतनपुर गया. आशीष यादव ने किसी से एक फोन छीना था, उसी से किसी आर्टिगा कार वाले को फोन कर बुलाया एवं बोला कि प्रयागराज एसआरएन अस्पताल से एक मरीज को लाना है, तो गाड़ी वाला तैयार हो गया. सभी प्रयागराज के लिए निकले, लेकिन रास्ते में ही योगी ने ड्राइवर से कहा कि उसका मरीज डिस्चार्ज होकर अस्पताल से निकल गया है. हमलोगों को पुनः वापस छोड़ दो. सभी लोग उसी गाड़ी से लौटने लगे, तो बहरिया में कार रोक कर बीयर खरीदा.

#### पुलिस पीछे पड़ी तो दिल्ली भाग गया, छुप-छुप कर रहने लगा

पुलिस जब सबको खोजने लगी तो वह भाग कर दिल्ली चला गया और छुप-छुप कर इधर-उधर रहने लगा. इसी बीच योगी एवं लवकुश को पुलिस ने पकड़ लिया. दिवाली के समय में दिल्ली से लौट कर घर पर रह रहा था, तभी पुलिस को किसी ने सूचना दे दी. पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी तो वो फिर से भाग कर प्रतापगढ़ चला गया. छिप-छिप कर रह रहा था कि एक दिन उसे कुणाल ने फोन कर प्रतापगढ़ के बगल में चिलविला नामक स्थान पर बुलाया और कहा किआशीष ने फोन किया था और तुम्हें नेपाल बुलाया है. उसने आशीष रंजन से फोन पर बात भी करायी. तीन-चार दिन के बाद वह कुणाल के साथ नेपाल चला गया, जहां एक होटल में आशीष रंजन से उनकी मुलाकात हुई. आशीष रंजन ने कहा कि तुम्हारा केस हम खत्म करा देंगे.

#### अमन के लिए काम करने की बात कह भेजा था धनबाद

तब आशीष रंजन ने धनबाद जाने को कहा और बताया कि अमन भैया ने बुलाया है. कोई काम करना है, वहां हमारे लड़के हैं. वहीं रहना और जो काम करना है, वह हमारे लड़कों के साथ मिलकर करना है. उसके बाद आशीष ने उसे एक मोबाईल दिया और बोला कि इसी मोबाईल से हमसे बात होगी. आशीष रंजन ने उसे एक लाख रुपये दिया. वह दो-तीन दिन नेपाल में रहने के बाद वापस प्रतापगढ़ आ गया और उक्त रुपये से कर्ज उतार दिया. 23 नवंबर को वह बनारस आया एवं ट्रेन पकड़कर 24 नवंबर की दोपहर आसनसोल स्टेशन आ गया. फिर आशीष को आसनसोल पहुंचने की बात बतायी. स्टेशन पहुंचने के बाद आशीष ने उससे पहने हुए कपड़े के बारे में पूछा, तो उसने उसे बता दिया. आशीष ने कहा कि मेरे लड़के या कोई भी तुम्हारा नाम पता पूछेगा, तो अपना नाम सुंदर महतो, पिता गुरुचरण महतो, पता-चन्द्रपुरा, जिला-बोकारो बता देना. वह बोला कि स्टेशन के बाहर चले जाओ, तो मैं स्टेशन के बाहर निकलकर जाने लगा. फुटबॉल मैदान के पास एक अनजान व्यक्ति हेलमेट पहने मिला. उसने उसे रीसिव किया और बिना नंबर प्लेट की बाइक से सिंगल रास्ता से लेकर चला. रास्ते में उसका मोबाईल एक तालाब जैसे गडढा के पानी में फेंक दिया. उस मोबाईल का नंबर उसे नहीं मालूम है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चंद्रमा अस्त है. समय सामान्य है. भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य में बाधा होंगे. पर पूर्व कर्म फलीभूत होंगे. क्रोध व उत्तेजना पर संयम रखें. ईष्ट मित्रों से मुलाकात होगी. शुभ समाचार मिलेंगे. रोजगार में वृद्धि होगी.

**वृषभ** धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा. प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. बेरोजगारी दूर होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी. अन्न का दान करें.

**मिथुन** व्यावसायिक चिंताएं दूर होंगी. प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए. स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे. विरोधी परास्त होंगे. अप्रत्याशित खर्च होंगे. कर्ज लेना पड़ सकता है.

**कर्क** कोई धार्मिक या शोध संबंधित यात्रा हो सकता है. साथ ही तनाव हो सकता है. धन प्राप्ति के योग हैं. यात्रा सफल रहेगी. लेनदारी वसूल होगी. आय में वृद्धि होगी. लेन-देन में सावधानी रखें. झाड़ू का दान मंदिर में करें.

**सिंह** माता से किसी बात को लेकर अनबन हो सकता है. व्ययवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी. यात्रा कष्टप्रद हो सकती है. धैर्य एवं संयम बना रहेगा. निजीजनों में असंतोष का वातावरण रहेगा.

**कन्या** समय उत्तम है. कार्य बनने से मन खुश होगा. अध्यात्म में रुचि रहेगी. भूमि-आवास की समस्याओं में वृद्धि होगी. व्यापार-व्यवसाय सामान्य चलेगा. कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें. अन्न का दान करें.

**तुला** कार्य के प्रति सफलता के योग बनेंगे. सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे. ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी. चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा.

**वृश्चिक** समय बहुत ही उत्तम है. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें. मांगलिक आयोजन होंगे. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी. प्रसन्नता रहेगी. आलस त्यागे, जिससे कार्य जल्द होगा.

**धनु** खर्च अधिक होगा. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. नौकरी में अधिकारियों का उचित सहयोग नहीं रहेगा. लेन-देन के विषय में विवाद हो सकता है. राजकीय क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे, जो आपको लाभ प्रदान करेंगे.

**मकर** आय का मार्ग मिलेगा. साथ ही यात्रा मनोरंजक रहेगी. उत्तम मनोबल से समस्याओं का हल निकलेगा. दिखावे व आडंबरों से दूर रहना चाहिए. दांपत्य जीवन शुभतापूर्ण रहेगा. लापरवाही की प्रवृत्ति का त्याग करें. शनि को बल दे.

**कुंभ** पिता के कार्य और सहयोग से लाभ होगा. व्यवसाय सामान्य रहेगा. कार्य निर्णय बहुत ही शांति से विचार करके करना चाहिए. व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे. व्यर्थ के कार्यों से तनाव होगा. मिठाई गरीबों को दान करें.

**मीन** दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा होगा. ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा. किसी पर अधिक विश्वास न करें. आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी. संतान पर नजर रखें. समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ोतरी होगी. भोजन किसी गरीब को दान दे.

**यूजीसी गाइडलाइन : विश्वविद्यालयों में संचालित होंगे शॉर्ट टर्म स्किल सेंटर**

# इंटर के बाद खुद की प्रतिभा विकसित कर सकेंगे स्टूडेंट्स

अमित सिंह। रांची

नौकरी बाजार में तेजी से बदलते ट्रेंड को देखते हुए यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन मिशन (यूजीसी) ने नया गाइडलाइन जारी की है. इसके तहत सभी विश्वविद्यालयों को शार्ट टर्म स्किल सेंटर संचालित करने होंगे. सेंटर का संचालन नहीं करने वाले विवि पर यूजीसी द्वारा कार्रवाई की जाएगी. यूजीसी 29 फोकस क्षेत्रों में अल्पकालिक कौशल विकास पाठ्यक्रम लेकर आया है, जिसमें व्यावहारिक शिक्षण पर अधिक जोर दिया गया है. फोकस क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स आदि विषय शामिल हैं.



### खुद के खर्च से संचालित होगा सेंटर

तेजी से बदलते नौकरी बाजार में, छात्रों और पेशेवरों के लिए नौकरी पाने या करियर की सीढ़ी चढ़ने के लिए, आवश्यक कौशल हासिल करने में शॉर्ट टर्म स्कील सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इस सेंटर का खर्च सेंटर को खुद उठाना हेगा. सरकार द्वारा सेंटर का किसी प्रकार का खर्च नहीं दिया जाएगा. सेंटर में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के तहत नियुक्त लोग पढाएंगे. विवि सेंटर का संचालन किसी गैर सरकारी संस्था आदि के साथ भी मिलकर कर सकते हैं. इस संबंध में 12वीं के बाद छात्रों को प्रोफेशनल ट्रेनिंग के साथ कोर्स भी कर सकेंगे. जिससे उनका खुद का स्किल डेवलप हो.

### तीन से छह महीने का होगा कोर्स

सेंटर के सहयोग से स्टूडेंट तीन महीने से छह महीने में खुद को उद्योग और बाजार संचालित कौशल से लैस कर सकते हैं. प्रमाणन प्राप्त कर सकते हैं और ऐसे कौशल विकास पाठ्यक्रमों से अर्जित क्रेडिट का उपयोग अपनी डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए भी कर सकते हैं. यूजीसी ने उच्च शैक्षणिक संस्थानों (एचईआई) में अल्पकालिक कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए दिशानिर्देशों को मंजूरी दी है.

### सेंटर में इन कोर्स की होगी पढाई

साइबर सिक्यूरिटी, 5जी कनेक्टिविटी, डिजिटल ट्रांसफामेंशन, रोबोटिक्स, इंटरनेट आफ थिंग्स, स्मार्ट सिटी, इलेक्ट्रोनिक्स डिलाइन, इलेक्ट्रोनिक्स मैनुफैक्चरिंग, डाटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, वर्चुअल रियलिटी, इंअरस्ट्रियल आटोमेशन, 3डी प्रिटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निग आदि सेक्टर से जुड़े शॉर्ट टर्म कोर्स की पढाई होगी.

### सेंटर का उद्देश्य, जानिए कैसे होगी पढ़ाई

- शर्ट टर्म स्किल कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को हुनर से दक्ष बनाना है.
- **सेंटर के सहयोग से स्टूडेंट्स उद्योगों की जरूरत के हिसाब से स्वयं को तैयार कर सकेंगे.**
- स्किल कोर्स के लिए न्यूनतम 12 क्रेडिट और अधिकतम 30 क्रेडिट स्कोर तय किया हे, जिसमें विद्यार्थियों को पढाई के साथ्ञ प्रायोगिक कक्षाएं भी कराई जाएंगी.
- **एकेडमिक बैंक क्रेडिट के आधार पर एक क्रेडिट के लिए विद्यार्थियों को कम से कम 15 घंटे पढाई करानी होगी. वहीं प्रशिक्षण में एक क्रेडिट के लिए 30 घंटे का काम अनिवार्य होगा.**

**विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत**

# अमृत काल में देश कई मोर्चों पर तेजी से कर रहा प्रगतिः राज्यपाल

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि अमृत काल में भारत कई मोर्चों पर तेजी से प्रगति कर रहा है. समग्र शिक्षा जैसी योजनाओं के तहत बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार किया गया है. राज्यपाल सोमवार को राजभवन में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए विकसित भारत 2024 वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम में शिक्षाविदों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है.

- झारखंड विकसित तभी होगा, जब यहां के लोग विकसित होंगे

**भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था :** राज्यपाल ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है. तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है. प्रधानमंत्री निरंतर प्रयासरत हैं कि इस देश का प्रत्येक व्यक्ति आर्थिक रूप से समृद्ध हो. हम भारत को फिर 'विश्वगुरु' के रूप में देखना चाहते हैं. अपने राष्ट्र को विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखना चाहते हैं जो दूसरे के प्रति भी करुणा रखता है. कोरोना महामारी काल में हमारे वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से ही बहुत कम समय में कोविड टीका विकसित किया गया. हमारे देश के लोगों का न केवल वृहत पैमाने पर टीकाकरण हुआ, बल्कि मानवता की रक्षा के लिए अन्य कई देशों को निःशुल्क टीका भेजा गया.



### 2047 में सभी क्षेत्रों में करना है समग्र विकास

राज्यपाल ने कहा कि 2047 में सभी क्षेत्रों में समग्र विकास करना है. विकास के इस परिभाषा को गढ़ने में हमारे शैक्षणिक संस्थानों को आगे बढ़कर योगदान करना होगा और विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करना होगा. आज प्रधानमंत्री सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं और इस कारण संसाधनों का सही उपयोग हो पा रहा है. देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है. झारखंड विकसित तभी होगा, जब यहां के लोग विकसित होंगे. यहां के लोग तभी विकसित होंगे जब प्राकृतिक संसाधनों का समुचित लाभ उन तक पहुंच पाएगा. कार्यक्रम में आईआईएम रांची के निदेशक डॉ दीपक श्रीवास्तव, झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी के कुलपति प्रो डीके सिन्हा, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे.

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

1. झारखंड में नागवंशी राजाओं की राजधानी सुतियांबे कहां है – रांची
2. किस वंश अधार्मिक माना जाता था – नंद
3. किस देश के कोर्ट ने गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर किया है – मेक्सिको
4. एन इंट्रोडक्शन टू संताल लैंग्वेज पुस्तक किस वर्ष लिखी गयी थी – 1852
5. विश्व जैव विविधता दिवस कब मनाया जाता है – 22 मई
6. बिंबिसार ने कितने वर्षों तक शासन किया था – 52
7. दुमका के मसानजोर डैम को किस नाम से जाना जाता है – कनाडा बांध
8. गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान किस प्रदेश में है – उत्तराखंड
9. किस गुफा में हाथी के अग्र भाग की शिला स्थित है – धौली गुफाएं

# शहीद अलबर्ट एक्का के जन्म दिवस पर पीएम को आने न्योता दिया

संवाददाता। रांची

शहीद अलबर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का ने परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अलबर्ट एक्का के जन्मदिन के मौके पर गुमला जिले के जारी गांव आने का न्योता दिया है. वे सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने सरकार से मांग की है कि अलबर्ट एक्का के जन्मदिवस को राष्ट्रीय त्योहार का दर्जा दिया जाए. बताया कि 1971 में भारत-पाकिस्तान के युद्ध में अलबर्ट एक्का शहीद हुए थे. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि 27 दिसंबर को अलबर्ट एक्का का जन्मदिवस मनाया जाएगा.

### शहादत बलिदान की याद दिलाता है : दिनेश

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव ने कहा कि सैनिकों की शहादत युवा वर्ग को बलिदान की याद दिलाता है. संयोजक दिलीप बड़ाईक ने कहा कि अलबर्ट एक्का के परिवार को सम्मान नहीं मिल रहा है. मौके पर स्वामी दिव्यानंद, रजनी एक्का, संजय साहू प्रो. मणिगोपा चक्रवर्ती, डॉ विजय राज, प्रियंका असुर मौजूद थे.

## कर्मियों ने दिया जंतर-मंतर पर धरना



**रांची।** अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर का धरना दिल्ली के जंतर मंतर में आयोजित किया गया. धरना में देशभर के एनएचएम अनुबंधकर्मी और आंगनबाड़ी कर्मचारी शामिल हुए. संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि 15 साल बीत जाने के बाद भी एनएचएम कर्मियों व एड्स नियंत्रण कर्मियों को अपनी मांगों को लेकर राज्यों में संघर्ष करना पड़ रहा है. हमारी मांग है कि एक राष्ट्र एक मानदेय की सुविधा सभी कर्मियों को दी जाए. क्योंकि राज्यों में ना तो स्थाईकरण की कोई नीति है और ना ही वेतन बढ़ोतरी की. इन्हीं मांगों को लेकर धरना दिया गया.

## सीसीएल : 50 मिलियन टन उत्पादन

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अब तक के इतिहास का सबसे तेज 50 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है. पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 दिन पहले ही टीम सीसीएल द्वारा इस उपलब्धि को प्राप्त किया गया. कंपनी द्वारा ओबीआर, कोयला प्रेषण तथा उत्पादन में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी है. ज्ञात हो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कंपनी को 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे संसाधनों का समुचित उपयोग ,बेहतर तकनीकी क्षमता व टीम समन्वय के बदौलत टीम सीसीएल सफलतापूर्वक प्राप्त करने की ओर अग्रसर है. कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में भी 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त किया था. सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी के कुशल नेतृत्व में कंपनी दिनानुदिन सफलता की नयी ऊंचाइयों को छू रही है. इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए डॉ. रेड्डी ने कहा कि यह प्रत्येक कर्मी के समर्पण का परिणाम है.

**वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति ने सरकार पर साधा निशाना**

# ओबीसी को 27% आरक्षण देने में विलंब कर रही है राज्य सरकार



पत्रकार सम्मेलन में जानकारी देते समिति के पदाधिकारी.

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश वैश्य मो केंद्रीय समिति ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने में विलंब करने का आरोप लगाया है. मीडिया से बातचीत करते हुए वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने ओबीसी को 27% आरक्षण मिलने में देरी और वैश्य मोर्चा के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू की मिक्सचर मशीन जब्त करने की कार्रवाई को गलत बताते हुए सरकार के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया . कहा कि वैश्य समाज राज्य सरकार से खिलाफ काफी नाराज है. हम मांग करते हैं कि सरकार तत्काल अपने वायदे पूरा करे. इसके साथ उन्होंने कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू की मिक्सचर मशीन के समान को पतरातू अंचल के भदानीनगर थाना प्रभारी धनंजय प्रसाद द्वारा जब्त कर झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया. प्रशासन व सरकार से केस खत्म करने की मांग की. थाना प्रभारी धनंजय प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई की करने की भी मांग रखी.

वैश्य समाज का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर भदानीनगर थाना प्रकरण की जानकारी देकर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा. 18 दिसंबर को विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय त्राहिमाम धरना-प्रदर्शन किया जाएगा. महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी से रामगढ़ में 72 घंटे की भूख हड़ताल की जाएगी. मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, आदित्य नारायण प्रसाद, केंद्रीय सदस्य नरेश साहू, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, मीडिया प्रभारी राहुल साहू, हलधर साहू भी उपस्थित थे.

## बेतला में राजद का प्रशिक्षण शिविर, युवा कार्यकर्ता होंगे ट्रेंड

**रांची।** युवा राष्ट्रीय जनता दल संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं में लालू प्रसाद की सामाजिक न्याय की अवधारणा, गांधी, लोहिया, आंबेडकर और जयप्रकाश का समाजवाद, राजद के गठन के उद्देश्य और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं का भूमिका पर चर्चा करेगा. प्रदेश कार्यालय में युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी. बताया गया कि 15-16 दिसंबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बेतला में किया जा रहा है . इस शिविर में लातेहार, पलामू, चतरा, गढ़वा व लोहरदगा के युवा राजद कार्यकर्ता शामिल होंगे.

**प्रशिक्षण शिविर में ये होंगे शामिल :** प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड राजद के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, पूर्व मंत्री सह राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, युवा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलो मंडल, युवा राजद के झारखंड प्रभारी राजीव झा, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर लक्ष्मण यादव उपस्थित रहेंगे.

**आदिवासी संगठनों ने वीर बुधु भगत को श्रद्धासुमन अर्पित किया**

# कोल विद्रोह के 192 वर्ष पूरे, शहीद नायकों के बलिदान को किया याद

विशेष संवाददाता। रांची

महान कोल विद्रोह के 192 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने उन्हें याद किया और बलिदान को याद किया. आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले केंद्रीय धुमकुडिया भवन करम टोली चौक मोरहाबादी आयोजित कार्यक्रम में महान कोल विद्रोह मे शहीद हुए महानायक वीर बुधु भगत समेत सिंगराय मानकी बिंदराय मानकी व सभी क्रांतिकारी के बलिदान को याद किया गया.

**छोटानागपुर की जमीन बचाने का काम किया था वीर बुधु भगत ने :** इस मौके पर समिति के मुख्य संयोजक पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा कि 11 दिसंबर 1831 को तमाड़ से शुरू होकर 1832 तक आंदोलन पूरा छोटा नागपुर में चला चला. छठी और दसवीं शताब्दी के बीच में मानकियों ने अपने बीच मे एक राजा चुना और मुंडाओं के बीच में राजा प्रथा का आरंभ हुआ.

17वीं शताब्दी के अंत तक राज परिवार पूरी तरह से मुंडा रीति रिवाज छोड़कर अपने आप को राजपूत समझने लगा. अब वह आदिवासियों को हीन भावना से देखने लगा बात यहां तक पहुंच गई की 18वीं शताब्दी के अंत तक में राजा आदिवासियों को दबाने के लिए गैर आदिवासियों की सहायता लेने लगा बाहरी लोगों के आगमन से आदिवासियों की भूमि व्यवस्था छिन्न-भिन्न होनी शुरू हो गयी.



श्रद्धांजलि अर्पित करते आदिवासी संगठन के प्रतिनिधिगण.

### अंग्रेजी शासनकाल में ही आदिवासी क्षेत्रों में गैर आदिवासियों का प्रवेश बढ़ गया था : शीतल उरांव


मौके पर पूर्व आईपीएस शीतल उरांव ने कहा कि 1765 में अंग्रेज शासन की स्थापना के साथ आदिवासी क्षेत्रों में गैर आदिवासियों का प्रवेश बढ़ गया. आदिवासियों में एक भयानक असंतोष की आग सुलग रही थी. इसके फलस्वरुप 1831–32 का महान कोल विद्रोह हुआ. इसमें महानायक वीर बुधु भगत, सिन्दराय मानकी, बिंदराय मानकी समेत अनेक वीर योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी. कार्यक्रम में प्रेमशाही मुंडा, कुदरसी मुंडा, सुशील उरांव, अभय भुटकुंवर, नारायण उरांव, बुधवा उरांव, अजीत उरांव आदि मौजूद रहे.

**गुड न्यूज** रांची, पूर्वी सिंहभूम व धनबाद में 30-30 व्यक्तियों की क्षमता वाले हाफवे होम का होगा निर्माण

# स्वस्थ मानसिक दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए हाफवे होम

कौशल आनंद। रांची

स्वस्थ हो चुके मानसिक दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए सरकार हाफवे होम का निर्माण करके उनके देखभाल की व्यवस्था करेगी. इसके लिए सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर सीएम का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है. भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मार्ग निर्देश पर तैयार रोड मैप के अनुसार महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग इसे शुरू करेगा. जानकारी के अनुसार रांची, पूर्वी सिंहभूम और धनबाद में 30-30 व्यक्तियों की क्षमता वाले कुल तीन हाफवे होम का निर्माण होगा. जिसका संचालन एनजीओ के द्वार किया जाएगा.



### आखिर क्यों महसूस हुई हाफवे होम जरूरत

दरअसल रिनपास एवं सीआईपी में कई ऐसे दिव्यांग मानसिक रोगी हैं जो वर्षों पहले ठीक हो चुके हैं मगर ठीक होने के बाद भी उनके परिजन या अन्य सगे-संबंधी उन्हें न देखने आते हैं और नही उन्हें अपने साथ ले जाने. इसके कारण दोनों मनचिकित्सक अस्तपाल में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है. इतना ही ठीक हो जाने के बाद ऐसे दिव्यांग मरीज का जीवन और भविष्य भगवान के भरोसे ही है. मनचिकित्सा अस्तपाल में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ने से प्रबंधन और संचालन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इसको देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है ताकि इनका पुनर्वास हो सके और उनका सही तरीके से देखभाल हो सके.

**आउटसोर्स से होम में कर्मी होंगे तैनात**

वैसे तो इसका संचालन एनजीओ के माध्यम से किया जाएगा. मगर इसमें मैन पावर की व्यवस्था सरकार आउटसोर्स के जरिए पूरी करेगी. सरकार हाफवे होम में गृहपति, कार्यालय सहायक, व्यावसायिक प्रशिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, रसोईया, हेल्पर, चिकित्सक, मनोचिकित्सक आदि की बहाली करेगी.

**रहने खाने-पीने और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा**

हाफवे होम में न केवल स्वस्थ्य हो चुके है दिव्यांग लोगों का पुनर्वास होगा, उनका देखभाल होगा बल्कि उनके खाने-पीने, रहने और स्वास्थय सुविधा का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा. इतना ही नहीं उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. ताकि वे चाहें तो बाहर जाकर अपना रोजगार कर सकते हैं या फिर होम के अंदर ही समान बनाएंगे जिसे बाहर के मार्केट में बेचा जाएगा.

## एमएसीपी संघर्ष मोर्चा की बैठक, 19 को धरना प्रदर्शन की तैयारी

**रांची।** राजधानी रांची के रातू रोड के गौरीदत्त मंडेलिया उच्च विद्यालय में एमएसीपी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर राज्य के प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभी शिक्षक प्रतिनिधियों की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता महासचिव गंगा प्रसाद यादव ने की. मौके पर राज्य के प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक के तमाम शिक्षकों को अपने ही राज्य के कर्मचारियों के समान एमएसीपी का लाभ दिए जाने की मांग के परिप्रेक्ष्य में मोर्चा द्वारा संघर्ष की योजना तैयार की गई है. निर्णय के अनुसार 21 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति गठन किया गया. समिति में प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधियों को शामिल किया गया, जो मोर्चा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए.

# 'मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने में भूमिका निभाएं'



रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में भाजपा विस्तारकों के साथ बाबूलाल मरांडी.

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश कार्यालय में भाजपा विस्तारकों की बैठक हुई. बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई. इस मौके पर बाबूलाल ने कहा कि सशक्त भाजपा से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है. पार्टी के कार्यकर्ता आज आम जनता की आशा और अपेक्षाओं को पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण पार्ट हैं. उन्होंने कहा कि देश समझ चुका है कि मोदी की गारंटी ही आत्म निर्भर भारत की गारंटी है. हमें मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभानी है. प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि लोकसभा में झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार के लिए राज्य की युवा शक्ति को,नव मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया.

# केंद्र के फैसले पर सर्वोच्च मुहर

जम्मू और कश्मीर मामले में सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद अब सभी पक्षों को यह समझ लेना चाहिए कि विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो गया है. जम्मू और कश्मीर के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षा के नजरिए से भी यह एक सही फैसला है, जिसमें पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली की बात कही गयी है. साथ ही भारतीय संविधान की सर्वोच्चता का भी पक्षपोषण किया गया है. आज की दुनिया में कश्मीर के लोगों के लिए यह एक अवसर की तरह भी है, जिसके सहारे वे अपने राज्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं. जम्मू और कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे को समाप्त करने वाले फैसले को सर्वोच्च अदालत ने सही करार दिया है. अपने बहुप्रतीक्षित फैसले में सर्वोच्च अदालत ने यह बात कही है. केंद्र सरकार ने संसद में संवैधानिक संशोधन कर जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का निर्णय लिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी. अपने फैसले में पीठ की अध्यक्षता कर रहे देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के सभी राज्यों के पास विधायी और कार्यकारी शक्तियां हैं. संविधान का अनुच्छेद 370 अलग-अलग राज्यों को विशेष दर्जा देने का उदाहरण है. जम्मू कश्मीर की भी अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है. इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा नहीं दिया जा सकता, लेकिन साथ ही जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने को भी कहा गया है. इसके साथ 30 सितंबर 2024 तक विधान सभा चुनाव कराने का भी निर्देश इस फैसले के तहत दिया गया है. अनुच्देछ 370 की समाप्ति पर सर्वोच्च अदालत की मुहर केंद्र सरकार की एक तरह से जीत है. आमतौर पर जम्मू-कश्मीर का मामला एक गंभीर और संवेदनशील मामला है. सर्वोच्च अदालत का फैसला एक तरह से पड़ोसी देश पाकिस्तान के कश्मीर-राग का भी जवाब है. कश्मीर के संवेदनशील मसले को हल करने के लिए समय-समय पर अनेक कदम उठाए गए हैं. इसमें अटल बिहारी बाजपेयी के जम्हूरियत, कश्मीरियत और इंसानियत का सूत्र भी शामिल है, जिसकी अब भी जरूरत महसूस की जाती रही है. अदालत ने केंद्र को जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश दिया. इसके अलावा, केंद्र शासित के रूप में लद्दाख के पुनर्गठन को बरकरार रखा गया. मामले की सुनवायी एक संविधान पीठ कर रही थी, जिसमें मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल थे. सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि संसद को संविधान के अनुच्छेद 370 में बदलाव करने का अधिकार है. इसके साथ ही फैसले में कहा गया है कि राष्ट्रपति को संविधान सभा भंग होने के बाद भी अनुच्छेद 370 के खंड 3 के तहत आदेश जारी करने की शक्ति थी.

> कश्मीर के संवेदनशील मसले को हल करने के लिए समय-समय पर अनेक कदम उठाए गए हैं. इसमें अटल बिहारी बाजपेयी के जम्हूरियत, कश्मीरियत और इंसानियत का सूत्र भी शामिल है, जिसकी अब भी जरूरत महसूस की जाती रही है.

## सुभाषित

**लेख दो-परोपदेशे पांडित्यं सर्वेषां सुकरं नृणाम्।**
**धर्मे स्वीयमनुष्ठानं कस्यचित् सुमहात्मनः।।**


दूसरों को उपदेश देकर अपना पांडित्य दिखाना बहुत सरल है. परन्तु केवल महान व्यक्ति ही उस तरह से धर्मानुसार अपना बर्ताव रख सकता है. अर्थात यदि आपमें सचमुच पांडित्य है तो आपके आचरण और व्यवहार में भी उस पांडित्य को झलकना आवश्यक है.

# मतदाताओं के भरोसे के राजनीतिक निहितार्थ

**मध्य प्रदेश में तो सच में कमाल हो गया. चुनाव से पहले भाजपा की हार को निश्चित माना जा रहा था. कहा जा रहा था कि वहां भाजपा तीन पाटों में विभाजित है, लिहाजा उसका फिर से सत्ता में लौटना नामुमकिन है और इन्हीं सब बातों को देखते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में अपनी पार्टी की जीत को सुनिश्चित करते हुए कहा था कि वह अधिक से अधिक सीट जीतकर अपनी सरकार बनाने जा रहे हैं.**



**• देश-काल**



निशिकांत ठाकुर

विधानसभा चुनाव पांच राज्यों के संपन्न हो गए, परिणाम भी आ गए, जिसमें अप्रत्याशित जीत हासिल करके कई राज्यों में भाजपा सत्ता में आ गई. वैसे भी देश के बड़े राज्यों में एक मध्यप्रदेश में भाजपा लगभग दो दशक से सत्ता में है. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहले भी मध्यप्रदेश की सत्ता की कमान संभाल रहे थे. हां, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के लिए तेलंगाना जीतकर भाजपा के लिए दक्षिण का द्वार बंद जरूर कर दिया. कुछ भी हो, हिन्दी बेल्ट के तीन राज्यों में परचम लहराकर भाजपा ने साबित कर दिया है कि अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अकेले अपने दम पर किसी भी राज्य का चुनाव जीतकर आगे की पंक्ति में अपनी पार्टी को खड़ा कर सकते हैं .चार राज्यों में मतदान का जो प्रतिशत निकलकर आता है, वह यह कि कांग्रेस इन राज्यों में 4 करोड़ 91 लाख जनता की पसंद है, जबकि भाजपा 4 करोड़ 81 लाख जनता की पसंद रही है. अब यह गहन जांच का विषय है कि मतदान का प्रतिशत अधिक होने के बावजूद कांग्रेस क्यों हार गई, लेकिन इसकी जांच करेगा कौन?

चुनाव परिणामों ने जीती हुई देश की प्रमुख पार्टी कांग्रेस की हार और हारी हुई भाजपा की जीत के अप्रत्याशित परिणामों ने संसद भवन में मोदी के कहे उस कथन पर मोहर लगा दी है कि 'देश में सन् 2047 में भी भाजपा का ही शासन रहेगा और उस साल का स्वतंत्रता समारोह भाजपा के शासन काल में ही मनाया जाएगा.' पृथ्वी से हजारों मील दूर चंद्रयान को जब रिमोट से संचालित किया जा रहा है, तो ईवीएम को क्यों नहीं संचालित किया जा सकता है? अरसा से ईवीएम संदेह के घेरे में है और सारी दुनिया जानती है कि कई देशों में ईवीएम द्वारा मतदान पूर्णतः प्रतिबंधित है, तो भारत में किस षड्यंत्र के तहत इसे जारी रखा गया है? जब कभी भी ईवीएम में गड़बड़ी की खबर आती है, तो उसमें भाजपा का चुनाव चिह्न स्पष्ट तौर पर लाभ मिलने की स्थिति में दिखाई देता है. इस पर भाजपा हमेशा खामोश रहती है. इस सच से देश की छोटी-बड़ी सभी राजनीतिक पार्टियां पूरी तरह से अवगत हैं, फिर क्यों ईवीएम के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन नहीं किया जा रहा है?

वैसे, इस चुनाव परिणाम के बाद देश का जनमानस कयास लगाने लगा है कि वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव अब एकतरफा होगा. ऐसा इसलिए, क्योंकि इन पांचों राज्यों के परिणाम ने सभी को रोमांचित कर दिया है. कोई इस बात की कल्पना नहीं कर पा रहा था कि भाजपा का अंडर करंट इतनी लहर है. यह बात चुनाव के अंतिम दिनों तक अनुमान या बड़े-बड़े चुनाव विशेषज्ञ भी बता नहीं सके कि आखिर क्या होने वाला है और परिणाम किसके पक्ष में जाने वाला है. आरोप तो भाजपा पर यह भी लगाया जा रहा है कि इन चुनावों में 'खेला' हुआ है, क्योंकि कांग्रेस इस उम्मीद में रही कि राजस्थान में मुख्यमंत्री निर्विवाद चेहरे के रूप में हैं और उनके द्वारा उनका बेड़ा पार हो जाएगा. लेकिन, भाजपा के मंझे रणनीतिकारों ने इसकी गहनता से छानबीन की और फिर गहलोत सरकार के उस नस को दबा दिया, जिसकी कल्पना कांग्रेस ने नहीं की थी. यही वजह है कि अब कहा जाने लगा है कि पूरे देश में इस चुनाव का असर होगा और 2024 में भाजपा एक बार फिर सत्ता हासिल करेगी. सच तो यह है कि ऐसा प्रायः होता नहीं है, जिसका प्रमाण देश की राजधानी स्वयं दिल्ली गवाह है. जहां भाजपा और कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में औंधे मुंह गिरना पड़ा था और परिणाम यह हुआ कि भाजपा और कांग्रेस सिंगल डिजिट में ही सिमट गई, लेकिन लोकसभा में उसी दिल्ली में एक भी लोकसभा सांसद आम आदमी पार्टी के निर्वाचित नहीं हो सके. मध्य प्रदेश में तो सच में कमाल हो गया. चुनाव से पहले भाजपा की हार को निश्चित माना जा रहा था. कहा जा रहा था कि वहां भाजपा तीन पाटों में विभाजित है, लिहाजा उसका फिर से सत्ता में लौटना नामुमकिन है और इन्हीं सब बातों को देखते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में अपनी पार्टी की जीत को सुनिश्चित करते हुए कहा था कि वह अधिक से अधिक सीट जीतकर अपनी सरकार बनाने जा रहे हैं. ऐसे हालात को देखकर या डरकर या हारी हुई बाजी जीतने के लिए या अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए या अपने आधुनिक चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह की रणनीति के तहत भाजपा ने केंद्रीय सरकार के मंत्रियों की फौज को विधानसभा चुनाव जीतने के लिए मैदान में उतार दिया. राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए मान लिया गया था कि ये दोनों राज्य तो कांग्रेस ही जीत रही है, लेकिन भाजपा के नीति-निर्माताओं ने अपनी नीतियों में बदलाव किया और आज तीनों राज्यों में भाजपा की सरकार बन रही है. जबकि राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की छवि स्वच्छ मानी जाती थी, जिन्होंने राज्य की जनता के लिए कई बेहतरीन योजनाएं दी थीं, लेकिन भाजपा की आंधी ने गहलोत की योजनाओं को तूफानी पत्तों को तरह हवा में उड़ा दिया.

अब प्रश्न यह है कि जब 1951-1952 में शून्य विकसित तकनीक के बल पर प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन अपने अकेले दम पर भारत में पहला चुनाव करा सकते थे, तो आज देश में सब तरह की सुविधा उपलब्ध होने के बाद हम किस कारण से उस पुरानी व्यवस्था को जानते-समझते बदनामी को अपने माथे पर लेकर घूम रहे हैं. काश, हमारे लिए सुकुमार सेन और टी एन शेषण जैसा कोई मुख्य चुनाव आयुक्त फिर से आकर इन कुरीतियों से देश को मुक्त करा सकते अथवा देश के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ यदि यह ठान लें तो वह दिन दूर नहीं, जब इन कुरीतियों से देश को छुटकारा मिल सकेगा.

**• बोधि-वृक्ष | डॉ. एसके पाण्डेय**



## हरिकृपा और संत

भोले-भाले लोग समझते हैं कि किसी संत की सेवा करने लग जायेंगे, उनका संग करने लग जायेंगे तो अपना बेड़ा पार हो जाएगा. अर्थात वे संसार सागर से पार हो जाएंगे. कई लोग तो यहां तक समझने लगते हैं कि उनको भगवद प्राप्ति हो जायेगी. भगवान के दर्शन हो जाएंगे. एक बात और है. भोले-भाले लोग कथा वाचक और संत में अंतर भी नहीं समझते. जो कथा कह रहा हो, संस्कृत के दो-चार श्लोक बोल रहा हो, उसी को संत मान लेते हैं. कथा वाचक और संत में क्या अंतर है? संत कथा वाचक हो सकता है, लेकिन कथा वाचक का संत होना जरूरी नहीं है. यह समझना आवश्यक है. सुंदरकाण्ड में चौपाई आती है 'अब मोहिं भा भरोस हनुमंता. बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता. कई कथा वाचक और संत इस चौपाई पर बहुत जोर देते हैं और जोर देकर समझाते भी हैं, जिससे सुनने वालों को समझ में आ जाए कि उनपर भगवान की कृपा हुई है या हो चुकी है. तभी ये हम लोगों को मिले हैं और कथा सुना रहे हैं. इसी तरह अरण्यकाण्ड में चौपाई आती है, जिसमें कहा गया है- 'प्रथम भगति संतन कर संगा'. इस पंक्ति पर भी कथा-वाचक और संत बहुत जोर देते हैं और जोर देकर समझाते भी हैं. इसका प्रभाव यह होता है कि कई भोले-भाले लोग कथा वाचक का संग करने लगते हैं अर्थात उनके साथ लग जाते है. अथवा साथ के लिए लालायित रहते हैं या रहने लगते हैं. इसी तरह विनय पत्रिका जी में एक पद आता है कि 'जब द्रवहिं दीनदयाल राघव साधु संगति पाइए'. इस पद पर भी कई कथा वाचक और संत बहुत जोर देते हैं और जोर देकर समझाते भी हैं. जिससे लोग समझ जाएं कि रामजी द्रवित हुए हैं, तभी हम लोगों को इनकी संगति मिली है. लेकिन सच बात तो यह है कि 'बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता', 'प्रथम भगति संतन कर संगा' और 'साधु संगति पाइए' में संत और साधु का अर्थ यह नहीं है कि कोई भी जो साधु अथवा संत के वेश में हो अथवा जो कथा कह लेता हो. यहां पर साधु और संत का मतलब शुद्ध साधु और शुद्ध संत से है. और इसलिए विनय पत्रिका जी में ही गोस्वामी जी स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि- 'भव सरिता को नाव शुद्ध संतन को चरण'. लेकिन यह पद कथा-वाचकों और संतों द्वारा थोड़ा उपेक्षित है. जिसपर ज्यादा जोर नहीं दिया जाता. इसको लोग कथा-प्रवचन में प्रायः गाते नहीं हैं.

# तुर्किए, पाक व चीन के बढ़ते संबंध के खतरे

**• देशांतर**

**प्रमोद जोशी**

आर्थिक और राजनीतिक-दुर्दशा का शिकार होने के बावजूद पाकिस्तान एक तरफ चीन और दूसरी तरफ तुर्की से हाथ मिलाकर दक्षिण एशिया में भारत को चुनौतियां देने में पीछे नहीं है. हाल में उसने सैनिक साजो-सामान की खरीद के अलावा राजनयिक मोर्चे पर भी चुनौतियां दी हैं. इस घटनाक्रम में पाकिस्तान के अलावा मालदीव और अफ़गानिस्तान जैसे देशों की भूमिकाएं भी हैं. एक तरफ पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास का टकराव चल रहा है, वहीं अदन की खाड़ी और फारस की खाड़ी से लेकर उत्तरी अरब सागर में चीन और पाकिस्तान की नौसेनाओं की गतिविधियां बढ़ रही हैं. पिछले कुछ वर्षों में चीन ने पाकिस्तानी नौसेना को खासतौर से उपकरणों और प्लेटफॉर्मों से सजाया है. पाकिस्तानी सेना के आधुनिकीकरण में तुर्की की भूमिका भी है, पर सबसे बड़ा हाथ चीन का है. नवंबर के दूसरे सप्ताह में चीन और पाकिस्तान की नौसेनाओं ने अब तक का अपना सबसे बड़ा सी गार्डियन-3 नौसैनिक-अभ्यास किया, जो 11 से 17 नवंबर तक चला. आर्थिक बदहाली के बावजूद पाकिस्तान अपनी सैनिक तैयारी में कमी नहीं आने दे रहा हैं.हालांकि पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के रिश्तों में तल्ख़ी देखी जा रही है, पर चीन ने अफ़ग़ानिस्तान के साथ अपने रिश्तों को काफी मज़बूत कर लिया है. तालिबान पिछले दो साल से सत्ता में है, किंतु उसे वैश्विक-मान्यता नहीं मिली है, पर चीन के साथ उसके राजनयिक संबंध शुरू हो गए हैं. इसके पहले चीन ने सितंबर में अफ़ग़ानिस्तान में अपने राजदूत की नियुक्ति कर दी थी. तालिबानी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी बयान के मुताबिक चीनी विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल ऑफिस के महानिदेशक हांग लेई ने नव नियुक्त राजदूत असदुल्लाह बिलाल करीमी से परिचय पत्र स्वीकार किया. यह भी साफ है कि तालिबान के नेतृत्व में अफ़ग़ानिस्तान चीन के 'बॉर्डर रोड इनीशिएटिव' में शामिल होगा. हाल में खबरें थीं कि पाकिस्तान अपने दीर्घकालिक सहयोगी तुर्की से एंटी-टैंक गाइडेड वैपन सिस्टम्स (एटीजीडब्ल्यू) खरीदने जा रहा है. इतना ही नहीं वह तुर्की की शस्त्र-निर्माता कंपनी रॉकेटसान के साथ एटीजीडब्ल्यू के सह-उत्पादन पर भी उसकी बातचीत चल रही है.पाकिस्तान के तुर्की के साथ पुराने रक्षा-संबंध हैं, पर दोनों ने हाल में लड़ाकू जेट विमानों और मिसाइलों के साझा-निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं. तुर्की इन दिनों पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान टीएफ-एक्स का विकास कर रहा है. खबरें हैं कि पाकिस्तान को भी इस कार्यक्रम में शामिल कर लिया है. पिछले साल नवंबर में तुर्की के सहयोग से बने पाकिस्तान कॉर्वेट पीएनएस खैबर को पाकिस्तानी नौसेना में शामिल किया गया था. पाकिस्तानी नौसेना के लिए तुर्की चार कॉर्वेट बना रहा है. इसी तरह पाकिस्तानी नौसेना की फ्रांस में बनी अगोस्ता 90बी (खालिद-क्लास) डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी के मिड-लाइफ अपग्रेड का काम तुर्की की एक कंपनी कर रही है. तुर्की की केमनकेस क्रूज मिसाइल पाकिस्तान ने खरीदी है. पाकिस्तान ने तुर्की से तीन प्रकार के बेरक्तर ड्रोन हासिल किए हैं. पश्चिमी देशों के साथ तनावपूर्ण संबंधों के कारण पाकिस्तान की तुर्की पर निर्भरता बढ़ गई है. तुर्की की एक कंपनी ने 2009के एक अनुबंध के तहत पाकिस्तान वायुसेना के 41एफ-16विमानों को अपग्रेड किया था. मालदीव-तुर्की, अब एक नज़र मालदीव पर डालें, जिसके नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू को 'चीन समर्थक' माना जाता है. हाल में उन्होंने इस किस्म के बयान दिए थे कि उनकी दिलचस्पी मालदीव के हित में है और वे भू-राजनीति के पचड़ों में पड़ना नहीं चाहेंगे.देश का राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि वे चीन या भारत समर्थक नहीं बल्कि मालदीव समर्थक हैं. बहरहाल उन्होंने अपनी पहली विदेश-यात्रा के लिए तुर्की को चुनकर अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया है.हिंद महासागर में चीन की सक्रियता के अलावा पाकिस्तान-चीन गठबंधन भी महत्वपूर्ण है. मालदीव में जब चीन-समर्थक सरकार होती है, तभी पाकिस्तानी-प्रशासन के रिश्ते भी मालदीव के साथ मधुर हो जाते हैं. मालदीव, सेशेल्स, नेपाल, भूटान और श्रीलंका जैसे हमारे छोटे पड़ोसी देश वैश्विक-राजनीति में अपने महत्व को तोलने का प्रयास कर रहे हैं. इनके पास आर्थिक-संसाधन भी कम हैं और विकास के लिए साधनों की जरूरत है. भू-राजनीति के मकड़जाल में ये देश भी शामिल होना चाहते हैं.

> तालिबानी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी बयान के मुताबिक चीनी विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल ऑफिस के महानिदेशक हांग लेई ने नव नियुक्त राजदूत असदुल्लाह बिलाल करीमी से परिचय पत्र स्वीकार किया. यह भी साफ है कि तालिबान के नेतृत्व में अफ़ग़ानिस्तान चीन के 'बॉर्डर रोड इनीशिएटिव' में शामिल होगा.

# विस्फोटक तरंगों से धरती बचाने का समय

**• विज्ञान**

**मुकुल व्यास**

सूरज की सतह पर ज्वालाओं और प्लाज्मा के विस्फोट से निकलने वाली प्रचंड ऊर्जा सौर तूफान को जन्म देती है. इन्हें भू-चुंबकीय तूफान भी कहते हैं. यदि सूरज पर विस्फोट पृथ्वी की दिशा में होता है तो ऊर्जावान कणों की विशाल मात्रा पृथ्वी के चुंबक मंडल में गड़बड़ी उत्पन्न करती है. सूरज से उठने वाला सौर तूफान पृथ्वी के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर सकता है. अमेरिका जैसे देश सौर तूफान के विनाशकारी प्रभावों से इतने ज्यादा चिंतित हैं कि उन्होंने अभी से इससे निपटने के लिए आपात योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं. हमारी पृथ्वी अतीत में सौर तूफानों को झेल चुकी है. पिछला सबसे बड़ा सौर तूफान सितंबर, 1859 में आया था. तब सूरज की ऊर्जा के शक्तिशाली विस्फोट ने पृथ्वी के टेलीग्राफ सिस्टम ठप कर दिए थे. इस घटना को कैरिंगटन इवेंट के रूप में भी जाना जाता है. अब शोधकर्ताओं ने प्राचीन वृक्षों के तनों के छल्लों का उपयोग करके अब तक के सबसे बड़े सौर तूफान की पहचान की है. फ्रांसीसी आल्प्स में पाए गए प्राचीन वृक्षों के छल्लों के विश्लेषण के अनुसार यह घटना 14,300 साल पहले हुई थी.विशेषज्ञों ने कहा कि पेड़ों के रेडियोएक्टिव कार्बन-14 (कार्बन का रेडियोएक्टिव आइसोटोप) में उछाल एक बड़े सौर तूफान के कारण हुआ था. कार्बन-14 पेड़ों और जानवरों में समाहित है. चूंकि इस रेडियोएक्टिव कार्बन का क्षय एक ज्ञात दर पर होता है, विज्ञानी इसके माध्यम से यह पता लगा सकते हैं कि ये जीव किस समय रहते थे. इससे प्राचीन वृक्षों के वार्षिक छल्लों में छिपे हुए सौर तूफानों का भी पता चल सकता है. आज इसी तरह का बड़ा सौर तूफान उपग्रह प्रणालियों को नष्ट कर सकता है और बड़े पैमाने पर बिजली ग्रिड के ब्लैकआउट का कारण बन सकता है. ऐसे सौर तूफान से होने वाला नुकसान अरबों डॉलर में होगा. वैज्ञानिकों का कहना है कि भविष्य की संचार और ऊर्जा प्रणालियों की रक्षा करने के लिए सौर तूफानों को समझना महत्वपूर्ण है. अपने अध्ययन के लिए ब्रिटेन के लीड्स विश्वविद्यालय सहित शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने दक्षिणी फ्रांसीसी आल्प्स में गैप के पास ड्रोज़ेट नदी के नष्ट हुए तटों पर प्राचीन पेड़ों में रेडियोएक्टिव कार्बन के स्तर को मापा. शोधकर्ताओं ने इन पेड़ों के तनों के छल्ले काटे. अलग-अलग छल्लों को करीब से देखने पर उन्होंने 14,300 साल पहले पेड़ों के रेडियोकार्बन के स्तर में एक अभूतपूर्व वृद्धि पाई.उन्होंने कहा कि यह उछाल संभवतः एक विशाल सौर तूफान के कारण हुआ, जिसने पृथ्वी के वायुमंडल में भारी मात्रा में ऊर्जावान कणों को छोड़ा होगा. फ्रांसीसी वैज्ञानिक और अध्ययन के प्रमुख लेखक एडौर्ड बार्ड ने बताया कि ब्रह्मांडीय किरणों द्वारा शुरू की गई क्रियाओं की एक शृंखला के माध्यम से ऊपरी वायुमंडल में रेडियो कार्बन का उत्पादन लगातार हो रहा है. लीड्स विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टीम हेटन का कहना है कि चरम सौर तूफानों का पृथ्वी पर भारी प्रभाव पड़ सकता है. इस तरह के तूफान हमारे बिजली ग्रिड में ट्रांसफार्मर को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं जिसके परिणामस्वरूप महीनों तक भारी और व्यापक ब्लैकआउट हो सकता है. इनसे उन उपग्रहों को भी स्थायी क्षति हो सकती है जिन पर हम सभी नेविगेशन और दूरसंचार के लिए भरोसा करते हैं. पिछले 15,000 वर्षों में ऐसे चरम नौ सौर तूफानों की पहचान हुई है. इन्हें मियाके इवेंट्स के रूप में भी जाना जाता है. विशेषज्ञों ने कभी भी मियाके घटना को क्रियान्वित होते नहीं देखा है. सूर्य के व्यवहार के बारे में अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है. वैज्ञानिक यह भी जानना चाहते हैं कि क्या ऐसी घटनाओं की भविष्यवाणी की जा सकती है. सौर गतिविधि का प्रत्यक्ष माप 17वीं शताब्दी में सौर धब्बे (सनस्पॉट) की गिनती के साथ ही शुरू हुआ था. आजकल वैज्ञानिक जमीन-आधारित वेधशालाओं, अंतरिक्ष जांच और उपग्रहों का उपयोग करके विस्तृत रिकॉर्ड भी प्राप्त करते हैं. हालांकि ये सभी अल्पकालिक रिकॉर्ड सूर्य की पूरी समझ के लिए अपर्याप्त हैं.सूरज के भीषण तूफान हर 100 या 200 वर्ष बाद उत्पन्न होते हैं. ध्यान रहे कि बड़े सौर तूफान चुंबकीय ऊर्जा के जमा होने से उत्पन्न होते हैं. यह ऊर्जा विकिरण के तीव्र विस्फोट के रूप में बाहर निकलती हैं. अंतरिक्ष के विषम मौसम का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि प्रचंड सौर तूफान से निपटना हमारे लिए चुनौतीपूर्ण होगा. 1889 के सौर तूफान ने यूरोप और उत्तरी अमेरिका में टेलीग्राफ के तारों को अस्त-व्यस्त कर दिया था और इससे कई जगह आग लग गई थी.

> वैज्ञानिकों का कहना है कि भविष्य की संचार व ऊर्जा प्रणालियों की रक्षा करने के लिए सौर तूफानों को समझना महत्वपूर्ण है. अध्ययन के लिए ब्रिटेन के लीड्स विश्वविद्यालय सहित शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने दक्षिणी फ्रांसीसी आल्प्स में गैप के पास ड्रोज़ेट नदी के नष्ट हुए तटों पर प्राचीन पेड़ों में रेडियोएक्टिव कार्बन के स्तर को मापा.

## मीडिया में अन्यत्र

# महुआ मोइत्रा का निष्कासन

लोकसभा की आचार समिति (एथिक्स कमेटी) की रिपोर्ट के आधार पर 8 दिसंबर को आनन-फानन में ध्वनिमत द्वारा तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा का निष्कासन एक बुरा कदम है. यह निष्कासन तौर-तरीकों और तथ्यों के लिहाज से बुरा है. हालांकि, यह कदम चौंकाने वाला नहीं था. कमेटी के 6:4 बहुमत से, जिसमें एक निलंबित कांग्रेस सांसद का वोट भी शामिल है, कमेटी ने उन्हें 'अनैतिक आचरण', 'विशेषाधिकार हनन' और 'सदन की अवमानना' का दोषी मानते हुए उनके निष्कासन की सिफारिश की थी. ये वो आरोप हैं जो भारतीय जनता पार्टी के एक सांसद ने लगाये थे और जिसके लिए वह मोइत्रा के अलग हो चुके पार्टनर पर भरोसा कर रहे थे. कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में 2005 में 11 सांसदों के निष्कासन की एक नजीर का हवाला दिया. इन सांसदों को पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप में एक न्यूज प्लेटफॉर्म के स्टिंग ऑपरेशन के बाद निष्कासित किया गया था. महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों के उलट, उस मामले में वीडियो सबूत उपलब्ध था जिसने एक मजबूत मामला बनाया. मोइत्रा ने संसद में पूछे जाने वाले सवालों को अपलोड करने के लिए अपना लॉगइन आईडी और पासवर्ड कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से साझा किया. इस तथ्य को उन्होंने खुद कबूल किया. कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह माना कि उसके पास पैसों के लेनदेन का कोई सबूत नहीं है. उसकी रिपोर्ट में इस पहलू की 'कानूनी, गहन, संस्थानिक और समयबद्ध जांच' की मांग की गयी. इसके बावजूद, उसने पूरी मजबूती से मोइत्रा के निष्कासन की सिफारिश की और उनके द्वारा लॉगइन आईडी व पासवर्ड साझा किये जाने को आपराधिक कृत्य तक करार दे डाला.मोइत्रा द्वारा संसद में पूछे गये सवालों और हीरानंदानी समूह के कारोबारी हितों के बीच जोड़े गये रिश्ते में कोई दम नहीं है. मसलन, स्टील की कीमतों या बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों पर पूछा गया कोई सवाल बहुत से कारोबारी समूहों या उपभोक्ताओं के हित से जुड़ा हो सकता है. कमेटी ने कहा कि वह इस तथ्य को स्वीकार करती है कि कई सांसद अपने लॉगइन आईडी व पासवर्ड दूसरों के साथ साझा करते हैं, लेकिन उसने जबरदस्ती का मामला बना डाला कि मोइत्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में डाली है. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### सिल/सिला

**देखा** एक ख़्वाब तो ये सिलसिले हुए, दूर तक निगाहों में हैं गुल खिले हुए. यह साल 1981 में आयी हिंदी फीचर फिल्म सिलसिला के एक गीत का मुखड़ा है. मशहूर गीतकार जावेद अख्तर द्वारा लिखित इन पंक्तियों ने किशोर कुमार और लता मंगेशकर की आवाज में अपने जमाने में ऐसी धूम मचायी थी कि जो सुनता वही झूम उठता. वह शब्द सिलसिला ही है, जो फिल्म का शीर्षक भी है और शीर्षक गीत में भी शामिल है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार सिलसिला अरबी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है एक क्रम में होनेवाली घटनाओं आदि का संबंध, एक के बाद एक चलते रहने वाला क्रम, श्रेणी, पंक्ति, कतार, लड़ी, शृंखला, व्यवस्था, तरतीब. यह ऐसा शब्द है, जिसमें दो सार्थक शब्दों सिल और सिला का योग है, लेकिन उन दोनों का इस शब्द से दूर-दूर तक का रिश्ता-नाता नहीं है. विभिन्न शब्दकोशों के अनुसार संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में सिल का अर्थ है पत्थर, चट्टान, शिला, पत्थर की बनी हुई एक प्रकार की चौकोर या लंबोतरी पटिया जिसपर बट्टे से मसाला आदि पीसते हैं, पत्थर का गढ़ा हुआ चौकोर टुकड़ा जो इमारतों में लगता है, काठ की पटरी जिसपर दबाकर रूई की पूनी बनाई जाती है. बड़े आकार की एक मछली को भी सिल कहा जाता है. इसी शब्द का संज्ञा पुल्लिंग के रूप में मतलब है कटे हुए खेत में गिरे अनाज चुनकर निर्वाह करने की वृत्ति, बलूत की जाति का एक पहाड़ी पेड़ जो हिमालय पर होता है, तपेदिक, राजयक्ष्मा, क्षय रोग. दूसरा शब्द सिला अरबी मूल का है संज्ञा पुल्लिंग है. इसका मतलब है प्रतिकार, बदला, बुराई का बदला, प्रत्युपकार. भलाई का बदला, पुरस्कार, उपहार, तोहफा, किसी परिश्रम का फल या बदला, धन के रूप में हो या किसी और रूप में. आपने यह गाना जरूर सुना होगा-अच्छा सिला दिया तूने मेरे प्यार का, यार ने ही लूट लिया घर यार का.

# रिश्वत लेना धर्म, मर्म यह समझ लीजिए!

**• तीर-तुक्का**

**रवि प्रकाश**

रिश्वत कौन नहीं लेता? रिश्वत कहां नहीं ली जाती? और छोटी से छोटी, बड़ी से बड़ी कौन सी रकम की रिश्वत नहीं ली जाती? रिश्वत का अपना एक बड़ा बाजार है. रिश्वत पारिभाषिक रूप से कहें तो वह धनराशि है, जो अवैध कार्य के लिए अवैध रूप से ली जाती है. अर्थात जहां अवैध कार्य होगा, वहां रिश्वत भी होगी. इसीलिए जो लोग रिश्वत के शौकीन होते हैं, वे इस बात का प्रयत्न करते हैं कि कोई भी कार्य पूरी तरह वैध रूप से न होने पाए. अगर सारे काम सब लोगों के वैध रूप से होने लगें तो बेचारे रिश्वतपसंद लोग रिश्वत कैसे लेंगे? किस काम की लेंगे? और उन्हें रिश्वत देने के लिए कोई जाएगा क्यों ? अगर घर बैठे लाइसेंस मिल जाए तो दफ्तर में जाकर अधिकारी को कोई रिश्वत क्यों देने लगा? रिश्वत देने वाले की अपनी मजबूरी होती है. रिश्वत लेने वाले का अपना गणित रहता है. रिश्वत लेने वाला इस प्रकार से जाल फैलाता है कि मछली खुद आती है और फंस जाती है. यद्यपि रिश्वत बहुत पुराना कारोबार है और पीढ़ी दर पीढ़ी रिश्वत लेते-लेते लोग बहुत समझदार हो गए हैं, लेकिन फिर भी कई लोग पकड़े जाते हैं और उनकी मूर्खता पर तरस भी आता है. अरे भाई ! रिश्वत जब लेना नहीं आता था तो क्यों ली? पहले किसी गुरु के चरणों में बैठकर रिश्वत लेने के गुर सीखते. कई लोग रंगे हाथों पकड़े जाते हैं अर्थात नोटों पर लाल रंग लगा होता है. जैसे ही रिश्वत लेने वाला उन नोटों को छूता है, उसके हाथ रंग जाते हैं और इसे साहित्य की भाषा में रंगे हाथों पकड़ना कहते हैं. कई लोग इतनी बुद्धिमत्ता के साथ रिश्वत लेते हैं कि क्या मजाल कि पूर कैरियर में एक बार भी पकड़े जाएं. बहुत से लोग अपने एजेंट की मार्फत रिश्वत लेते हैं और बड़े गर्व के साथ मूंछों पर ताव देते हुए कहते हैं कि हमने आज तक रिश्वत का एक पैसा भी अपने हाथ से नहीं लिया. अगर आप उनके गर्व से भरे हुए शब्दों की गहराई में जांच पड़ताल करें तो आप पाएंगे कि वास्तव में उन्होंने एक भी पैसा अपने हाथ से रिश्वत का नहीं लिया है. हमेशा किसी न किसी दलाल की मार्फत ही पैसा लिया. बहुत से लोग दलाल की मार्फत रिश्वत खाने में भी पकड़े जाते हैं. दलाल नौसिखिया होता है, पकड़ा जाता है और फिर वह असली रिश्वत लेने वाले का नाम खोल देता है. किसी अच्छे रिश्वत–प्रेमी के पास आप घंटा दो घंटा रोज बैठकर उससे ज्ञानार्जन करें तो इस बात की जानकारी मिल सकती है कि कैसे रिश्वत लेने के बाद भी आदमी कभी पकड़ा न जाए.



# इन कार का है इंतजार

**नए साल में अब बस कुछ ही दिन शेष हैं. रफ्तार के शौकिनों के लिए साल का इंतजार नई कारों के लिए भी है. वर्ष 2024 के आगाज के साथ कई नई गाड़ियों की एंट्री होने वाली है. आइए, आज उन्हीं गाड़ियों की करें बात जो नए साल में धमाके के साथ रफ्तार की दुनिया में आ रही.**



साल 2024 का पहला महीना यानी जनवरी ही गाड़ियों के शौकीन के लिए खास होगा. इस महीने कई नई कारों का स्वागत होगा. इनमें कुछ ऐसी एसयूवी भी हैं, जिनका आप लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. जनवरी 2024 में हुंडई क्रेटा फेसलिफ्ट, किआ सॉनेट फेसलिफ्ट, महिंद्रा एक्सयूवी 300 और एक्सयूवी 400 के फेसलिफ्टेड मॉडल के लॉन्च होने की संभावना है.

## हुंडई क्रेटा फेसलिफ्ट

मिडसाइज एसयूवी में हुंडई क्रेटा के ठाठ अलग हैं. इस एसयूवी के फेसलिफ्ट मॉडल का कई महीनों से इंतजार किया जा रहा है. ऑटो फील्ड के दिग्गजों की मानें तो 16 जनवरी को यह कार लॉन्च होगी. नई क्रेटा फेसलिफ्ट में बेहतर पावर, परफॉर्मेंस, लुक-डिजाइन और फीचर्स के साथ ही अडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम देखने को मिल सकते हैं.

## अपडेटेड महिंद्रा एक्सयूवी 400



ऑटो फील्ड के दिग्गजों की मानें तो महिंद्रा की इकलौती इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सयूवी 400 को भी नए साल के पहले महीने में अपडेट हो बेहतर रेंज और फीचर्स के साथ सामने आएगी. अगर ऐसा हुआ तो निश्चित यह यह टाटा नेक्सॉन ईवी और एमजी जेडएस ईवी को कड़ी टक्कर देगी.

## नई जेनरेशन मारुति सुजुकी स्विफ्ट



मारुति सुजुकी स्विफ्ट के अपडेटेड मॉडल को नए साल के जनवरी माह में लॉन्च किया जा सकता है. नई जेनरेशन स्विफ्ट में नया पावरफुल इंजन, बेहतर माइलेज और फीचर्स के साथ ही काफी सारे कॉस्मैटिक बदलाव देखने को मिल सकते हैं.

## किआ सॉनेट फेसलिफ्ट



किआ सॉनेट फेसलिफ्टेड की ग्लोबल अनवीलिंग के बाद जैसी कि चर्चा है, जनवरी 2024 में इसकी कीमत का खुलासा कंपनी कर सकती है. रफ्तार के शौकिनों के बीच नई किआ सॉनेट फेसलिफ्ट की डिजाइन और फीचर्स की खूब चर्चा है. अपने सेगमेंट में टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर्स इसका सीधा टक्कर होगा.

## महिंद्रा एक्सयूवी 300 फेसलिफ्ट



महिंद्रा की सब-4 मीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी एक्सयूवी 300 भी साल 2024 के जनवरी महीने में भारतीय ग्राहकों के लिए लॉन्च हो सकती है. इस कार की खासियत इसकी फ्यूल एफिसिएंसी होगी. साथ ही डिजाइन के मामले में भी इसकी खूब चर्चा है.

---

### न्यू लॉन्च : बोट लूनर प्रो एलटीई स्मार्टवॉच

# वॉच का स्मार्टनेस इतना कि कर देगा फोन की छुट्टी!



कम कीमत के प्रोडक्ट्स बनाने की पहचान रखने वाली बोट कंपनी ने प्रीमियम सेगमेंट में प्रवेश के लिए कमर कस ली है. कंपनी ने अपनी पहली एलटीई स्मार्टवॉच लॉन्च किया है. वॉच की खासियत यह है कि इसे जियो ई सिम सपोर्ट करेगा. यानी अगर यह स्मार्ट वाच आपके पास है तो आप स्मार्टफोन को लेकर जरा निश्चिंत हो सकते हैं. दरअसल कॉल से लेकर मैसेज तक तमाम फीचर्स इस स्मार्ट वॉच में मिलेंगे.

बोट लूनर प्रो एलटीई स्मार्टवॉच की कीमत क्या होगी, कंपनी ने अब तक इसका खुलासा नहीं किया है. गौरतलब है कि एलटीई फीचर वाली ज्यादातर स्मार्ट वॉच की कीमत जरा अधिक होती है और इस फीचर्स के साथ कुछ प्रीमियम वॉच ही आती हैं. सैमसंग, एप्पल और अमेजफिट जैसी कुछ चुनिंदा कंपनियों की स्मार्ट वॉच में ही ये खास फीचर्स दिखते हैं.

इस बात की सूचना कंपनी की ओर से दी गई है कि इस वॉच को जहां ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर खरीदा जा सकेगा, वहीं ऑफलाइन बाजार में बिक्री के लिए भी यह सहजता से उपलब्ध होगी.

कॉल-मैसेज की सुविधा के साथ-साथ इसकी दूसरी अन्य कई विशेषताएं भी हैं. इसमें 1.39 इंच का एएमओएलईडी डिस्प्ले मिलेगा. इसमें कई सारे फिटनेस ट्रैकिंग मोड्स और हेल्थ मॉनिटरिंग फीचर्स जैसे हार्ट रेट ट्रैकिंग, एसपीओ 2 आदि मिलेंगे. साथ ही रनिंग, साइकिलिंग, हाइकिंग और दूसरे एक्टिविटी ट्रैकिंग फीचर्स भी दिए गए हैं.

# लॉन्च हो गया रेडमी का सस्ता वाला फाइव जी फोन

शाओमी ने अपनी रेडमी सीरीज का नया 5जी स्मार्ट फोन रेडमी 13आर 5जी चीनी बाजार में लॉन्च किया है. इसके फीचर्स कमोबेश वही हैं जो भारत में लॉन्च हुए रेडमी 13सी 5जी के हैं. रेड मी 13 आर 5जी तीन कलर ऑप्शन- स्टार रॉक ब्लैक, फैंटेसी पर्पल और वेव वाटर ग्रीन में आता है. कीमत की बात करें तो यह 999 युआन (लगभग 11,700 रुपए) में उपलब्ध है.

## यह हैं स्पेसिफिकेशंस

इस बजट 5जी फोन में मीडिया टेक डायमेंसिटी 6100 प्लस प्रोसेसर और 5000मेगाहट्र्ज की बैटरी दी गई है. रेडमी 13सी 5जी की तरह ही इस फोन में 6.74-इंच का एचडी + एलसीडी डिस्प्ले मिलता है. इसमें 50 एमपी का डुअल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है. स्क्रीन की प्रोटेक्शन के लिए गोरिल्ला ग्लास दिया गया है. इसमें 4 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज मिलता है.



हैंडसेट एंड्रॉइड 13 पर बेस्ड एमआईयूआई 14 पर काम करता है. ऑप्टिक्स की बात करें, तो इसमें 50 मेगापिक्सल के मेन लेंस वाला डुअर रियर कैमरा सेटअप दिया गया है. फ्रंट में कंपनी ने 5 मेगा पिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया है. यह18वाट की चार्जिंग सपोर्ट करता है. डिवाइस माइक्रो एसडी कार्ड सपोर्ट के साथ आता है. इसमें टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट और 3.5एमएम ऑडियो जैक पोर्ट दिया गया है.

# नए साल में लॉन्च होगा वन प्लस 12 5जी

वन प्लस 12 5जी 23 जनवरी को ग्लोबल मार्केट में लॉन्च होगा. उम्मीद है कि भारत में भी ये स्मार्टफोन उसी दिन लॉन्च होगा. गौरतलब है कि यह स्मार्टफोन चीन में पहले ही लॉन्च हो चुका है.

**फोन में क्या होगा खास?**

इस स्मार्टफोन में 6.82-इंच का एएमओएलईडी डिस्प्ले मिलेगा, जो 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट सपोर्ट के साथ आएगा. फोन 4500 निट्स की पीक ब्राइटनेस सपोर्ट करेगा. स्क्रीन की प्रोटेक्शन के लिए कोरिंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 दिया गया है. ये



स्मार्टफोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 प्रोसेसर पर काम करता है. इसमें 16 जीबी तक रैम और 1टीबी तक स्टोरेज का ऑप्शन मिलता है. स्मार्टफोन एंड्रॉइड 14 पर बेस्ड कलर ओएस 14 पर काम करता है. इसमें ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसका मेन लेंस 50एमपी का है. इसके अलावा 48एमपी का अल्ट्रा वाइड एंगल लेंस और 64 एमपी का टेलीफोटो लेंस दिया गया है. फ्रंट में 32 एमपी का सेल्फी कैमरा है. 5400 मेगाहट्र्ज की बैटरी दी गई है, जो 100वाट की फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करती है. फोन आईपी 65 रेटिंग के साथ आता है.

### लग्जरी गाड़ियों के शौकीन रणबीर कपूर

# गैराज में करोड़ों की कार की भरमार

**फिल्म एनिमल के कारण रणबीर कपूर एक बार फिर सुर्खियों में हैं. उनके करियर के ग्राफ में एक और सफल फिल्म का नाम दर्ज हो गया है. रणबीर केवल अदाकारी के लिए ही नहीं, बल्कि गाड़ियों और गजेट्स के प्रति अपने लगाव के कारण भी पहचान रखते हैं. आइए, उनकी गैराज में मौजूद खास गाड़ियों के बारे में करें चर्चा...**

रणबीर के बारे में कहा जा सकता है कि उन्होंने चांदी का चम्मच मुंह में रखकर जन्म लिया. बेशक अकूत संपत्ति वाली पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद उन्होंने खुद कड़ी मेहनत की और अपनी अलग पहचान बनाई. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर कपूर की नेट वर्थ 330 करोड़ रुपये बताई जाती है. मुंबई के बांद्रा में रणबीर कपूर का वास्तु बिल्डिंग में आलीशान 4 बीएचके अपार्टमेंट है जिसकी कीमत करीब 40 करोड़ रुपए बताई जाती है. वह कई ब्रैंड का भी चेहरा हैं. रणबीर एक ब्रैंड के लिए लगभग 6 करोड़ फीस चार्ज करते हैं. फिल्मों से भी तगड़ी कमाई होती है. हालिया रिलीज एनिमल फिल्म के लिए रणबीर ने 70 करोड़ रुपये की फीस ली है.

## रणबीर का कार कलेक्शन

अभी कुछ महीने पहले ही रणबीर कपूर ने स्वैंकी रेंज रोवर कार खरीदी जिसकी कीमत 4 करोड़ रुपये बताई जा रही है. उनकी यह कार ब्लैक कलर की है. रणबीर के पास पहले से ही लैंड रोवर रेंज रोवर वोग है जिसकी कीमत लगभग 1.6 करोड़ रुपये है. इसके अलावा लैंड रोवर रेंज रोवर स्पोर्ट जो लगभग 87 लाख रुपये की है. रणबीर कपूर के पास मर्सिडीज-बेंज जी 63 एएमजी (2.14 करोड़ रुपये), ऑडी ए8 एल (1.56 करोड़ रुपये) और ऑडी आर 8 (2.72 करोड़ रुपये) जैसी कई लग्जरी गाड़ियां हैं.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

▼ ब्रीफ खबरें

## साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**नवादा।** खाड़ी के देश में नौकरी दिलाने के नाम पर भोले-भाले युवाओं से लाखों रुपये की ठगी करने वाले पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाने के खगोल निवासी आदिल साहब को नवादा पुलिस की साइबर टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है. जिसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद की गई है. जिसमें लाखों रुपये ठगी के कई प्रमाण भी मिले हैं. जारी विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस ने छापेमारी कर गल्फ कंट्री में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने खाते में रुपये मंगाकर ठगी करने वाले आदिल को उनके फुलवारी शरीफ थाने के खगौल में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है.

## वाहन-ऑटो में टक्कर युवक की हुई मौत

**बेगूसराय।** बलिया थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम उत्पाद विभाग के वाहन एवं ऑटो की टक्कर में घायल हुए एक युवक की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक लाखो सहायक थाना क्षेत्र के पनसल्ला निवासी चुनचुन सिंह है. घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि शनिवार की देर शाम ऑटो से चुनचुन सहित तीन लोग गुप्ता-लखमिनियां बांध के रास्ते बलिया की ओर आ रहे थे. वहीं, उत्पाद विभाग के अधिकारी का वाहन गुप्त सूचना के आधार पर फतेहपुर पंचायत इकहीं छापेमारी करने जा रही थी.

## बीते 24 घंटे में गया सबसे ठंडा प्रदेश रहा

**पटना।** प्रदेश में ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है. बीते 24 घंटे के दौरान गया जिला सबसे ठंडा रहा. गया का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. पटना समेत 26 जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक सोमवार पूरे दिन प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहेगा. राज्य में पछुआ और उत्तर पछुआ हवा का प्रवाह सतह से 5.8 किमी ऊपर तक बना हुआ है. अगले 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम आम तौर पर शुष्क बना रहेगा. साथ ही बिहार के उत्तर, दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य भागों के जिलों के एक या दो स्थानों पर घना कोहरा सुबह के समय छाए रहने का पूर्वानुमान है.

### एकतरफा प्रेम को स्वीकार नहीं करने पर युवक ने दिया अंजाम

# सिरफिरे ने कोचिंग जा रही छात्रा को मारी गोली, मौत

**संवाददाता। पटना**

पटना के मसौढ़ी में दिनदहाड़े एक 17 साल की लड़की की हत्या कर दी गई. कारण बस इतना था कि उसने एक सनकी का प्यार कबूल नहीं किया था. इतनी सी बात पर सनकी ने दिनदहाड़े उसे गोली मार दी. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई. इधर, स्थानीय लोगों ने लड़की को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है. मृतक की पहचान नदवा गांव की अनामिका कुमारी 17 वर्ष के रूप में की गई है. घटना की पुष्टि मसौढ़ी थाना के प्रभारी संजय कुमार ने की है. पुलिस के अनुसार, हत्यारे की तलाश में छापेमारी चल रही है. आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है. जल्द ही हत्यारे की गिरफ्तारी कर ली जाएगी. इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफा प्रेम को स्वीकार नहीं करने के कारण एक युवक ने दिनदहाड़े नाबालिग लड़की को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया. युवक उसपर प्रेम करने के लिए दबाव बना रहा था जबकि लड़की बार-बार मना कर रही थी.



**कोचिंग पढ़ने जा रही थी अनामिका**

बताया जा रहा है कि अनामिका कुमारी प्रतिदिन की तरह सोमवार को काजीचक गांव से मसौढ़ी कोचिंग करने आती थी. सोमवार को अनामिका कुमारी जैसे ही मानिकचंद मोड़ के नजदीक पहुंची वैसे ही सनकी युवक अनामिका के पास पहुंचा. इसके बाद पहले दोनों के बीच सड़क पर ही किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया. इसी क्रम में युवक ने अपने कमर से पिस्तौल निकाल कर अनामिका के ऊपर चला दिया. गोली अनामिका के कनपटी में लगी. घटना के बाद हत्यारा वहां से फरार हो गया. घटना की सूचना लोगों ने मसौढ़ी थाने को दी. सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना के प्रभारी संजय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. इस बीच अनामिका कुमारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. आनन-फानन में पुलिस ने अनामिका के शव को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

## अतिक्रमण हटाने गई पुलिस को लोगों ने पीटा

**वैशाली।** वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर मंगरू चौक के नजदीक स्थानीय लोगों द्वारा वैशाली पुलिस से मारपीट करने का मामला सामने आया है. यहां भारी संख्या में पुरुष और महिलाओं ने ईंट, डंडे और पत्थर से पुलिस पर हमला करते दिखे, जिसमें कई पुलिसकर्मियों को चोट भी लगी है. दरअसल, महुआ थाना पुलिस कोर्ट के आदेश पर मुकुंदपुर मंगरू चौक के पास जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने बुलडोजर लेकर और भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी. वहीं, ईंट और डंडे से पुलिस पर हमला कर दिया गया. इस दौरान पुलिसकर्मी इधर-उधर भागते भी दिखे. यह पूरा विवाद मुकुंदपुर चौक रमेश उपाध्याय और राम पासवान के बीच लगभग 30 वर्षों से चला आ रहा है.

कोर्ट के आदेश के बाद भारी संख्या में महिला-पुरुष पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे. यहां कुछ हद तक तो पुलिस ने दखल करा दी, लेकिन अभी भी थोड़ा बचा हुआ है. इसी दौरान राम पासवान के समर्थक और परिवार वालों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया. इस हमले में पुलिसकर्मी इधर-उधर भागते दिखे. पूरे दखल दहनी के सिलसिले में कोर्ट के आदेश पर मौके पर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई थी. यहां आसपास के लोग भी भारी संख्या में मौके पर देखने के लिए मौजूद थे.

### आओ जानें

## दीघा-सोनपुर रेल-सह-सड़क पुल

- दीघा-सोनपुर रेल-सह-सड़क पुल अथवा जे पी सेतु (लोकनायक जय प्रकाश नारायण सेतु), गंगा पर बना पुल है जो पटना और सोनपुर को जोड़ता है.
- इसकी लंबाई 4,556 मीटर है, 4,556 मीटर (14,948 फीट) लंबाई का यह पुल भारत में असम में बोगीबील ब्रिज के बाद दूसरा सबसे लंबा रेल-सह-सड़क पुल है.
- दीघा-गांधी मैदान सड़क से दीघा सड़क सेतु की दूरी 1.7 किलोमीटर है, दीघा सह संपर्क पथ छह लेन का है.
- दीघा सड़क सेतु के 2.56 कि॰मी॰ लंबे सोनपुर एप्रोच के लिए जमीन मालिकों की आपसी सहमति से उनकी जमीन का 99 साल के लिए अनवरत लीज पर एग्रीमेंट किया है
- 2.56 कि॰मी॰ सोनपुर एप्रोच में सारण जिला के गंगाजल, चौसिया, भरपुरा और सुलतानपुर गांव की जमीन है.

## झोपड़ी में लगी आग, दो बच्चे जिंदा जले, तीन झुलसे



- तीनों को आनन-फानन में भर्ती कराया गया

**संवाददाता। पटना**

पटना से सटे इलाके पंडारक के पैथानीचक गांव में अलाव तापने के दौरान एक झोपड़ी में आग लग गयी. इस अगलगी में दो बच्चे जिंदा जल गये. वहीं अन्य तीन लोग बुरी तरह झुलस गये. तीनों को आनन-फानन में पंडारक और बाढ़ के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. मृतकों में कपिल महतो का बेटा कार्तिक कुमार (12 वर्षीय) और अशर्फी महतो की बेटी जितनी कुमारी (13 वर्षीय) शामिल है. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और मातम माहौल है.

**लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की**

घटना के संबंध में बताया जाता है कि ठंड के कारण गांव में कुछ लोग अलाव जला कर ताप रहे थे. तभी आग से निकली चिंगारी उड़ कर पास की झोपड़ी पर जा गिरी. जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने झोपड़ी को अपनी आगोश में ले लिया और झोपड़ी धूं-धूं कर जलने लगी. झोपड़ी के अंदर बैठे तीन लोग बाहर भागे. लेकिन एक लड़का और लड़की अंदर फंस गये. घटना के बाद आस-पास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की. मौके पर स्थानीय पुलिस भी दमकल के साथ मौके पर पहुंची.

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जनता दरबार

# 47 फरियादी पहुंचे कार्यक्रम में, हुआ निदान

**संवाददाता। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित ''जनता के दरबार में कार्यक्रम में शामिल हुए. जनता दरबार में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 47 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए. वहीं, समस्तीपुर जिले से आए हुए मो. कलमुद्दीन ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैं दिव्यांग हूं, मुझे बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जाए ताकि मुझे आवागमन में सहूलियत हो. इस पर मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

**कई मंत्री और अधिकारी रहे मौजूद :** मधेपुरा जिला से आए हुए पिंटू कुमार ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि ग्वालपाड़ा प्रखंड के सुखासन पंचायत में सुरसा नदी द्वारा बरसात के दिनों में पानी का बहाव बढ़ने के कारण भीषण कटाव की स्थिति उत्पन्न होती है. ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए कटाव निरोधात्मक कार्य कराने की कृपा करें.

**जनता दरबार पहुंचे कई फरियादी**

मुजफ्फरपुर जिला से आई देवयानी भारती ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैं वर्ष 2019 में स्नातक पास कर चुकी है, लेकिन अभी तक मुझे मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना का लाभ नहीं मिला है. मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्य करने का निर्देश दिया. वहीं, बक्सर जिला के ब्रह्मपुर से आए हुए उदय कुमार उज्जैन ने सरकारी विद्यालय परिसर की जमीन का असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण करने की मुख्यमंत्री से शिकायत की. मुख्यमंत्री ने संबधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

# 11 लाख का गबन करनेवाला वार्ड सदस्य हुआ गिरफ्तार

**संवाददाता। समस्तीपुर**

समस्तीपुर में वार्ड सदस्य पर कार्रवाई की गई है. जिले के कनोजर पंचायत के रहने वाले वार्ड सदस्य सुनील कुमार को चकमहेसि थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि सुनील कुमार और उनके सचिव ने वार्ड 6 में नल जल योजना के काम की शुरूआत की थी. काम की शुरुआत के समय ही उनके द्वारा 11 लाख रुपये की निकासी कर ली गई और काम पूरा नहीं किया गया. इस मामले को लेकर वहां के लोगों ने सभी अधिकारियों को आवेदन दिया था. जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह के निर्देश पर कल्याणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा इस योजना की जांच की गई. जांच के क्रम में योजना आधी अधूरी पाई गई. कई बार वार्ड सदस्य एवं सचिव को राशि जमा करने को लेकर निर्देशित किया गया था लेकिन राशि जमा नहीं हुई. इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सचिव को प्राथमिक की दर्ज करने का निर्देश दिया. सचिव के द्वारा चकमहेसि थाने में राशि गबन करने को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई. चकमहेसी थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वार्ड सदस्य के द्वारा बनाये गए सचिव को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन वार्ड सदस्य सुनील कुमार फरार हो गया था. बता दें कि चकमहेसी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड सदस्य सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया है.

**कारोबार**

## एनफील्ड ने पूर्वी क्षेत्र में पहला गोदाम खोला

**कोलकाता।** दोपहिया वाहन विनिर्माता रॉयल एनफील्ड ने कलपुर्जों (स्पेयर पार्ट) की जरूरतों को पूरा करने के लिए कोलकाता में अपना पहला गोदाम खोला है. कंपनी के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस गोदाम से मोटरसाइकिल कलपुर्जों की आपूर्ति का पारगमन समय काफी कम हो जाएगा. 'चैनल पार्टनर' विकसित करने में भी मदद मिलेगी. प्रवक्ता ने कहा कि शहर के बालीगंज इलाके में 50,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह गोदाम पूरे पूर्वी व पूर्वोत्तर क्षेत्र में कलपुर्जों की आपूर्ति करेगा.

## शेयर सूची बद्ध करने की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट जल्द ही अपनी प्रतिभूतियों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध करेगी. कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी. वित्तीय उथल-पुथल से गुजर रही कंपनी के शेयरों ने बीएसई पर सुबह के कारोबार में आठ प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की. एयरलाइन ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निवेशकों तक पहुंच बढ़ाने के लिए, कंपनी जल्द ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर अपनी प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करेगी.

## पीले मटर के आयात को अनिवार्य किया

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पीली मटर के आयात को अगले साल 31 मार्च तक आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकृत करना अनिवार्य कर दिया है. एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई. इस कदम का मकसद उसकी घरेलू उपलब्धता बढ़ाना है. विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अनुसार, एक अप्रैल 2024 से प्रतिबंधित आयात नीति और संबंधित नीति शर्तें लागू होंगी. अधिसचूना में कहा गया, पीली मटर का आयात...31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए तत्काल प्रभाव से आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के अधीन निःशुल्क है.

### चीन की अर्थव्यवस्था अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है

# घटती महंगाई अर्थव्यवस्था के लिए घातक


**भाषा। नयी दिल्ली**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी पहचान रखनेवाले चीन की स्थिति कमजोर हो रही है. कोरोना महामारी से अभी चीन उबर ही रहा था कि बीमार इकॉनमी ने उसे बुरी तरह से घेर लिया. चीन की अर्थव्यवस्था अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है. दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की इकॉनमी के बुरे दिन शुरू हो चुके हैं. वहीं देश में गिरती महंगाई ने आग में घी डालने का काम किया है. चीन में डिफ्लेशन तेजी से बढ़ रहा है. चीन में घटती महंगाई अर्थव्यवस्था के लिए घातक साबित हो रही है. रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर 2023 में चीन में उपभोक्ता कीमतों में तीन साल में सबसे तेज गिरावट देखी गई है.

यूं तो घटती महंगाई आम तौर पर लोगों के लिए राहत वाली खबर होती है, लेकिन चीन के मामले में यह इकॉनमी के लिए बड़ा खतरा बनजा जा रहा है. चीन की इकॉनमी की हालत खराब हो रही है. रॉयटर्स के मुताबिक चीन की इकॉनमी तीन साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है. चीन में उपभोक्ता महंगाई दर नवंबर 2022 और अक्टूबर 2023 के मुकाबले 0.5 फीसदी तक गिर गया है. चीन में घटती महंगाई से अर्थव्यवस्था पर जोर बढ़ता जा रहा है. इसकी इस हालत के पीछे कई कारण हैं, लेकिन जो सबसे बड़ा कारण है वो है कमजोर घरेलू डिमांड. कमजोर घरेलू डिमांड ने इकोनॉमिक रिकवरी को कमजोर कर दिया है, साथ ही देश में महंगाई में कमी ला दी है. लगातार हो रही इस कमी के चलते चीन पर डिफ्लेशन का संकट गहराता जा रहा है. हालत ऐसी हो गई है कि नवंबर 2023 में महंगाई दर में सालाना और महीने के आधार पर 0.5 फीसदी की कमी आ गई है. ये आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं.

चीन की इकॉनमी की हालात खराब है. निर्यात में लगातार कमी आ रही है. देश कोरोना की मार से ठीक से उठ भी नहीं पाया था कि बंद होती कंपनियों ने लोगों को बेरोजगार कर दिया. लोगों की खर्च करने की क्षमता गिरती चली गई. चीन के लोग सामान पर पैसे कम खर्च कर रहे हैं जिससे मांग में तेजी से कमी आई है. जिसके चलते चीन पर डिफ्लेशन का खतरा बढ़ता चला गया. चीन में सामानों की सप्लाई तो जारी रही, लेकिन मांग घटती जा रही है. सप्लाई चेन में अंतर से डिफ्लेशन की स्थिति पैदा होती है. चीन के निर्यात में कमी के कारण महंगाई में तेजी से गिरावट आई है. घटती महंगाई के चलते चीजें सस्ती होती जा रही है, जो चीन की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं होता है. इससे बिजनेस और कंपनियों के मुनाफे पर बुरा असर पड़ता है.

इससे लोगों का चीनी सरकार पर भरोसा घटता जा रहा है. जैसे ही कोरोना के प्रतिबंध हटे चीन के अमीरों ने चीन के बाहर निवेश करना शुरू कर दिया. चीन के अमीरों ने देश के बाहर अपार्टमेंट, स्टॉक और बीमा पॉलिसी में बड़ी मात्रा में निवेश किया है. चीन की अर्थव्यवस्था पहले से ही हिचकोले खा रही है.



**चिंताजनक आंकड़े**

- नवंबर 2023 में उपभोक्ता कीमतों में तेज गिरावट रही
- उपभोक्ता महंगाई दर 0.5 प्रतिशत तक गिर गया
- उपभोक्ता महंगाई दर 0.5 प्रतिशत तक गिर गयी

**डिफ्लेशन को जानें**

डिफ्लेशन एक आर्थिक स्थिति है जिसमें मौद्रिक मानदंड कम होता है. यानी सीधे शब्दों में महंगाई कम होती है. यहां पर मानदंड से मतलब मौद्रिक मूल्य या सामान्य स्तर पर मौद्रिक मूल्य की कमी होना है. अन्य शब्दों में, डिफ्लेशन में मौद्रिक मूल्यों में गिरावट होती है. डिफ्लेशन के परिणामस्वरूप, व्यापारियों की मुनाफा में कमी होती है, उत्पादन में घातक कमी होती है और बेरोजगारी बढ़ सकती है. यह एक आर्थिक मुद्दा है जिसका सामना करने के लिए सरकारें अनुभव करती हैं. उन्हें ऐसे समयों में आर्थिक पॉलिसी बनाने और क्रियान्वित करने की जरूरत होती है ताकि आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके. वैसे डिफ्लेशन के कारण हो सकते हैं. इसमें एक कमजोर आर्थिक गतिविधियां हैं. यदि एक देश की आर्थिक गतिविधियां कमजोर हैं, तो लोग कम खर्च करते हैं और व्यापार घटता है. जिससे मौद्रिक मूल्यों में कमी हो सकती है. दूसरा उत्पादन में कमी होना है. इससे बाजार में उपलब्ध आदान-प्रदान कम होता है. वस्त्र, सामान्य वस्त्र, और सेवाओं की मांग में कमी हो सकती है. तीसरा ब्याज दरों में कमी है.

**लांचिंग**



मुंबईः सोमवार को मुंबई में काइनेटिक ग्रीन्स ई-स्कूटर जुलु के लॉन्च के दौरान तस्वीरों के लिए पोज देती काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया.

# तीसरी तिमाही में सौर क्षमता 21% बढ़कर 907 मेगावाट हुई



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश में खुली पहुंच वाली (ओपन एक्सेस) सौर क्षमता चालू कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही में 20.6 प्रतिशत बढ़कर 907 मेगावाट हो गई है. शोध फर्म मेरकॉम इंडिया द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. फर्म ने '2023 की तीसरी तिमाही में खुली पहुंच बाजार रिपोर्ट' में कहा कि भारत ने पिछले साल समान तिमाही में 752 मेगावाट क्षमता जोड़ी थी. रिपोर्ट के अनुसार, तिमाही आधार पर क्षमता पिछली अप्रैल-जून तिमाही के 666 मेगावाट से 36 प्रतिशत बढ़ी है. सितंबर, 2023 तक देश की संयुक्त स्थापित खुली पहुंच सौर क्षमता 11 गीगावाट थी. खुली पहुंच के अंतर्गत कोई व्यक्ति या कंपनी हरित ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकती है और उत्पन्न स्वच्छ बिजली का वितरण डिस्कॉम या निजी उपभोक्ताओं के जरिये कर सकती है. मेरकॉम इंडिया की प्रबंध निदेशक प्रिया संजय ने कहा, सितंबर तिमाही में सौर परियोजना लागत में गिरावट ने उपभोक्ताओं का ध्यान आकर्षित किया. बिजली खरीद समझौते जो ठंडे बस्ते में थे, अब उन पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं. इस तिमाही में खुली पहुंच सौर स्थापना के मामले में शीर्ष पांच राज्यों की हिस्सेदारी 88.5 प्रतिशत रही है. सितंबर तिमाही के अंत में भारत में 12.5 गीगावाट की खुली पहुंच सौर परियोजनाएं विभिन्न चरणों में हैं.

### उम्मीद — उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने सोमवार को कहा -

# प्याज की कीमत 40 रुपये प्रति किलो से नीचे आ आएगी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार को उम्मीद है कि जनवरी तक प्याज की कीमतें मौजूदा औसत कीमत 57.02 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 40 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आ जाएंगी. सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्याज की खुदरा बिक्री कीमत 80 रुपये प्रति किलोग्राम को पार करने और मंडियों में कीमतें 60 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास रहने के बाद पिछले हफ्ते अगले साल मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था.

यह पूछे जाने पर कि प्याज की कीमतें 40 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे कब तक आने की उम्मीद है सिंह ने कहा, बहुत जल्द...जनवरी. सिंह ने डेलॉयट ग्रोथ विद इम्पैक्ट गवर्नमेंट समिट के मौके पर कहा, किसी ने कहा है कि यह (कीमत) 100 रुपये प्रति किलोग्राम को छू जाएगी. हमने कहा कि यह कभी भी 60 रुपये प्रति किलोग्राम को पार नहीं करेगी. सोमवाार सुबह अखिल भारतीय औसत 57.02 रुपये प्रति किलोग्राम रहा और यह 60 रुपये प्रति किलोग्राम को पार नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि निर्यात प्रतिबंध से किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा और यह व्यापारियों का एक छोटा समूह है जो भारतीय तथा बांग्लादेश के बाजारों में कीमतों के बीच अंतर का फायदा उठा रहा है. सचिव ने कहा, उन्हें (जो व्यापारी अलग-अलग कीमतों का फायदा उठा रहे थे) नुकसान होगा, लेकिन इससे फायदा किसे होगा... (वे) भारतीय उपभोक्ता हैं. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में प्याज की मुद्रास्फीति जुलाई से दोहरे अंक में रही है, जो अक्टूबर में चार साल के उच्चतम स्तर 42.1 प्रतिशत पर पहुंच गई. इस वित्त वर्ष में एक अप्रैल से चार अगस्त के बीच देश से 9.75 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया. मूल्य के लिहाज से शीर्ष तीन आयातक देश बांग्लादेश, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात हैं. सरकार ने कीमतों पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए हैं. इस साल 28 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक प्याज के निर्यात पर 800 अमेरिकी डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाया गया है. साथ ही अगस्त में भारत ने प्याज पर 31 दिसंबर तक 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया था.



**खास बातें**

- जनवरी में प्याज की कीमत 57.02 रुपये प्रति किलो थी
- बांग्लादेश में कीमतों को लेकर फायदा उठा रहे हैं

▼ ब्रीफ खबरें

### 900 लाभुकों ने मांगा सरकार से अबुआ आवास

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों ने सरकार से 900 अबुआ आवास योजना की मांग करते हुए अपना रजिस्ट्रेशन कराया. कार्यक्रम में पहुंचे गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सभी स्टालों का निरीक्षण करते हुए जेएसएलपीएस के सामुदायिक निवेश कोष से स्वयं सहायता समूहों के बीच 50 लाख की परिसंपत्ति का वितरण किया. विधायक ने कहा कि लोग योजनाओं का लाभ उठाएं.

### सिनीडीह में भारतीय भाषा महोत्सव मना

**बाघमारा (धनबाद)।** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सोमवार को भारतीय भाषा महोत्सव का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई. इसके बाद बच्चों ने देश की विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुति दी. छठी कक्षा की छात्राओं ने लघु नाटिका की प्रस्तुति दी. छात्राओं ने खोरठा व बांग्ला गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया. इससे पूर्व उपप्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय व सीबीएसई ने मिलकर किया है.

### जिप अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को दिया स्वेटर

**धनबाद।** बढ़ती ठंड को देखते हुए धनबाद जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने सोमवार को संपूर्ण शिक्षा केन्द्र के छात्र-छात्राओं के बीच स्वेटर का वितरण किया. स्वेटर पाकर बच्चे काफी खुश दिखे. शारदा सिंह ने कहा कि संपूर्ण जनजागृति ऑर्गेनाइजेशन ने बाघमारा क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में कीर्तिमाना स्थापित किया है. संस्था बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का नेक काम कर रही है. उन्होंने संस्था को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया.

### 85 आवेदनों का ऑनस्पॉट किया गया निबटारा

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची नगर निगम द्वारा निगम वार्ड नं 27 और वार्ड नं 28 में शिविर का अयोजन किया गया. इसमें निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया व शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया. निगम स्तर से दोनों शिविर में कुल मिलाकर 85 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया. इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 270 कंबल का वितरण भी किया गया.

### कांग्रेस के खिलाफ भाजपाइयों का प्रदर्शन

**पाकुड़।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर से छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी बरामद होने और राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार के विरोध में पाकुड़ जिला भाजपा की ओर से सोमवार को गांधी चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया. कांग्रेस, झामुमो व राजद के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कांग्रेस पर जमकर नशाना साधा और धीरज साहू मामले की जांच ईडी से कराने की मांग. कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार का इतिहास रहा है.

### लोदना में मजदूर के घर में लगी आग

**झरिया।** लोदना ओपी क्षेत्र के बाबूबासा निवासी दिहाड़ी मजदूर मनोज निषाद के घर में सोमवार की दोपहर आग लग गयी. घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया. संयोग अच्छा था कि बच्चे व घर के अन्य सदस्य बाहर धूप में बैठे थे. घर में धुआं देख उन्हें घटना की जानकारी मिली. सूचना पाकर आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. तब तक अलमीरा, फ्रिज, पंखा, कपड़े सहित सभी सामान जल चुके थे. आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है.

### दुकानदारों ने प्रदर्शन को लेकर की बैठक

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 12 मोड़ स्थित शहीद खुदीराम बोस प्रतिमा स्थल के समक्ष सोमवार को बोकारो हवाईअड्डा के आस-पास और दुंदीबाद स्थित मीट-मुर्गा दुकानदारों की बैठक कर मंगलवार के प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया. मीट-मुर्गा दुकानदार झुग्गी-झोपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ के बैनर तले मंगलवार की सुबह अपनी मांगों के समर्थन में बोकारो समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे.

## निगम की टीम ने पुलिस लाइन के पास से हटाया अतिक्रमण, दुकानदारों ने किया विरोध

# उपराष्ट्रपति के जाने के बाद सड़कों पर फिर सजीं दुकानें

**संवाददाता। धनबाद**

आईआईटी-आईएसएम धनबाद में रविवार की शाम आयोजित दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए. उनके दिल्ल्ली लौटने के करीब 12 घंटे बाद सोमवार की सुबह से सड़कों के दोनों ओर अतिक्रमण शुरू हो गया है.

सड़क के दोनों ओर आधी सड़क पर ठेले, खोमचे वालों के साथ कच्चा टेंट लगाकर फुटपाथ दुकानदारों ने सामान की बिक्री शुरू कर दी. रोड किनारे सब्जी, फल, फूल से लेकर खाने-पीने के समान की दुकानें सज गईं. रणधीर वर्मा चौक से भुईफोड़ मंदिर तक जो सड़क काफी चौड़ी दिख रही थी, 12 घंटे बाद ही आधी रह गई.



पुलिस लाइन के पास अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम.

### निगम की टीम को झेलना पड़ा विरोध

नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम सोमवार की सुबह पुलिस लाइन के पास अतिक्रमण हटाने पहुंची, तो फुटपाथ दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया. पुलिस लाइन के 50 से 60 दुकानदार नगर निगम कार्यालय पहुंच गए. उनका कहना था कि उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू ने कहा था कि सारे दुकानदार अपनी दुकान हटा लें. उन्होंने सोमवार से दोबारा दुकान लगाने का आश्वासन भी दिया था. अब निगम वादाखिलाफी कर रहा है. सोमवार की सुबह जैसे ही वे लोग दुकान लगाने लगे, निगम की टीम बुलडोजर लेकर दुकानों को हटाने पहुंच गया. फुटपाथ दुकानदार मंगलवार को नगर आयुक्त से उनके कार्यालय आकर मिलेंगे और अपनी बात रखेंगे.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- बुमचू किस राज्य का सांस्कृतिक त्योहार है – **सिक्किम**
- ट्विकल रोग किस फसल मे होता है – **नींबू**
- लक्षद्वीप में द्वीपों की संख्या कितनी है – **36**
- अशोक के अभिलेख में उसके किस एकमात्र पुत्र की चर्चा है – **तीवर**
- भारत की पहली महिला एयरलाइन पायलट – **दुर्गा बनर्जी**
- कीटों के अध्ययन को किस रूप में जाना जाता है – **एन्टोमोलॉजी**
- मानव शरीर में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला खनिज – **कैल्शियम**
- वैशेषिक दर्शन के प्रतिपादक कौन थे – **महर्षि उलूक कणाद**
- सिगरेट लाइटर में किस गैस का उपयोग किया जाता है – **ब्यूटेन**
- भारत का पहला संयुक्त स्टॉक बैंक – **इलाहाबाद बैंक**

## भूमि अधिग्रहण करने में डीएफसीसीआईएल को लग गए 18 साल

# लुधियाना तक निर्माण अधूरा

**संवाददाता। धनबाद**

18 साल में भी धनबाद होकर डानकुनी से लुधियाना तक डीएफसी का निर्माण पूरा नहीं हो सका. धनबाद रेल मंडल में प्रधानखंटा से मानपुर 204 किलोमीटर तक भूमि अधिग्रहण करने में डीएफसीसीआईएल को 18 साल लग गए. 31 दिसंबर 2023 तक अंतिम समय सीमा में काम पूरा करना है. काम के धीमी गति को देख अधिकारी अंदाजा लगा रहे हैं कि इसे पूरा करने में अभी चार से पांच साल लगेंगे. हालांकि डीएफसी निर्माण के बाद ट्रेनों की लेटलतीफी की समस्या दूर हो जाएगी. साथ ही रेलवे को राजस्व में 3 से 5 फीसदी अधिक फायदा होगा. सूत्रों के अनुसार इस परियोजना की नींव वर्ष 2005 में ही रखी गई थी, जिसे 2012 में ही पूरा करना था. दिसंबर 2012 समय सीमा खत्म होने के बाद भी डीएफसी का काम 15 से 20% ही हो पाया.

**अधिकतर जगहों पर काम शुरू नहीं :** भूमि अधिग्रहण और स्थानीय लोगों के विरोध के कारण अधिकतर जगहों पर काम शुरू भी नहीं हो पाया था. रेलवे और डीएफसीसीआईएल के अधिकारियों के साथ राज्य सरकार के साथ कई बार बैठक हुई. उसके बाद भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो सका. डानकुनी से धनबाद होकर लुधियाना तक 1856 किलोमीटर रेल लाइन बिछाना है, जिसका बजट 57501 करोड़ रुपए है. रेलवे मंत्रालय की ओर से 31 दिसंबर 2023 तक काम पूरा करने का समय सीमा दिया गया है. रेल अधिकारी बताते हैं कि उन लोगों के पास मात्र 20 दिन हैं, जिसमें डीएफसीसीआईएल के अधिकारी पूरा नहीं कर सकेंगे. रेलवे लाइन बिछाना, पोल लगाना, हाई टेंशन तार जोड़ना, सिग्नल पोल लगाना, पटरी में सिग्नल प्वाइंट लगाना और उसे रूट रिले इंटरलॉकिंग से जोड़ना, इसमें 4 से 5 साल लग जाएंगे. कई जगहों पर रेलवे लाइन के किनारे समतल जमीन नहीं है, वहां ब्रिज बनाने के बाद ही रेलवे लाइन का निर्माण पूरा हो पाएगा. पहाड़ी नुमा क्षेत्र में काफी दिक्कतें होंगी.



निर्माणाधीन डीएफसी.

### डीएफसी निर्माण के बाद समय पर पहुंचेंगी ट्रेनें और मालगाड़ियों में आएगी तेजी

पश्चिम बंगाल के डानकुनी से धनबाद होकर लुधियाना तक रेलवे लाइन बिछ जाने के बाद यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मालगाड़ियों के परिचालन में भी तेजी आ जाएगी. ट्रेनों और मालगाड़ियों की रेलवे लाइन अलग-अलग होने से निर्धारित समय सीमा के अंदर लगभग सभी ट्रेनें और मालगाड़ियां पहुंच जाएगी. भारतीय रेलवे को राजस्व में वर्तमान समय के अपेक्षा तीन से पांच गुना अधिक फायदा होगा. वहीं यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी दूर हो जाएगी. अभी एक ही रेल लाइन पर यात्री ट्रेन और मालगाड़ियां दोनों चलती है, जिसके कारण दोनों को परेशानी होती है. मालगाड़ियों की वजह से यात्री ट्रेन लेट हो जाती है, वहीं दूसरी ओर यात्री ट्रेनों की वजह से मालगाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पाती है. जिससे रेलवे को राजस्व में भारी नुकसान सहना पड़ता है.

### हादसे के बाद कई ट्रेनें हो जाती हैं रद्द

कई बार हादसा होने के बाद यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मालगाड़ियों को भी परिचालन में दिक्कत होती है. मालगाड़ी हादसा के बाद कई बार दर्जनों ट्रेनें रद्द हो जाती है और कईयों को डाइवर्ट कर चलाया जाता है. तीन-चार दिनों तक यात्रियों को काफी परेशानी होती है. रेलवे को भी करोड़ों का नुकसान सहना पड़ता है. यात्री ट्रेनों के रेलवे लाइन पर अत्यधिक दबाव पड़ने से ही डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है. धनबाद-गया रेलखंड होकर अभी वर्तमान समय में 60 से 70 मालगाड़ियां रोजाना चलती है. डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण होने के बाद लगभग 100 मालगाड़ियां चलेगी और इसकी रफ्तार भी 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा होगी. वर्तमान में एक मालगाड़ी के रैक में 45 से 58 डिब्बे होती है. डीएफसी का निर्माण होने के बाद एक मालगाड़ी में 105 डिब्बे होगी.

### पावर प्लांट समेत कई कंपनियों की समस्या होगी दूर

हमेशा प्लांट समेत कई कंपनियों को शिकायत रहती है कि मालगाड़ी विलंब से पहुंच रही है. जिसके कारण हमेशा उन लोगों को नुकसान हो जाता है. कॉरिडोर का निर्माण के बाद सभी तरह की दिक्कतें दूर हो जाएगी. रेलवे अधिकारी बताते हैं वैसे तो देशभर में 4000 से अधिक किलोमीटर डीएफसी की रेलवे लाइन बिछाई जा रही है. कई जगहों पर सीधे बंदरगाह से भी रेलवे लाइन को जोड़ा जाएगा, ताकि माल ढुलाई में परेशानी ना हो. डानकुनी से धनबाद होकर लुधियाना तक रेलवे लाइन बिछ जाने के बाद पश्चिम बंगाल के साथ-साथ झारखंड, बिहार, हरियाणा और पंजाब तक को फायदा होगा. यात्रियों को भी हमेशा शिकायत रहती है की लगभग सभी ट्रेनें विलंब से चलती है. यह समस्या भी दूर हो जाएगी.

### बच्चियों को मिला गुरुजी क्रेडिट कार्ड का लाभ

**गोड्डा।** गोड्डा नगर परिषद के वार्ड नं 11 में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सैकड़ों लोगों को मिला. लाभ पाने वाले लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ तौर पर झलक रही थी. वार्ड 11 स्थित मुलर्स टैंक के किनारे आयोजित शिविर में कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही भीड़ लगी हुई थी. शिविर में पहुंचने वाले जरूरतमंदों के बीच पचास कंबल, 29 राशनकार्ड, तीन आयुष्मान कार्ड, दस गुरु जी क्रेडिट कार्ड, बारह पेंशन और दो साइकिल का वितरण किया गया. इस मौके पर नगर परिषद के विशेष पदाधिकारी गोपी कृष्ण ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में अलग-अलग शिविर लगाकर लाभुकों को लाभ दिया जा रहा है.

### जिसका मन नहीं मरा वह ज्ञानी नहीं : राधे

**गोविंदपुर।** धनबाद जिला संतमत सत्संग समिति द्वारा महर्षि में ही आश्रम आकाशगंगा कॉलोनी लाल बांग्ला में आयोजित ध्यान, साधना एवं सत्संग शिविर शुरुआत करते हुए सोमवार को स्वामी राधे बाबा ने कहा कि जिसका मन नहीं मरा वह ज्ञानी नहीं है. चाहे वह कितना भी सुंदर प्रवचन क्यों न देते हो. इसलिए संतमत में प्रवचन की कसौटी ध्यान ही है. आजकल प्रवचन देने की कला विकसित हो रही है और वैसे कथावाचक उनका ध्यान के प्रति लगाव नहीं है. वह जो ध्यान नहीं करते हैं उन्हें प्रवचन नहीं करना चाहिए. उन्होंने कहा कि ध्यान ही मनुष्य का जीवन है. ध्यान नहीं हुआ तो जीवन मानो चला गया. अमृत हाथ से निकल गया. फिर साधु के जीवन में ध्यान नहीं है तो वह कैसा जीवन है.

# स्ट्राइक पर रहे मजदूरों ने वार्ता के बाद आंदोलन किया समाप्त

**संवाददाता। निरसा**

ईसीएल मुगमा क्षेत्र की श्यामपुर बी कोलियरी के मजदूरों ने प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सोमवार को टूल डाउन सट्राइक पर रहे. बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने कोलियरी के सामने जमकर प्रदर्शन किया. प्रबंधन पर दूसरी कोलियरी से मजूदर लाकर काम कराने, मनमानी करने, रेगुलराइज व पदोन्ननति नहीं करने का आरोप लगाया. बीसीकेयू के मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि मुगमा क्षेत्र की श्यामपुर कोलियरी का विस्तार कर उत्पादन बढ़ाने की योजना थी. लेकिन प्रबंधन इसे निजी हाथों में सौंपकर एमडीओ मोड में चलना चाहता है. इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सभा को रामजी यादव, महानंद रवानी, आस्तिक बाउरी, चंदलाल सोरेन, गुलशन बाउरी, सुखबीर सिंह, मेघनाथ भुईयां, कंचन घोषाल, नीलकमल बाउरी, समीर मरांडी आदि ने संबोधित किया. बाद में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक धनंजय गौडाने और प्रबंधक बीके मिश्रा के साथ यूनियन की वार्ता के बाद दोपहर एक बजे आंदोलन समाप्त किया गया.

**माने मजदूर**

- ईसीएल मुगमा के मजदूरों ने आंदोलन किया था
- मजदूरों ने कोलियरी के सामने प्रदर्शन किया

## पेज एक का शेष...

### आंकड़ा 500 करोड़ के पार, गिनती जारी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी में आयकर विभाग की टीम को कई बैंकों के पासबुक मिले हैं, जिसके आधार पर साहू व उनकी कंपनियों के बैंक खातों में जमा राशि की भी टीम जानकारी जुटा रही है. फिलहाल साहू कव उनकी कंपनियों व उनसे जुड़े लोगों के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है. आईटी टीम कागजात की जांच कर साहू एंड कंपनी की अचल संपत्ति का भी ब्योरा जुटा रही है. यह पता लगा रही है कि उनकी कितनी संपत्ति नामी व बेनामी है. कागजात खंगालने के बाद आयकर विभाग के अफसर उनसे संबंधित जानकारी साहू व उनकी कंपनी के लोगों से हासिल करेगी. पूछताछ कर पता लगाएगी कि पैसे कहां से आये. आय के स्रोतों की जानकारी आईटी की टीम हासिल करेंगी.

**नोटों की गिनती में लगाए गए थे तीन बैंकों के अधिकारी:** ओडिशा एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा के अनुसार, उन्हें रुपयों से भरे 176 बैग मिले हैं, जिनमें से 140 बैगों में रखे नोटों की गिनती रविवार तक पूरी की जा चुकी थी. बाकी बचे 36 बैगों में रखे रुपयों की गिनती की जा रही है. गिनती प्रक्रिया में तीन बैंकों के अधिकारी शामिल हैं. एसबीआई के 50 अधिकारी भी गिनती में लगे हैं. नोट गिनने के लिए 40 मशीनें मंगवाई यी थीं गयी है. इनमें से 25 मशीनों से गिनती की जा रही थी औक 15 मशीनों बैकअप के रूप में रखी गयी हैं.

### जमशेदपुर में 10 करोड़ के...

इसके बाद जनवरी 2021 में फर्जी जीएसटी बिल बना कर आईटीसी भुगतान के मामले में जीएसटी विभाग ने उसके घर पर छापेमारी की थी.

**कई राज्यों में फैला है जाल :** सूत्रों के अनुसार विक्की भलोटिया व इसके सिंडिकेट ने कई फर्जी फर्म बनाए एवं फर्जी बिक्री दिखा कर गलत तरीके से जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट का इस्तेमाल किया. डीजीजीआइ की टीम विक्की भलोटिया पर पिछले छह महीने से कड़ी नजर रखे हुए थी. अब तक प्राप्त सूचना के अनुसार 9.52 करोड़ रुपए के जीएसटी फ्रॉड विक्की भलोटिया के द्वारा किया गया है, इसका आकड़ा और बढ़ने के संभावना है. इस फर्जीवाड़ा का तार नोएडा पुलिस द्वारा उद्भेदित सेल कंपनी से भी जुड़ा है. सूत्रों के अनुसार जीएसटी के इस फ्रॉड में विक्की भलोटिया मास्टरमाइंड है और इसके तार बंगाल, दिल्ली, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु आदि दूसरे राज्यों से जुड़े हुए है. डीजीजीआइ जमशेदपुर इनकी गहनता जांच कर रही है.

**हवाला से बड़ी रकम दुबई पहुंचाने की जांच:** बता दें कि डेढ़ माह पहले डीजीसीआइ की टीम ने विक्की भालोटिया के घर पर रेड की थी, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया. इसके बाद से कोलकाता डीजीसीआइ मुख्यालय की टीम विक्की भालोटिया का लगातार पीछा कर रही थी. चार दिन पहले जब कोलकाता में किसी समारोह में शामिल होने के लिए विक्की जब एक होटल में अपने साथियों के साथ पहुंचा, तो उसे डीजीसीआइ ने डिटेन कर लिया. विक्की को डिटेन करने के बाद उससे मिले इनपुट के आधार पर जुगसलाई फिरंगी चौक स्थित आवास, बिष्टुपुर स्थित एक कंपनी के कार्यालय, आदित्यपुर स्थित एक फैक्ट्री, सोनारी आदर्शनगर स्थित रामजनम सिंह के आवास, सोनारी में एक कार्यालय व एनएच-33 बालीगुमा स्थित एक प्लांट में छापामारी की गयी. बताया जाता है कि जीएसटी इंटेलिजेंस को यह भी जानकारी मिली है कि विक्की ने बड़ी रकम को हवाला के जरिये दुबई समेत अन्य जगह पहुंचाया गया है. इसके अलावा विक्की भालोटिया आर्थिक अपराध का बड़ा नेटवर्क चला रहा है. फर्जी आइटीसी, बेनामी कंपनियां के अलावा बड़े स्तर पर वह कच्चे खाते का कारोबार कर रहा था.

### सरकार को कोसना ही...

लेकिन 20 सालों में सरकार घाटे का बजट पेश करती है. कहां गया पैसा. हमारे विपक्षियों ने 20 सालों में पूरा पैसा डकार लिया. हमने कोरोना, सुखाड़ देखा. कोरोना के दौरान हम हमारे मजदूरों को विदेशों से हवाई जहाज में वापस लाए. हमने अपने दो मंत्रियों को इस दौरान खो दिया. यह हमारा सफर है. इस चुनौती भरे वक्त में भी, कुछ वर्षों के बाद यह युवा राज्य होगा. 25 साल में इस राज्य में इतनी ताकत होन थी कि इस राज्य को इस राज्य के कंधे पर अपनी जिम्मेदारी उठाने की हिम्मत होनी चाहिए. लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इसकी हालत बदतर कर दी.

**पीएम आवास की तरह हम मुर्गीखाना नहीं देंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 लाख कि बच्चियों को हमने सावित्रीबाई फूले योजना से जोड़ा. जो आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं, उनका पूरा खर्चा सरकार उठा रही है. बाद में आपकी नौकरी लगने के बाद थोड़ा-थोड़ा करके हम वापस ले रहे हैं. जो विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं उनको भी सरकार अपने पैसे से विदेश भेज कर पढ़ा रही है. अब महीना पूरा होने से पहले पेंशन मिलती है. सरकार बच्चों को जो 12वीं क्लास से पढ़ने के लिए जो अनुदान देती थी, उसे 60 हजार से 1 लाख कर दिया गया है. अगर उससे भी ज्यादा पढ़ाई करनी है तो हम गुरुजी क्रेडिट कार्ड दे रहे हैं. लाखों लोगों को घर नहीं मिला. केंद्र से हमने कहा कि हमारे यहां गरीबों के पास घर की कमी है. तो सरकार ने हाथ खींच लिया. घर बनाने के लिए पैसा नहीं दिया. इसलिए हमने अपनी ताकत पर घर देने का फैसला किया है. पीएम आवास की तरह मुर्गीखाना नहीं देंगे. सीएम ने कहा कि खतियान के आधार पर हमने स्थानीय नीति बनने के काम लिया तो विपक्ष ने कोर्ट-कचहरी करके उसे फंसा दिया. लेकिन हम रुकेंगे नहीं लगे रहेंगे. इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सह पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक, बोकारो प्रमंडल, जिला परिषद अध्यक्ष, उपायुक्त बोकारो, पुलिस अधीक्षक बोकारो एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे.

# संसद में उठा धीरज साहू कैश कांड भाजपा सांसदों ने किया प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू का कैश कांड की गूंज लोकसभा में गूंजी. भाजपा सांसद संजय सेठ ने इसे सदन में उठाया और भाजपा सांसदों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया. जिसमें सांसद संजय सेठ, समीर उरांव, दीपक प्रकाश, आदित्य साहू आदि शामिल हुए. सांसद संजय सेठ के बोलते ही पूरे सदन में हंगामा हो गया. इस दौरान सांसद ने इस मुद्दे पर कांग्रेस, राहुल गांधी, सोनिया गांधी सबसे जवाब मांगा. भाजपा के सांसद भी संजय सेठ के साथ खड़े होकर जवाब मांगने लगे.

सांसद ने लोकसभा में कहा कि यह मामला सिर्फ नगद बरामदगी का नहीं है, बल्कि यह मामला राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है. सांसद ने कहा कि जो झारखंड खनिजों के खदान के लिए जाना जाता है, उसे झारखंड को आईएनडीआई गठबंधन से जुड़ी झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार ने भ्रष्टाचार की खदान बना दिया है. 500 करोड रुपए की बरामदगी कोई छोटी बात नहीं है. उन्होंने सदन में यह बात भी रखी कि झारखंड में ईडी के अधिकारियों पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा है. और यह सब कुछ राज्य सरकार के द्वारा संपोषित भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों के द्वारा किया जा रहा है.

सांसद ने सदन में यह मांग की की राज्य में ईडी के अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए. गठबंधन की भ्रष्ट सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाए और इतने व्यापक पैमाने पर नगदी रखने वाले भ्रष्ट सांसद की तत्काल की रफ्तारी हो. सांसद सेठ ने कहा कि यह वास्तव में चिंता का विषय है कि कोई आदमी व्यवसाय की आड़ में इतनी बड़ी नगदी कैसे रख सकता है. कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलते, खोलते भ्रष्टाचार की खदान बनकर रह गई है.




# सरकारी योजनाओं के तहत 54 प्रतिशत लोगों को ही मिला ऋण

**संवाददाता। धनबाद**

उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सोमवार को समाहरणालय में बैंको की ज़िला परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) के साथ बैठक की. उन्होंने इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ़ इंडिया तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा इन बैंकों को निर्देश दिया गया कि वे त्वरित गति से पीएमईजीपी, पीएमएफएमई तथा केसीसी के लम्बित आवेदनों का निष्पादन करे. उन्होंने कहा वार्षिक ऋण योजना के तहत सितम्बर तिमाही तक जिले के 54.82 प्रतिशत लाभुकों को ऋण मिला है. कुछ बैंकों की उपलब्धी संतोषजनक नहीं है. ऐसे बैंकों के प्रतिनिधियों को प्रत्येक तिमाही के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने को कहा गया है.

वहीं जिला कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि कुछ बैंकों द्वारा केसीसी के आवेदन लम्बी अवधि तक लंबित रखे जाते हैं. इस पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जतायी.

### इन योजनाओं की भी ली जानकारी

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने पीएमएफएमई के अंतर्गत बैंको का प्रदर्शन संतोषजनक जताया. उप विकास आयुक्त ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की भी चर्चा की. सीएसएस-एफपीओ योजना के अंतर्गत वर्तमान में धनबाद जिले के निरसा और गोविंदपुर में नाबार्ड द्वारा गठित दो एफपीओ की समीक्षा की. वहीं डीडीएम नाबार्ड को बलियापुर, कलियासोल, पूर्वी टुंडी और टुंडी मे आवंटित चार एफपीओ के गठन में त्वरित प्रगति का निर्देश दिया. बैंकों को पीएमएफएमई के कार्यों में तेजी लाने की बात कही.

**पर्यटन** नए साल पर सैलानियों की सुरक्षा को लेकर डीवीसी प्रबंधन ने बनाई रणनीति

# मैथन डैम पर 25 से 12 दिन तक वाहन ले जाने पर रोक

**संवाददाता। निरसा/ मैथन**

क्रिसमस और नए साल पर मैथन डैम पर जश्न मनाने आने वाले सैलानियों की सुरक्षा को लेकर डीवीसी प्रबंधन ने तैयारी कर ली है. डीवीसी मैथन प्रबंधन ने जिला पुलिस, पश्चिम बंगाल पुलिस-प्रशासन और नाविकों के साथ सोमवार को बैठक कर सुरक्षा व सैलानियों की सुविधा को लेकर रणनीति तैयार की है. बैठक में तय किया गया कि 25 दिसंबर, 31 दिसंबर, 1 से लेकर 7 जनवरी, 14, 21 व 28 जनवरी को कुल 12 दिन तक डैम पर वाहन ले जाने पर रोक रहेगी. सैलानी डैम के नीचे फूल बागान के पास बनी पार्किंग, काली पहाड़ी मंदिर व डैम के छठ घाट के समीप अपने वाहन खड़े कर सकते हैं.

**डैम के दोनों छोर पर रहेगा पुलिस का पहरा :** डैम पर आने वाले सैलानियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए झारखंड की तरफ से डीवीसी व जिला पुलिस के जवान, जबकि पश्चिम बंगाल की तरफ से डीवीसी व बंगाल पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे.

**नौकायन के दौरान सेल्फी लेने पर प्रतिबंध :** मैथन डैम में सैलानियों के नौकायन को लेकर नाविकों को दिशा-निर्देश दिए गए. कहा गया कि नौकायन के दौरान सैलानियों के सेल्फी लेने पर रोक रहेगी. नाव पर सीट से ज्यादा लोग नहीं बैठेंगे. नौकायन के दौरान सभी को लाइफ जैकेट पहनना जरूरी होगा और शाम 4:30 बजे तक ही नौकायन कर सकते हैं.



**दिया आदेश**

- सैलानियों की सुरक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली
- सैलानी डैम के नीचे फूल बागान बनाया जाएगा

### जब पूरी दुनिया में गुलाबी गेंद के साथ दुधिया रोशनी में टेस्ट मैच हो रहे थे, तब भी भारत ने इसमें रूचि नहीं दिखाई थी

# पिंक बॉल टेस्ट के लिए फैंस में बढ़ानी होगी दिलचस्पी : जय

भाषा । मुंबई

भारत में डे नाइट टेस्ट क्रिकेट मैच के भविष्य पर हमेशा से सवाल उठता रहा है. वहीं बीसीसीआई भी इसके पक्ष में नहीं है. किसी भी खेल का भविष्य उसके दर्शकों की संख्या पर होती है. यदि दर्शकों की संख्या कम होगी तो इसे जारी रखना मुश्किल होगा. यही वजह हे कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई कभी भी पिंक बॉल टेस्ट के पक्ष में नहीं रहा है. जब पूरी दुनिया में गुलाबी गेंद के साथ दुधिया रोशनी में टेस्ट मैच खेले जा रहे थे तब भी भारत ने इसमें अपनी रूचि नहीं दिखाई थी. टीम इंडिया ने अभी तक सिर्फ 4 ही डे नाइट टेस्ट मैच खेले हैं. इस बार के होम सीजन में ना तो पुरुष क्रिकेट के और ना ही महिला क्रिकेट के शेड्यूल में कोई डे नाइट टेस्ट मैच रखा गया है. बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल ही में वुमेंस प्रीमियर लीग के ऑक्शन के दौरान इसे फेवर ना करने की वजह भी बताई. जय शाह का कहना है कि पिंक बॉल टेस्ट दो-तीन दिन में खत्म हो जाते हैं और फैंस यह चीज फैंस के लिए अच्छी नहीं है. फैंस चाहते हैं कि टेस्ट मैच चार-पांच दिन तक चले जिससे वह मैच का आनंद उठा सके. उन्होंने कहा कि हमें पिंक बॉल टेस्ट के लिए फैंस में दिलचस्पी बढ़ानी होगी. उनका कहना है कि पहले टेस्ट दो-तीन दिन में खत्म हो जाते थे. जबकि हर कोई चार-पांच दिन तक चलने वाला टेस्ट मैच देखना चाहता है.

**घटे दर्शक**

- टीम इंडिया ने अभी तक 4 ही डे नाइट टेस्ट मैच खेले हैं
- भारत ने अभी तक इसमें तीन मुकाबले ही जीते हैं

### फैंस चाहते हैं कि टेस्ट मैच हर हाल में चार-पांच दिन तक चले




### टीम इंडिया ने आखिरी पिंक बॉल टेस्ट श्रीलंका के खिलाफ खेला था

एक बार जब उन्हें इसकी आदत हो जाएगी तो हम पिंक बॉल वाले टेस्ट मैच ज्यादा करवा पाएंगे. पिछली बार यह ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था, उसके बाद से किसी ने भी डे-नाइट टेस्ट मैच का आयोजन नहीं किया है. हम इंग्लैंड के साथ बातचीत कर रहे थे, लेकिन हम इसे धीरे-धीरे करेंगे. भारत ने अभी तक खेले चार डे नाइट टेस्ट मैच में से तीन मुकाबले जीते हैं. टीम इंडिया ने आखिरी पिंक बॉल टेस्ट श्रीलंका के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला था. जहां भारत ने मुकाबला महज तीन दिन के अंदर खत्म कर दिया था. वहीं भारतीय वुमेंस टीम ने एकमात्र डे नाइट टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2021 में खेला था जो ड्रॉ रहा था.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- किस खेल से संबंधित है क्यू शब्द – **बिलियड्र्स**
- किस पुरस्कार को क्रिकेट का ऑस्कर कहा जाता है – **–आईसीसी पुरस्कार**
- क्रिकेट का बाइबिल किस पत्रिका को कहा जाता है – **विजडन**
- गोल्फ के खेल मैदान को क्या कहा जाता है – **कोर्स**
- बिलियड्र्स खिलाड़ी गीत सेठी का पूरा नाम – **गीत श्रीराम सेठी**
- ओलंपिक में भारत ने हॉकी का स्वर्ण पदक अंतिम बार जीता था – **1980**
- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का मुख्यालय कहां है – **लुसाने (स्विटजरलैंड)**
- पोल वोल्ट का बादशाह किसे कहा जाता है – **सर्गेई बुबका**
- ओलंपिक में स्विमिंग पूल में लेन की संख्या – **8**
- अमेरिका कप का संबंध किस खेल से है – **बास्केटबॉल**

### ब्रीफ खबरें

#### अगले साल अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : अश्विनी

नयी दिल्ली । पिछले दो सप्ताह के शानदार प्रदर्शन ने अश्विनी पोनप्पा के ओलंपिक में खेलने के सपनों को पंख लगा दिए हैं और भारत की यह स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पेरिस में होने वाले खेल महाकुंभ में जगह बनाने के लिए आगामी बड़ी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है. चौंतीस वर्ष की अश्विनी और 20 साल की तनीषा क्रास्टो ने इस साल जनवरी में जोड़ी बनाई थी. उन्होंने रविवार को चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन और यु चियन हुए को 21-13, 21-19 से हराकर गुवाहाटी मास्टर्स का खिताब जीता था जो उनका तीसरा महिला युगल खिताब था. इससे पहले सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में यह जोड़ी उप विजेता रही थी.

#### कोहली की टेस्ट में अहम होगी भूमिका

**नयी दिल्ली** । दक्षिण अफ्रीका के महान हरफनमौला जाक कैलिस ने कहा कि दो मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला में विराट कोहली का फॉर्म और दक्षिण अफ्रीकी पिचों की जानकारी भारत की सफलता के लिये अहम साबित होगी. भारत को सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक और केपटाउन में तीन से सात जनवरी तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे. कैलिस ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि मुझे यकीन है कि वह दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करना चाहेगा. वह शानदार फॉर्म में है और भारत के लिये उसकी भूमिका अहम होगी.

#### टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगा 'स्टॉप क्लॉक' ट्रायल

**दुबई** । ओवरों के बीच में लगने वाले समय को सीमित करने के लिए 'स्टॉप क्लॉक' ट्रायल वेस्टइंडीज और इग्लैंड के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा. खेल की वैश्विक संचालन संस्था आईसीसी ने यह जानकारी दी. ट्रायल की शुरुआत मंगलवार को बारबडोस में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के साथ होगी. आईसीसी ने बयान में कहा कि 'स्टॉप क्लॉक' से ओवरों के बीच लगने वाले समय को सीमित किया जाएगा. गेंदबाजी टीम को पिछला ओवर पूरा करने के 60 सेकेंड के भीतर अगले ओवर की पहली गेंद फेंकने के लिए तैयार होना होगा.

### आईपीएल: 19 दिसंबर को दुबई में नीलामी में बेहतर खिलाड़ियों पर रहेगी सबकी नजर

# आईपीएल ऑक्शन का काउंटडाउन शुरू

भाषा । मुंबई

आईपीएल के खेल को लेकर जितना क्रेज रहता है उतना ही खिलाड़ियों के ऑक्शन को लेकर रहता है. वैसे आईपीएल ऑक्शन का काउंटडाउन शुरू हो चुका है. इसके साथ ही खिलाड़ियों की धड़कनें भी बढ़ गई हैं. 19 दिसंबर को दुबई में खिलाड़ियों की मंडी सजने वाली है. नीलामी में मुंबई इंडियंस की क्या प्लानिंग होगी. वह किन खिलाड़ियों पर फोकस करेगी. ऑक्शन से पहले किन प्लेयर्स को रिलीज किया गया और कौन-कौन रिटेन हैं, इसे लेकर मुंबई इंडियंस रणनीति बनाने में लगी है. आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस क्वालीफायर-2 तक पहुंची थी, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम से तो इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होती है. रोहित शर्मा एंड कंपनी के पास गेंदबाजी में ज्यादा विकल्प नहीं थे. मगर अगले सीजन के लिए 19 दिसंबर को होने जा रहे ऑक्शन में मुंबई चाहेगी कि मजबूत टीम बनाए. साथ ही ये भी देखना होगा कि पर्स में कितने पैसे बचे हैं. ऐसे में स्मार्ट खरीदारी करनी होगी. चुन-चुनकर प्लेयर्स का चुनाव करना होगा.

देखा जाय तो अच्छे विदेशी तेज गेंदबाज, जो उनके बजट में हैं, उन्हें ही खरादीने की स्पष्ट प्लानिंग के साथ ही मुंबई इंडियंस आईपीएल ऑक्शन में उतरेंगे. मुंबई की नजरें भारतीय तेज गेंदबाजों पर भी होगी, लेकिन यह मुश्किल होगा क्योंकि ज्यादा विकल्प नहीं हैं. हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह के वापस लौटने से मुंबई के पास सधा हुआ बॉलिंग लाइन-अप है. हार्दिक पांड्या ने 2015 में आईपीएल में डेब्यू किया था और 2021 तक वह मुंबई इंडियंस से ही जुड़े रहे थे. 2022 और 2023 में हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटन्स की कप्तानी की थी. जिसमें एक बार उन्होंने टीम को खिताब जिताया और एक बार उप-विजेता बनवाया. पिछले सीजन में आकाश मधवाल ने काफी प्रभावित किया था. लेकिन फिर भी बैकअप के रूप में एक और अच्छा तेज गेंदबाज काम आसान कर देगा. ऑक्शन में मुंबई इंडियंस की नजरें फिरकी गेंदबाजी पर होगी. पीयूष चावला पिछले सीजन में चमके थे, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं दी जा सकती कि वह इस साल भी वैसा ही प्रदर्शन दिखाएंगे.

**होगी नीलामी**

- पिछली बार मुंबई इंडियंस क्वालीफायर-2 तक पहुंची थी
- मुंबई की नजरें भारतीय तेज गेंदबाजों पर भी होगी



#### पांच बार की आईपीएल चैंपियन रही है मुंबई इंडियंस

मुंबई के लिए स्पिन गेंदबाजी के सवाल को हल करना मुश्किल होगा, इसलिए शायद ही कोई स्पिन विकल्प उपलब्ध हो. मुंबई ने अपने अधिकांश विदेशी तेज गेंदबाजों को रिलीज कर दिया है तो एकमात्र विकल्प जेसन बेहरनडोर्फ ही बचे हैं. इसलिए उन्हें प्लेइंग इलेवन में जसप्रीत बुमराह के लिए एक अच्छे साथी की जरूरत होगी. कोई ऐसा प्लेयर जो वह भूमिका निभा सके जो ट्रेंट बोल्ट ने 2021 तक मुंबई के लिए निभाई. वहीं वर्ल्ड कप 2023 में साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी ने हर किसी को प्रभावित किया था. मुंबई की टीम में वह बिलकुल फिट बैठ सकते हैं. एकमात्र बड़ी चिंता यह होगी कि उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है. श्रीलंका के दिलशान मधुशंका भी भारतीय परिस्थितियों में एक अच्छे तेज गेंदबाज हो सकते हैं.

## हेहल में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



संवाददाता । रांची

शहीद बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती के अवसर पर रविवार को हेहल जतरा मैदान में शहीद बिरसा सेवा समिति हेहल एवं हेहल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में हेहल एवं इसके आस-पास रहने वाले सैकड़ों बच्चों- बच्चियों, युवाओं एवं महिलाओं ने भाग लिया. आयोजन के मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने भी तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लिया. भिन्न - भिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विभिन्न प्रकार के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. पुरस्कार वितरण दोनों संस्थानों के पदाधिकारियों ने किया. आयोजन को सफल बनाने में डॉ. प्रकाश उरांव, धर्मशाह उरांव, सरन उरांव, जुरेन उरांव, कैलाश सिंहदेव, अजीत भगत, सुकरा तिर्की , धर्म चन्द्र उरांव, सुधीर तिर्की, लालू उरांव एवं बिरसो कुमारी उरांव का योगदान रहा.

## महिला क्रिकेट ने काफी प्रगति की: गांगुली

भाषा । नयी दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि भारत में महिला क्रिकेट ने 2019 के बाद से पुरूष क्रिकेट की तुलना में अधिक प्रगति की है. गांगुली ने जियो कहा कि भारत में 2019 के बाद से महिला क्रिकेट ने काफी प्रगति की है, पुरूष क्रिकेट से भी अधिक. पुरूष क्रिकेट हमेशा से अच्छी स्थिति में था. महिला क्रिकेट ने जहां से यहां तक का सफर तय किया है, वह काबिले तारीफ है. एशिया कप जीतना, राष्ट्रमंडल खेल में उपविजेता रहना. उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत, स्मृति, रिचा, जेमिमा, शेफाली सभी की प्रगति प्रभावी रही है.

### बारिश के दौरान मैदान को ढकना चाहिए : गावस्कर

**नयी दिल्ली** । महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बारिश के कारण पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द होने के बाद क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) को सलाह दी है कि वे ईडन गार्डन्स से सीख लें. कहा कि दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट बोर्ड को बारिश के दौरान ईडन की तरह पूरे मैदान को ढकना चाहिए जिससे कि नुकसान कम से कम हो. कहा कि बोर्ड को पूरा मैदान ढकने की जरूरत है. कोई बहाना नहीं बनाया जाए. सभी (क्रिकेट बोर्ड को) को काफी पैसा मिल रहा है. कोई गलती नहीं करें. उन्होंने कहा कि सभी क्रिकेट बोर्ड को काफी पैसा मिल रहा है. अगर वे कहते हैं कि ऐसा नहीं है तो वे झूठ बोल रहे हैं. गावस्कर ने कहा कि उनके पास शायद बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) जितना पैसा नहीं हो. कोई समस्या नहीं. लेकिन प्रत्येक बोर्ड के पास इतना पैसा है कि पूरे मैदान को ढकने के लिए कवर खरीद सके.

## डीएवी एनआईटी में वॉलीबॉल चैंपियन बना डीएवी कथारा



संवाददताता । आदित्यपुर

डीएवी एनआईटी में 10 और 11 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. जिसका समापन सोमवार शाम 5 बजे हुआ. इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन डीएवी कथारा की टीम बनी,जबकि उप विजेता डीएवी एनआईटी, आदित्यपुर की टीम रही. प्रतियोगिता में डीएवी देवघर, डीएवी धनबाद, डीएवी स्वांग और डीएवी भवनाथपुर की टीमों ने भी हिस्सा लिया था. विजेता टीम को प्राचार्य ओपी मिश्रा ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया.

**कड़ा मुकाबला**

- डीएवी एनआईटी में हुई दो दिवसीय प्रतियोगिता
- विजेता टीम को प्राचार्य ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया

### भारतीय महिला व पुरूष हॉकी टीमें स्पेन रवाना

**बेंगलुरू** । भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें पांच देशों का टूर्नामेंट खेलने स्पेन रवाना हो गई. जहां पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नजरें टीम की एफआईएच रैंकिंग में सुधार पर होंगी. जबकि महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया अगले महीने होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सभी कमियों को दूर करने पर फोकस करेंगी. दोनों टीमें 15 दिसंबर को स्पेन के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगी. पुरूष टीम के लिये यह दौरा 2023 . 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम है. भारत को स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से खेलना है. महिला टीम 13 जनवरी से रांची में ओलंपिक क्वालीफायर खेलेगी जिसकी तैयारी के लिये यह टूर्नामेंट अहम है. महिला टीम पहले मैच में स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम से, 19 दिसंबर को जर्मनी से और 21 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी. पुरूष टीम 15 दिसंबर को स्पेन से खेलेगी.

## जेएनवी ने 3 विकेट से मैच जीता

संवाददाता । साहिबगंज

ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सोमवार को सिदो-कान्हू स्टेडियम में अंडर-16 ज़िला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत संत जेवियर स्कूल ए बनाम जवाहर नवोदय विद्यालय (जेनवी) के बीच मैच खेला गया. टॉस जीत कर जवाहर नवोदय विद्यालय ने संत जेवियर को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. संत जेवियर स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए. आकाश दूबे ने 24, आदित्य ने 39, पारितोष आनंद ने 15, अमित राज ने 13 व शांतनु ने 13 रनों की पारी खेली. जवाहर नवोदय विद्यालय के गेंदबाज अमन ने 3, अमन कुमार में 2, वसीम व अंशु ने 1-1 विकेट लिए. जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नवोदय विद्यालय की टीम ने 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान ओर 151 रन बना कर 3 विकेट से जीत दर्ज की.



जवाहर नवोदय विद्यालय के बल्लेबाज सोनू ने 62 व साहिल राज ने 36 रनों की पारी खेली. संत जेवियर के गेंदबाज अमित व अमय ने 2-2 विकेट लिए. जवाहर नवोदय विद्यालय के बल्लेबाज सोनू को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया. मुख्य अतिथि निवर्तमान वार्ड पार्षद गोपाल चोखानी ने सोनू को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया. मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा व स्कोरिंग के सागर सुमन ने किया. मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, राकेश गुप्ता, पवन राम, सुधीर राणा, सुमन सौरभ, अनिकेत आनंद, अभिषेक कुमार, मो मोज़म्मिल, राकेश कुमार रोशन सहित अन्य मौजूद थे.

टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि मंगलवार को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम संत जेवियर स्कूल बी के बीच मैच खेला जाएगा.

### सुझाव | जूनियर विश्व कप हॉकी में भारत को अब अपने खेल में भी काफी सुधार करना होगा

# भारत के सामने नीदरलैंड की टीम है कठिन चुनौती

भाषा । कुआलालंपुर

दो बार की चैम्पियन भारतीय टीम को नीदरलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आज विश्व कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आत्ममुग्धता से बचना होगा और अपने खेल में भी काफी सुधार करना होगा. भारत ने 2001 में होबर्ट और 2016 में लखनऊ में यह टूर्नामेंट जीता है. इसके अलावा 1997 में इंग्लैंड में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में आस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गए थे. भारत ने टूर्नामेंट में कोरिया को 4-1 से हराकर अच्छी शुरूआत की लेकिन फिर स्पेन से 1-4 से पराजय का सामना करना पड़ा. आखिरी पूल मैच में भारत ने कनाडा को 10-1 से हराया. पूल सी से तीन मैचों में दो



जीत के साथ भारत दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम आठ में पहुंचा जबकि स्पेन शीर्ष रहा है. वहीं पूल डी में नीदरलैंड शीर्ष स्थान पर रहा. टूर्नामेंट में सकारात्मक शुरूआत करने वाली भारतीय टीम को स्पेन ने उन्नीस साबित किया. छोटे-छोटे पास के साथ खेलने वाली स्पेनिश टीम ने भारतीय डिफेंस में बखूबी सेंध लगाई. दूसरी ओर अपने बेहतरीन खेल से दुनिया की किसी भी टीम के डिफेंस को नेस्तनाबूद कर सकने वाली डच टीम के खिलाफ भारत को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी.

भारत को दबाव के क्षणों में पेनल्टी कॉर्नर देने की आदत से भी बाज आना होगा. कनाडा पर मिली विशाल जीत से भारत के हौसले बुलंद हैं. कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि हमने विश्व कप में अच्छी हॉकी खेली है. पिछले मैच में बड़ी जीत से हमारा आत्मविश्वास बढा है. हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे. भारतीय कोच सीआर कुमार ने कहा कि उनके खिलाड़ी हर चुनौती का सामना करने के लिये तैयार है. कुमार ने कहा कि खिलाड़ी फॉर्म में हैं और हर चुनौती का सामना करने के लिये तैयार हैं. हम मैच दर मैच रणनीति बना रहे हैं. क्वार्टर फाइनल बड़ा मैच है लेकिन हम पूरी तरह से तैयार हैं. सेमीफाइनल बृहस्पतिवार को और फाइनल शनिवार को खेला जायेगा. जाहिर है अब इस टूर्नामेंट में भारत का भविष्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होगा. बेहतर खेलेंगे तो मुकाबले में बने रहेंगे.

**कड़ा मुकाबला**

- भारत ने 2001 में होबर्ट में यह टूर्नामेंट जीता था
- भारत ने दुबारा 2016 में लखनऊ में टूर्नामेंट जीता था

### होल्डर ने वेस्टइंडीज के केंद्रीय अनुबंध ठुकराये

**किंग्सटाउन** । देश के केंद्रीय अनुबंध से कन्नी काटने वाले क्रिकेटरों की जमात में वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन, जैसन होल्डर्स और काइल मायर्स का नाम भी जुड़ गया. जिन्होंने 2023 . 24 सत्र के लिये अनुबंध ठुकरा दिया है. तीनों इस दौरान टी20 खेलने के लिये उपलब्ध रहेंगे. वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी. वेस्टइंडीज के केंद्रीय अनुबंध में फिलहाल 14 पुरूष और 15 महिला खिलाड़ी हैं. वेस्टइंडीज पुरूष टीम के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हैंस ने कहा कि हमें पता है कि हम किस दिशा में जाना चाहते हैं. अगला टी20 विश्व कप हमारे देश में हो रहा है और हम उसमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं. वेस्टइंडीज के अनुबंधित खिलाड़ियों की जो सूची है उसमे पुरूष खिलाड़ी में एलिक अथानाजे, क्रेग ब्रेथवेट, कीसी कार्ट व टी चंद्रपॉल हैं.

## बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में श्रेया ने लहराया परचम

संवाददाता । जमशेदपुर

बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा रविवार को रांची में राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था. लाइफ लाइन फिटनेस जीम की निदेशक प्रियंका सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित झारखंड ओपन क्लासिक चैंपियनशिप 2023 प्रतियोगिता में 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया. इसमें जमशेदपुर के एक पत्रकार की बेटी श्रेया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया. उन्होंने महिला फिजिक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया. जमशेदपुर में पली- बढ़ी श्रेया का मूल नाम श्रेया अधरजी है. श्रेया जमशेदपुर के वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत अधरजी की इकलौती संतान है. इससे पूर्व श्रेया ने 2021 में डब्ल्यूएफएफ द्वारा रांची में आयोजित प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया था. पुनः वर्ष 2022 में ओडिशा के पुरी में आयोजित दसवीं नेशनल बॉडी बिल्डिंग और मॉडल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पांचवा स्थान प्राप्त किया था.



सिल्वर मेडल के साथ श्रेया अधरजी.

## ब्रीफ खबरें

### असम में पांच पुलिस कर्मी हुए निलंबित

**सिलचर (असम)।** असम पुलिस के पांच कर्मियों को राज्य के कछार जिले में सुपारी तस्करों से कथित सांठगांठ रखने को लेकर निलंबित कर दिया गया है. कछार के पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने जिले से होते हुए तस्करी की सुपारी किए जाने पर पांच कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है. जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस कर्मी असम-मेघालय अंतरराज्यीय सीमा पर गुमराह पुलिस जांच केंद्र के तहत आने वाले डिगोरखल जांच चौकी पर तैनात थे.

### भाजपा विधायक दल की बैठक आज होगी

**जयपुर।** भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक मंगलवार को होगी, जिसमें आगामी मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला हो सकता है. पार्टी के विधायकों को कल होने वाली बैठक की जानकारी दी गयी है. विधायक किरोड़ी लाल मीणा, वासुदेव देवनानी तथा जोगेश्वर गर्ग सहित अनेक विधायक सोमवार को यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पहुंचे. गर्ग ने कहा कि पार्टी के पर्यवेक्षक कल आएंगे और विधायकों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक औपचारिक बैठक होगी.

### एमपी में चलती ट्रेन में महिला से दुष्कर्म

**सतना (मप्र)।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में चलती ट्रेन में 30 वर्षीय एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब महिला रविवार शाम को सतना और कटनी के बीच स्थित पकरिया स्टेशन पर जबलपुर-रीवा मेमू ट्रेन में सवार हुई थी.

### युवक ने बहन की गोली मारकर हत्या की

**सहारनपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में मोबाइल फोन चलाने को लेकर हुई बहस के बाद एक किशोरी की उसके भाई ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि घटना रविवार रात को शेखपुरा कदीम गांव में हुई जब मुस्कान (17) अपना मोबाइल फोन देख रही थी और उसके भाई आदित्य ने उसे मोबाइल पर संदेश भेजने से मना किया.

### पीएम ने प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके राजनीतिक कौशल तथा बौद्धिक गहराई ने देश की दिशा को आकार दिया. प्रधानमंत्री ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. उनके राजनीतिक कौशल और बौद्धिक गहराई ने हमारे राष्ट्र की दिशा को आकार दिया. उन्होंने कहा, उनकी अंतर्दृष्टि और उनका नेतृत्व अमूल्य था.

### उत्पल गांगुली से जुड़े परिसरों पर छापेमारी

**कोलकाता।** आयकर विभाग ने विदेशी शराब व्यापार में वित्तीय अनियमितताओं की चल रही जांच के सिलसिले में सोमवार को भारतीय फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव उत्पल गांगुली से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आयकर अधिकारी प्रासंगिक दस्तावेजों की जांच कर रहे थे और गांगुली से उनके ढकुरिया स्थित आवास पर पूछताछ कर रहे थे. केंद्रीय बलों के जवानों ने सुबह से ही परिसर की घेरेबंदी कर रखी थी.

### अज्ञात लोगों ने सरपंच की गोली मार हत्या की

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत जिले के एक गांव में सोमवार को अज्ञात लोगों ने एक सरपंच की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है. बड़ौदा थाना प्रभारी रमेश चंद्र ने बताया कि छिछड़ाना गांव के सरपंच राजेश उर्फ राजू को हमलावरों ने सोनीपत के गोहना इलाके में गोली मारी. थाना प्रभारी ने बताया कि राजू को अस्पताल ले जाया गया.



वाराणसी में सोमवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 45वें दीक्षांत समारोह के दौरान गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य.

### विकसित भारत 2047: युवाओं की आवाज कार्यक्रम की शुरुआत

# 'अमृत काल' में देश एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है : मोदी

भाषा. नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विश्वास जताया कि भारत मौजूदा कालखंड में लंबी छलांग लगाएगा और उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को इस तरह से तैयार करना होगा कि वह देश को नेतृत्व प्रदान करे व राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे. 'विकसित भारत 2047: युवाओं की आवाज' पहल की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की युवा शक्ति 'परिवर्तन की एजेंट' और 'परिवर्तन की लाभार्थी' दोनों है. उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्र के जीवन में इतिहास एक मौका देता है जब राष्ट्र अपनी विकास यात्रा में तेजी से प्रगति कर सकता है. भारत में अभी अमृत काल चल रहा है और यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है.

उन्होंने आस-पास के कई देशों का उदाहरण दिया जिन्होंने एक निर्धारित समय सीमा में इतनी लंबी छलांग लगाई कि विकसित राष्ट्र बन गए. उन्होंने कहा, भारत के लिए यही समय है, सही समय है. इस अमृत काल के प्रत्येक क्षण का उपयोग किया जाना चाहिए. प्रधानमंत्री ने एक ऐसी अमृत पीढ़ी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया जो राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखे. प्रधानमंत्री आजादी की 75वीं वर्षगांठ से 100वीं वर्षगांठ तक के सफर को अक्सर अमृत काल कहते हैं. उन्होंने शिक्षा और कौशल से आगे बढ़ने की जरूरत पर बल दिया और नागरिकों के बीच राष्ट्रीय हित और नागरिक भावना के लिए सतर्कता का आह्वान किया.



#### नागरिक अपना कर्तव्य निभाने लगे तो देश आगे बढ़ता है

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब नागरिक अपनी भूमिका में अपना कर्तव्य निभाना शुरू कर देते हैं, तो देश आगे बढ़ता है. उन्होंने जल संरक्षण, बिजली की बचत, खेती में कम रसायनों का उपयोग और

**दिया संदेश**

- भारत की युवा शक्ति परिवर्तन की एजेंट है
- युवा शक्ति परिवर्तन की लाभार्थी भी है

सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का उदाहरण दिया. उन्होंने शिक्षाविद् समुदाय से स्वच्छता अभियान को नई ऊर्जा देने, जीवनशैली के मुद्दों से निपटने और युवाओं द्वारा मोबाइल फोन से परे दुनिया की खोज करने के तरीके सुझाने को कहा. उन्होंने कहा, पूरी दुनिया की नजर भारत के युवाओं पर है. युवा शक्ति परिवर्तन की वाहक भी है और परिवर्तन की लाभार्थी भी. प्रधानमंत्री ने कुलपतियों और संस्थानों के प्रमुखों से छात्रों के लिए आदर्श बनने का आह्वान किया.

उन्होंने कहा, आपको अपने संस्थानों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए आदर्श बनने की जरूरत है. देश की तेजी से बढ़ती आबादी में युवाओं की संख्या का उल्लेख करते हुए मोदी ने बताया कि भारत आने वाले 25-30 वर्षों तक कामकाजी उम्र की आबादी के मामले में अग्रणी बनने जा रहा है और दुनिया इस बात को समझती है. युवा शक्ति बदलाव की वाहक भी है और बदलाव की लाभार्थी भी है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगले 25 साल आज के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में युवाओं के करियर के लिए निर्णायक होंगे. उन्होंने कहा कि ये युवा ही हैं जो भविष्य में नए परिवार और नया समाज बनाएंगे, उन्हें ही यह तय करने का अधिकार है कि एक विकसित भारत कैसा होना चाहिए.

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी भावना के साथ सरकार देश के हर युवा को विकसित भारत की कार्ययोजना से जोड़ना चाहती है. विकसित भारत के निर्माण के लिए देश के युवाओं की आवाज को नीतिगत रणनीति में ढालने पर जोर देते हुए मोदी ने युवाओं के साथ अधिकतम संपर्क बनाए रखने वाले शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला.

'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य भारत को स्वाधीनता के 100वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है. इस दृष्टिकोण में विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिनमें आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन शामिल हैं.

### सीबीआई में एक डीआईजी और चार एसपी नियुक्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी जितेंद्र सिंह मीणा को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में नियुक्त किया गया है. एक आधिकारिक आदेश से यह जानकारी मिली. आदेश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ कैडर के 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी मीणा को पांच साल की अवधि के लिए सीबीआई में नियुक्त किया गया है. उनके अलावा चार पुलिस अधीक्षक (एसपी) को संघीय जांच एजेंसी में नियुक्त किया गया है. कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, सीबीआई में नियुक्त चार आईपीएस अधिकारियों में विनायक वर्मा (मध्य प्रदेश कैडर), अचल त्यागी (गुजरात कैडर), प्रवीण कुमार (गुजरात कैडर) शामिल हैं जिन्हें पांच साल के लिए नियुक्त किया गया है.

### तमिलनाडु में मालगाड़ी के नौ डिब्बे पटरी से उतरे

**चेंगलपेट।** चेन्नई जा रही एक मालगाड़ी के नौ डिब्बे रविवार देर रात चेंगलपट्टू में पटरी से उतर गए. दक्षिण रेलवे ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे से एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की आवाजाही पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में सोमवार को कहा गया है, कल चेंगलपट्टू यार्ड के पास रात 10 बजकर 17 मिनट पर मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की सूचना मिली. नौ डिब्बे पटरी से उतर गए. हालांकि दक्षिण की ओर जाने वाली सभी मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ियां निर्धारित समय के अनुसार चल रही हैं. ''चेन्नई बीच'' से चेंगलपट्टू तक ईएमयू (इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) रेलगाड़ियों को सिंगपेरुमल कोइल तक ही जाने दिया जा रहा है. कांचीपुरम और अराकोणम से ईएमयू रेलगाड़ियां निर्धारित रूप से चल रही हैं. इसमें कहा गया है कि उच्च अधिकारियों की एक टीम और अभियंता दल मौके पर मौजूद हैं.

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पक्ष-विपक्ष की अलग राय

एजेंसी। नयी दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के सरकार के फैसले को बरकरार रखा है. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को भाजपा ने जहां ऐतिहासिक करार दिया. वहीं विपक्षी दलों ने इसे दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया.

### जम्मू-कश्मीर के लिए पीएम का आभार : जेपी नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करती है. जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा धारा 370 के विषय में दिये गये फैसले का भारतीय जनता पार्टी स्वागत करती है. सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने धारा 370 और 35ए को हटाने के लिए दिये गये निर्णय, उसकी प्रक्रिया और उद्देश्य को सही ठहराया है. उन्होंने पीएम का आभार व्यक्त किया.

### फैसला 'पूरी तरह से संवैधानिक' था : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य से संबंधित अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी सरकार के फैसले को उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे साबित हो गया कि केंद्र सरकार का फैसला 'पूरी तरह से संवैधानिक' था.

### जम्मू-कश्मीर 'नये युग' में है : राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले पर उच्चतम न्यायालय की ओर से मुहर लगाए जाने को हर भारतवासी को हर्षित करने वाला 'ऐतिहासिक' निर्णय करार दिया और सोमवार को कहा कि आज जम्मू-कश्मीर विकास के एक 'नये युग' में प्रवेश कर चुका है.

### राज्य का दर्जा दे दें, यह जरूरी नहीं : कर्ण सिंह

कांग्रेस नेता कर्ण सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बारीकी से हर एक चीज को देखा है. मैं फैसले का स्वागत करता हूं. कहा कि मेरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुजारिश है कि जल्द से जल्द हमें राज्य का दर्जा दे दें. जरूरी नहीं है कि पहले चुनाव हो फिर राज्य का दर्जा मिले. चुनाव हो तो राज्य के लिए हो, केंद्र शासित प्रदेश के लिए क्यों हों.

### भारी मन से फैसला स्वीकार कर रहे: आजाद

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया, पर भारी मन के साथ हमें इसे स्वीकार करना होगा.

### कोर्ट के निर्णय का स्वागत : आदित्यनाथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय का सोमवार को स्वागत किया और कहा कि यह फैसला एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला है.

### पीओके को कब भारत के नियंत्रण में लाएंगे: चौधरी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने से जुड़े फैसले के बाद सोमवार को कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को यह बताना चाहिए कि पीओके को भारत के अधीन कब लाया जाएगा, क्योंकि उन्होंने संसद के भीतर ऐसा बयान दिया था.

### आज की तारीख इतिहास में दर्ज होगी : तुषार मेहता

**नयी दिल्ली।** संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने का बचाव करने में केंद्र की ओर से प्रमुख वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को कहा कि सरकार के पांच अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखने का उच्चतम न्यायालय का फैसला देश के इतिहास में दर्ज किया जाएगा.

### डोगरा-लद्दाख के बुद्धिस्ट को होगा नुकसान : ओवैसी

**नयी दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हम संतुष्ट नहीं है. कश्मीर हमेशा से भारत का एक अटूट हिस्सा रहा है. इसका नुकसान सबसे ज्यादा डोगरा और लद्दाख के बुद्धिस्ट को होगा. अब आगे कई और बड़े राज्य केंद्र शासित बनेंगे.

## फिलीस्तीनियों के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं : प्रियंका

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को लोगों का आह्वान किया कि वे फिलीस्तीनियों के नरसंहार को रोकने के लिए गाजा में युद्धविराम की मांग को लेकर चलाए गए वैश्विक अभियान में भाग लें. उन्होंने यह भी कहा कि फिलीस्तीनियों के साथ हो रहे घोर अन्याय के खिलाफ सभी को आवाज उठानी चाहिए. फिलीस्तीनी कार्यकर्ताओं और कई संगठनों ने गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग को लेकर सोमवार को वैश्विक हड़ताल का आह्वान किया है.



प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पोस्ट किया, फिलीस्तीनी लोगों और उनके बच्चों के नरसंहार को रोकने के लिए गाजा में युद्धविराम की मांग को लेकर आज, 11 दिसंबर, 2023 को वैश्विक हड़ताल में भाग लें. हम सभी को उनके खिलाफ हो रहे घोर अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए.

### प्रेशर बम की चपेट में आने से 2 जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (आईईडी) की चपेट में आने से सोमवार को सुरक्षाबल के दो जवान घायल हो गए. पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना किस्टाराम पुलिस थाना क्षेत्र में सुबह करीब सवा 10 बजे हुई, जब सुरक्षाबल का एक संयुक्त दल सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गश्त पर निकला था. उन्होंने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 217वीं बटालियन, कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन (कोबरा) की 208वीं बटालियन और जिला बल के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था.

### नगालैंड हॉर्नबिल उत्सव

## 2000 से अधिक विदेशी पर्यटक आए

भाषा। कोहिमा

नगालैंड में इस वर्ष विदेशी और घरेलू पर्यटकों सहित 1.54 लाख से अधिक लोगों ने सुरम्य नगा विरासत गांव 'किसामा' का दौरा किया. इस गांव में इस वर्ष हॉर्नबिल उत्सव का आयोजन किया गया था. दस-दिवसीय वार्षिक पर्यटन कार्यक्रम की शुरुआत एक दिसंबर को हुई थी. नगालैंड सरकार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को 'उत्सवों का उत्सव' माना जाता है. राज्य पर्यटन विभाग ने कहा कि इस साल महोत्सव में 1,54,057 पर्यटक आए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13,758 अधिक है. इसमें कहा



गया है कि महोत्सव में कुल मिलाकर 1,14,860 स्थानीय, 37,089 घरेलू और 2,108 विदेशी पर्यटक शामिल हुए. पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू पर्यटकों की संख्या में 11,000 से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई. विभाग के मुताबिक पिछले वर्ष यह संख्या 48,413 थी. पर्यटन विभाग ने कहा कि उत्सव के आखिरी दिन रविवार को सबसे अधिक 23,583 पर्यटक मौजूद रहे, इससे पहले तीन दिसंबर को 18,002 पर्यटक कार्यक्रम में मौजूद थे.

### प. बंगाल: दो किसानों ने आत्महत्या की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बेमौसम बरसात से फसल बर्बाद होने के कारण अलग-अलग जिलों के दो किसानों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि पश्चिमी मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना के आलू किसान बापी घोष (50) ने शुक्रवार रात कथित तौर पर कीटनाशक खा लिया और अगले दिन एक अस्पताल में उनकी मौत हो गई. एक पुलिस अधिकारी ने कहा, चक्रवात मिगजॉम के प्रभाव के चलते हुई बारिश के कारण उनकी आलू की पूरी फसल बर्बाद हो गई. उन्होंने बताया कि एक अन्य किसान तरुण पालुई को शुक्रवार को हुगली जिले के आरामबाग में अपने घर के अंदर लटका हुआ पाया गया.

**यात्रा** राज्य में अपने प्रवास के दौरान 'बोधिसत्व के 37 अभ्यास' पर उपदेश देंगे

# दलाई लामा 13 साल बाद सिक्किम में, देंगे धार्मिक संदेश

भाषा। गंगटोक

तिब्बती आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो 13 साल के अंतराल के बाद सिक्किम की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह यहां पहुंचे। वह राज्य में अपने प्रवास के दौरान 'बोधिसत्व के 37 अभ्यास' पर उपदेश देंगे. दलाई लामा सुबह करीब साढ़े दस बजे पूर्वी सिक्किम में लिबिंग सैन्य हेलीपैड पर उतरे, जहां मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने उनका स्वागत किया.

राज्य के विभिन्न मठों के बौद्ध भिक्षुओं ने पारंपरिक बौद्ध नृत्य और प्रार्थना 'शेरबंग' के साथ उनका भव्य स्वागत किया। निर्वासित तिब्बती संसद 'तिब्बतन सेटलमेंट



ऑफिस' और स्थानीय तिब्बती विधानसभा के कुछ सदस्य भी उनका स्वागत करने के लिए उपस्थित थे. दलाई लामा (87) गंगटोक के एक होटल पहुंचे और आध्यात्मिक नेता की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों लोग देवराली से जीरो प्वॉइंट तक राजमार्ग के दोनों ओर कतार में खड़े थे. वे मंगलवार को नाथुला में भारत-चीन सीमा से लगभग 50 किलोमीटर दूर पलजोर स्टेडियम में 'बोधिसत्व के 37 अभ्यास' पर उपदेश देंगे.

#### 40,000 श्रद्धालु पलजोर स्टेडियम में कार्यक्रम में शामिल होंगे

गंगटोक के पुलिस अधीक्षक (एसपी) तेनजिंग लोडेन लेप्चा ने कहा, दलाई लामा से आशीर्वाद लेने के लिए लगभग 40,000 श्रद्धालु पलजोर स्टेडियम में कार्यक्रम में शामिल होंगे. दलाई लामा ने आखिरी बार 2010 में सिक्किम का दौरा किया था. अधिकारियों ने कहा कि वह रुमटेक में करमापा पार्क परियोजना और गंगटोक जिले के सिमिक खामडोंग निर्वाचन क्षेत्र में ग्यालवा ल्हात्सुन चेनपो प्रतिमा की आधारशिला भी रखेंगे. उनका गुरुवार सुबह तक गंगटोक में रुकने का कार्यक्रम है, उसके बाद वह पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के सालुगाड़ा के लिए रवाना होंगे. अक्टूबर में दलाई लामा की सिक्किम यात्रा अचानक आई बाढ़ के कारण रद्द कर दी गई थी. इस बाढ़ में कई लोगों की जान चली गई थी और हजारों लोग विस्थापित हुए थे.

## भारत-वियतनाम की सेनाओं के बीच हनोई में सैन्य अभ्यास शुरू

भाषा। नयी दिल्ली

दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता से उत्पन्न चिंताओं की पृष्ठभूमि में भारत और वियतनाम के बीच बढ़ती रणनीतिक भागीदारी के तहत दोनों देशों की सेनाओं ने सोमवार को हनोई में 11 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया. भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सहयोगात्मक साझेदारी और पारस्परिकता को बढ़ावा देना है. इसने कहा, संयुक्त अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच समझ और पारस्परिकता को बढ़ावा देने में मदद करेगा तथा मित्रवत सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा. बढ़ते रणनीतिक संबंधों के चलते भारत ने जुलाई में वियतनाम को



अपना सेवारत युद्धपोत 'आईएनएस कृपाण' उपहार में दिया था. आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) के महत्वपूर्ण सदस्य वियतनाम का दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीन के साथ क्षेत्रीय विवाद है. दोनों सेनाओं के बीच 'विनबैक्स-23' नामक सैन्य अभ्यास हनोई में 11 से 21 दिसंबर तक होगा. भारतीय दल में 45 कर्मी शामिल हैं.

### पूरे झारखंड में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक कमी आने के आसार, बुजुर्गों का खास ध्यान रखने की सलाह

# आज से और सताएगी सर्दी, पारा 8 डिग्री होने का अनुमान

**शुभम किशोर। रांची**

दिसंबर महीना का दूसरा सप्ताह चल रहा है और ठंड से लोग परेशान हैं. लेकिन लोगों की परेशानी और बढ़ने वाली है. आने वाले 2-3 दिनों में झारखंड में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस के तापमान में गिरावट का अनुमान है. मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.4 डिग्री से. चाईबासा में जबकि न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री से. रामगढ़ में दर्ज किया गया. वहीं राजधानी रांची में 1डिग्री से. की गिरावट दर्ज की गई. रांची का उच्चतम तापमान 22.2 डिग्री से. और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री से. दर्ज किया गया.



### 12 दिसंबर से न्यूनतम तापमान 8 डिग्री से. होने का अनुमान

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 12 दिसंबर से सुबह में कोहरा के बाद आसमान साफ और मौसम शुष्क रहेगा. अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. राज्य में सबसे न्यूनतम तापमान रामगढ़ में 8 डिग्री से. और अधिकतम तापमान गोड्डा में 27 डिग्री से. होने का अनुमान है.

### रांची में भी गिरेगा तापमान

राजधानी में आज से न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से. और अधिकतम तापमान 21डिग्री से. तक रहने का अनुमान है. जिला प्रशासन और रांची नगर निगम ठंड से बचाव के लिए इंतजाम करने में जुटा है. निगम द्वारा शहर में मुख्य 8 चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है. जिला प्रशासन लगातार जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर रहा है. ठंड में मोटे वस्त्र पहनकर ही बाहर निकलें. बच्चों और बुजुर्गों को देखभाल की खास जरूरत है.

## आओ जानें

## 12 दिसंबर का इतिहास

- 1882 : बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का उपन्यास 'आनंद मठ' प्रकाशित'
- 1911 : कलकत्ता (अब कोलकाता) की बजाय दिल्ली को भारत की राजधानी बनाने का ऐलान किया गया
- 1950 : दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित सितारे और अभिनेता रजनीकांत का जन्म
- 1958 : विल्सन जोन्स अमेच्यर बिलियर्ड्स में विश्व चैंपियन बने
- 1964 : ब्रिटेन से आजादी के एक वर्ष बाद केन्या एक गणराज्य बना
- 1988 : दक्षिण लंदन में सुबह के व्यस्त समय में तीन रेलगाड़ियां टकरा जाने से 35 लोगों की मौत

# आईआईएसएफ छात्रों को विज्ञान के प्रति बना रहा जागरूक : रामदास



**संवाददाता। धनबाद**

सीएसआईआर-सिंफर सभागार में 11 दिसंबर को भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2023 (आईआईएसएफ) आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास ने कहा कि देश के 200 से अधिक प्रयोगशाला से जुड़े आउटरीच प्रोग्राम द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है. विज्ञान भारती की राष्ट्रीय समन्वयक मयूरी दत्ता ने आईआईएसएफ कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. निदेशक प्रो एके मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

**विद्यार्थियों ने किया सिंफर के लैबोरेटरी का भ्रमण:** कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों को वैज्ञानिकों ने सिंफर के जल संसाधन प्रबंधन, आईओटी, वेंटिलेशन, सामग्री परीक्षण, रॉक परीक्षण की जानकारी दी.

इसके अलावा प्रयोगशाला और विज्ञान के बीच की समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को संस्थान के लैबोरेटरी का भी भ्रमण कराया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य वैज्ञानिक डॉक्टर जेके पांडेय के साथ अन्य का अहम योगदान रहा.

**कार्यक्रम में 300 विद्यार्थियों ने लिया भाग:** कार्यक्रम में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय जगजीवन नगर, अभय सुंदरी गर्ल्स हाई स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, डीएवी कोयला नगर, सरस्वती विद्या मंदिर श्यामडीह, एसवीएम भूली, एचई स्कूल भिश्तीपाड़ा, उत्क्रमित उचिया विद्यालय, सिंबोसिस इंटरनेशनल स्कूल, सर्वमंगला पब्लिक स्कूल और एसएसएलएनटी स्कूल के 300 विद्यार्थी और शिक्षकों ने भाग लिया.

### सीएसआईआर-एनएमएल का 74वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित, कर्मचारी व विद्यार्थी पुरस्कृत

# देश के विकास में व्यावसायिक अर्थशास्त्र व ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था जरूरी : डॉ असनानी

**संवाददाता | जमशेदपुर**

जमशेदपुर के बर्मामाइंस स्थित सीएसआईआर- राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) का 74वां स्थापना दिवस सोमवार को समारोहपूर्वक मनाया गया. मुख्य समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ सीके असनानी ने स्थायी आर्थिक विकास पर नवाचार-संचालित रणनीति के प्रभाव विषय पर बात की. इसके अलावा उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यवसाय मॉडल, टिकाऊ उद्यम, औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और उपयोग, सुरक्षा और व्यावसायिक स्वास्थ्य समेत अन्य विषयों पर चर्चा की. उन्होंने किसी भी देश के समग्र विकास की भूमिका में व्यावसायिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्थाओं और उनके सर्वोपरि महत्व पर प्रकाश डाला. इससे पूर्व स्वागत भाषण करते हुए सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ एनसी मुर्मू ने स्थापना वर्ष 1950 से देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास में सीएसआईआर-एनएमएल के योगदान के संबंध में जानकारी दी. सीएसआईआर-एनएमएल के पूर्व निदेशक डॉ इंद्रनील चट्टोराज इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने सीएसआईआर-एनएमएल और खनिज, धातु और सामग्री के क्षेत्र में पिछले 74 वर्षों के ऐतिहासिक नवाचारों की विरासत को याद किया. भुवनेश्वर स्थित सीएसआईआर-आईएमएमट के निदेशक डॉ रामानुज नारायण ने देश में विशेष रूप से महत्वपूर्ण धातुओं के क्षेत्र में एनएमएल के वैज्ञानिक योगदान की चर्चा की. उन्होंने कहा कि सीएसआईआर हमेशा अग्रणी रहा है और समय-समय पर देश की सेवा में अपनी वैज्ञानिक कुशलता साबित करता रहा है.






### ये हुए पुरस्कृत

समारोह में इस वर्ष डॉ. बी आर निझावन पुरस्कार डॉ स्नेहाशीष त्रिपाठी, डॉ संदीप घोष चौधरी, विकास कुमार साहू, पीएस मनोरंजन जेना, डॉ एस तरफदार को प्रदान किया गया. सर्वोत्तम इन-हाउस प्रोजेक्ट के लिए प्रो शीलभद्र बनर्जी पुरस्कार डॉ एसके झा, डॉ गोपी किशोर मंडल पुरस्कार प्रदान किया गया. जबकि महेश गुलाब वालुंज को उत्पादों के वैकल्पिक उन्नत उच्च शक्ति वाले स्टील्स पर नैनोस्ट्रक्चर्ड संक्षरण और पाउडरिंग प्रतिरोधी के संरचनागत रूप से मॉड्यूलेटेड मल्टीलेयर (सीएमएम) जेएन मिश्र धातु कोटिंग्स की इलेक्ट्रोफैब्रिकेशन परियोजना के लिए प्रदान किया गया. सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार प्रो पी रामचन्द्र राव पुरस्कार तकनीकी श्रेणी में रामचन्द्र महतो, शैलेंद्र कुमार और गैरतकनीकी श्रेणी में अजय तिर्की व सलीम अंसारी को प्रदान किया गया. धन्यवाद ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी आदित्य मैनक ने किया.

### किस क्षेत्र में कौन सा पुरस्कार

इस अवसर पर सीएसआईआर-एनएमएल की ओर से कर्मचारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के बच्चों को पुरस्कृत किया गया. स्टाफ के मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि ने पारंपरिक रूप से कई पुरस्कार प्रदान किए. पुरस्कारों के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ लाइसेंस प्राप्त करने या व्यावसायीकरण प्रौद्योगिकी के लिए वीए अल्टेकर पुरस्कार, सर्वोत्तम पेपर प्रकाशन के लिए बीआर निझावन पुरस्कार और वर्ष 2022 के दौरान पूर्ण किए गए सर्वश्रेष्ठ इन-हाउस प्रोजेक्ट के लिए प्रो शीलभद्र बनर्जी पुरस्कार प्रदान किया गये. वर्ष 2022 के दौरान तकनीकी एवं गैरतकनीकी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के लिए प्रो पी रामचंद्र राव पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में एनएमएल स्टाफ के बच्चों को कई मेधावी पुरस्कार प्रदान किए गए.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# फायर सेफ्टी के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा से लेकर डिग्री के कोर्स से बना सकते हैं कॅरियर

**फायर सेफ्टी कोर्स एक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम है और इस पाठ्यक्रम को पूरा कर कॅरियर बना सकते हैं. सर्टिफिकेट, डिप्लोमा से लेकर डिग्री स्तर के पाठयक्रम देश भर के अलग-अलग संस्थानों में संचालित हैं. पाठयक्रम में अग बुझाने की तकनीक से लेकर लोगों की जिंदगियां बचाने संबंधी जानकारियां विस्तार से दी जाती है. वर्तमान में इलेक्ट्रिक मशीनों व उपकरणों का ज्यादा उपयोग होने से अगलगी की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं. इस कारण बहुत से लोगों की बेवजह जान जा रही है. फायर सेफ्टी कोर्स में आग पर काबू पाने के तरीकों के बारे में बताया जाता है. इसके साथ ही इसमें आर्किटेक्चर व बिल्डिंग निर्माण के बारे में भी सिखाया जाता है, ताकि फायर सेफ्टी वर्कर को आग बुझाने के लिए रास्ता खोजने में कोई परेशानी न हो.**

### सर्टिफिकेट कोर्सेज

- फायरमैन प्रशिक्षण में प्रमाण पत्र
- आपदा प्रबंधन में प्रमाण पत्र
- सुरक्षा और अग्नि निवारण में प्रमाण पत्र
- आईटीआई कोर्सेज
- आईटीआई फायरमैन कोर्स
- आईटीआई अग्नि प्रौद्योगिकी और सुरक्षा प्रबंधन कोर्स
- फैकल्टी कोर्सेज
- अग्नि एवं सुरक्षा प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा
- फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
- अग्नि एवं सुरक्षा प्रबंधन में डिप्लोमा

### बैचलर्स कोर्सेज

- बीएससी अग्नि और सुरक्षा
- बीएससी अग्नि सुरक्षा और खतरा प्रबंधन
- बीएससी अग्नि एवं औद्योगिक सुरक्षा
- बीटेक फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग
- अग्नि एवं सुरक्षा प्रबंधन में बीई
- पीजी कोर्सेज
- अग्नि एवं सुरक्षा प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा
- अग्नि सुरक्षा और खतरा प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा

### फायर सेफ्टी कोर्स में क्या-क्या पढ़ाई होती है

- फायर टेक और डिजाइन
- निर्माण सुरक्षा
- औद्योगिक सुरक्षा
- पर्यावरण संबंधी सुरक्षा
- प्रैक्टिकल
- आग लगने की स्थिति में लोगों की सुरक्षा
- आग जोखिम आकलन
- फायर इंजीनियरिंग साइंस का फंडामेंटल
- फायर कंट्रोल टेक्नोलॉजी
- फायर फाइटिंग ड्रिल्स- I
- फायर सेफ्टी जॉब के लिए योग्यता
- फायर सेफ्टी जॉब के लिए सामान्य योग्यता के साथ ही साथ शारीरिक योग्यता भी आती है.




### फायर एंड सेफ्टी कोर्स

अग्नि एवं सुरक्षा पाठ्यक्रम में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन से लेकर मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम शामिल हैं. इन पाठ्यक्रमों को पूरा कर फायर फाइटिंग एवं सेफ्टी के क्षेत्र में कॅरियर बना सकते हैं.

### योग्यता

**सामान्य योग्यता**

एक फायर फाइटर की नौकरी के योग्य होने के लिए 10 2 परीक्षा पास होना जरूरी है. उम्मीदवार के पास डिप्लोमा या डिग्री भी होनी चाहिए. इसके अलावा लिखित और फिजिकल टेस्ट भी होते हैं ,जिन्हें उम्मीदवार को पास करना होता है. ऐसे सर्टिफिकेशन प्रोग्राम भी हैं ,जो फायर साइंस क्लासेज की पेशकश करते हैं. नौकरी पर जाने से पहले उम्मीदवार को भी फायर फाइटर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है. कुछ मामलों में एक अग्निशामक को भी मेडिकल और पॉरामेडिकल नॉलेज की आवश्यकता होती है.

**शारीरिक योग्यता**

जॉब पाने में सबसे पहले शारिरिक योग्यता का परीक्षण किया जाता है. पुरुषों के लिए 165 सेमी लंबाई के साथ 50 किग्रा वजन होना चाहिए. इनका सीना सामान्य रूप से 81 सेमी व फुलाने पर 5 सेमी बढ़ा होना चाहिए. आंखों की रोशनी 6/6 मांगी जाती है. महिलाओं के लिए 157 सेमी लंबाई के साथ 46 किग्रा वजन होना अनिवार्य है. इनकी भी आंखों की रोशनी 6/6 होनी चाहिए.

### विदेश की टॉप यूनिवर्सिटीज

- अग्नि व सुरक्षा पाठ्यक्रम से जुड़ी दुनिया की बेस्ट यूनिवर्सिटीज से आप इस कोर्स को कर सकते हैं.
- फायर एंड सेफ्टी कोर्स के लिए विदेश की टॉप यूनिवर्सिटीज
- आपको अग्नि एवं सुरक्षा पाठ्यक्रम से जुड़े बेस्ट संस्थान की लिस्ट दी जा रही है, जहां से आप इस कोर्स को कर सकते हैं.

### आवश्यक दस्तावेज

- आधिकारिक शैक्षणिक प्रमाण पत्र
- स्कैन किए हुए पासपोर्ट की कॉपी
- आईईएलटीएस या टीओईएफएल, आवश्यक टेस्ट स्कोर
- व्यावसायिक/शैक्षिक एलओआर
- एसओपी
- निबंध (यदि आवश्यक हो)
- पोर्टफोलियो (यदि आवश्यक हो)
- अपडेट किया गया सीवी / रिज्यूमे
- पासपोर्ट और छात्र वीजा

### कोर्स अवधि और योग्यता

- अग्नि-सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन में डिप्लोमा 1 वर्ष : 10वीं कक्षा या उससे ऊपर
- फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग में डिप्लोमा 1 साल : 10वीं कक्षा या उससे ऊपर
- औद्योगिक सुरक्षा में डिप्लोमा 1 वर्ष : 10वीं 2 (विज्ञान)/2 वर्ष की डिग्री
- फायर सब ऑफिसर में डिप्लोमा 1 वर्ष : _ 10वीं 2
- सुरक्षा प्रबंधन में डिप्लोमा 1 वर्ष : 10वीं कक्षा या उससे ऊपर
- अग्नि सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा 1 वर्ष : ग्रेजुएशन
- औद्योगिक सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा 1 वर्ष : बीएससी/डिप्लोमा/बीई/बीटेक
- पीजी डिप्लोमा स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण 1 वर्ष : बीएससी/डिप्लोमा/बीई/बीटेक
- औद्योगिक सुरक्षा में एडवांस डिप्लोमा 1 वर्ष के साथ बीएससी/डिप्लोमा/बीई/बीटेक : औद्योगिक एक्सपर्ट
- सुरक्षा प्रबंधन में एडवांस डिप्लोमा 1 वर्ष : ग्रेजुएशन
- बीएससी अग्नि-सुरक्षा और खतरा प्रबंधन (पार्श्व प्रवेश) 1 वर्ष/2 वर्ष : एचएससी विज्ञान या समकक्ष 1/2 वर्ष, अग्नि एवं सुरक्षा डिप्लोमा
- फायर में बीटेक 4 वर्ष : 10वीं 2 (विज्ञान)/2 वर्ष आईटीआई या समकक्ष
- एमबीए फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट 2 साल : ग्रेजुएशन

### ओटावा विश्वविद्यालय कनाडा

**विदेश के विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया :** आपकी आवेदन प्रक्रिया का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स चुनना है, जिसके लिए आप एआई पाठ्यक्रम फाइनडर की सहायता लेकर अपने पसंदीदा कोर्स को शॉर्टलिस्ट कर सकते हैं. एक्सपर्ट्स से कॉन्टैक्ट के पश्चात वे कॉमन डैशबोर्ड प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई विश्वविद्यालयों की आपकी आवेदन प्रक्रिया शुरू करेंगे. अगला कदम में अपने सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज एसओपी, एलओआर और आवश्यक टेस्ट स्कोर जैसे आईईएलटीएस, टीओईएफएल, एसएटी, एसीटी आदि को सुव्यवस्थित करना है. यदि आपने अभी तक अपनी आईईएलटीएस, टीओईएफएल, पीटीई, जीमैट, जीआरई आदि परीक्षा की तैयारी नहीं की है, जो निश्चित रूप से विदेश में अध्ययन करना एक महत्वपूर्ण कारक है. आप ली लाइव क्लास में शामिल हो सकते हैं. ऐसे क्लास में शामिल होने से आपको अपने टेस्ट में उच्च स्कोर प्राप्त करने का एक महत्त्वपूर्ण मौका मिल सकता है. आपका एप्लीकेशन और सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद, एक्सपर्ट्स आवास, छात्र वीजा और छात्रवृत्ति / छात्र लोन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करेंगे. इसके बाद आपको प्रस्ताव पत्र की प्रतीक्षा करना है, जिसमें लगभग 4-6 सप्ताह या उससे अधिक समय लग सकता है. ऑफर लेटर आने के बाद उसे स्वीकार कर आवश्यक सेमेस्टर शुल्क का भुगतान आपके आवेदन प्रक्रिया का अंतिम चरण है.

### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट पर साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें, जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- आवेदन फॉर्म जमा करने के साथ आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है, तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें, फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन कर सूची जारी की जाएगी.

### फायर सफेटरी ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट

- कंस्ट्रक्शन फर्म
- आर्म्ड फॉर्स
- सरकारी फायर फाइटर विभाग
- तेल की कंपनियाँ
- रिफाइनरीज
- केमिकल प्लांट
- इंडस्ट्रीज
- सरकारी विभाग
- बिजली बोर्ड
- जॉब प्रोफाइल्स

### जॉब प्रोफाइल्स

- सेफ्टी इंजीनियर
- सुरक्षा अधिकारी
- फायरमैन
- प्रशिक्षक
- सुरक्षा सलाहकार
- फायर ऑफिसर
- स्टेशन मास्टर
- सेफ्टी सुपरवाइजर

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)